संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    नई दिल्ली, सोमवार, 20 जनवरी 2025 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आंध्र प्रदेश के 10वीं बटालियन एनडीआरएफ परिसर और एनआईडीएम दक्षिणी परिसर का उद्घाटन किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23    वर्षः 19 अंकः 20 पृष्ठः 12    RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com    राष्ट्रीय संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## जाह्नवी शर्मा से अपने आवास पर मिले नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला:** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिमला स्थित अपने आधिकारिक आवास पर आज जाह्नवी शर्मा से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्ति की। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार की लापरवाही की वजह से जाह्नवी के पिता की जान गई है और अब सरकार अपनी नाकामी स्वीकार करने की बजाय पीड़ित परिवार पर ही आरोप लगाकर और भी बड़ा पाप कर रही है। एक बेटी के सर से पिता का साया उठ गया है और सरकार उस पर भी घटिया राजनीति कर रही है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल्य जी कह रहे हैं कि इंजेक्शन उपलब्ध नहीं था आगे से ऐसा न हो इसके लिए इंजेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। सरकार दूसरी तरफ विभाग से बयान जारी करवा कर साबित करना चाह रही है कि पीड़िता इंजेक्शन लेने ही नहीं आई और सरकार द्वारा इलाज पर पैसा खर्च किया गया। सरकार द्वारा पैसा खर्च करके कोई एहसान नहीं किया गया। पीड़ित परिवार द्वारा हिम केयर का प्रीमियम भरा गया है।

# विकास के साथ विरासत को सहेजना है: मोदी

● मतदान प्रक्रिया को आधुनिक और मजबूत बनाने के लिए चुनाव आयोग को धन्यवाद दिया

**उपलब्धियां**

▶▶ प्रधानमंत्री ने कुंभ से लेकर अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों से श्रोताओं को अवगत कराया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में मतदान प्रक्रिया को आधुनिक और मजबूत बनाने के लिए चुनाव आयोग को धन्यवाद दिया और साथ ही देशभर में निष्पक्ष चुनाव कराने की आयोग की प्रतिबद्धता की सराहना की। चुनाव आयोग की स्थापना के दिन 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने इसका जिक्र करते हुए देशवासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने मताधिकार का उपयोग करने और देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त करने की अपील की। मन की बात का 118वां एपीसोड अगले सप्ताह गणतंत्र दिवस आयोजन के चलते अंतिम रविवार के स्थान पर तीसरे रविवार को प्रसारित किया गया। इस एपीसोड में प्रधानमंत्री ने कुंभ से लेकर अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों से श्रोताओं को अवगत कराया और देश में हो रहे पर्यावरण और समाज परिवर्तन के कार्यों की जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात में संविधान लागू होने के 75 वर्ष पूरे होने पर संविधान सभा में चचाओं में भाग लेते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के ऑडियो क्लिप सुनाएं। इसमें डॉ. अंबेडकर ने संविधान सभा को एक मत होने, डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारत के मानवीय मूल्यों और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अवसरों की समानता पर अपनी बात रख रहे थे। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित कुंभ, दक्षिण की नदियों के तटों पर आयोजित होने वाले पुष्करम और पश्चिम बंगाल के गंगा सागर मेले के सुंदर आयोजनों और विहंगम दृश्यों को मन की बात का हिस्सा बनाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पर्व भारत के लोगों को भारत की परंपराओं से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं कोई भेदभाव या जातिवाद नहीं है, तभी तो कुंभ को एकता का महाकुंभ कहा जाता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार उत्तर भारत में प्रयागराज, उज्जैन, नासिक और हरिद्वार में कुंभ का आयोजन होता है।
इसी प्रकार दक्षिण में गोदावरी, कृष्णा, नर्मदा और कावेरी नदी के तटों पर पुष्करम का आयोजन होता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में गंगा सागर मेले में संक्रांति के अवसर पर पूरी दुनिया से आए लाखों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। पीएम ने कहा कि हमारी संस्कृति और विरासत हमें आस-पास के पशु-पक्षियों के साथ प्यार से रहना सिखाती है। ये हम सभी के लिए बहुत खुशी की बात है, कि बीते दो महीनों में, हमारे देश में दो नए टाइगर रिजर्व जुड़े हैं। इनमें से एक है छत्तीसगढ़ में गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व और दूसरा- मध्य प्रदेश में रातापानी टाइगर रिजर्व।
अरुणाचल प्रदेश में दीपक नाबाम जी ने सेवा की अनूठी मिसाल पेश की है।




## पिछले साल स्टार्टअप रजिस्ट्रेशन में 200 से अधिक की बढ़ोतरी हुई




**पीएम** ने कहा कि उन्होंने इस बात पर खुशी जाहिर की कि पिछले दो महीनों में भारत ने दो नए टाइगर रिजर्व जोड़े हैं– छत्तीसगढ़ में गुरु घासीदास–तमोर पिंगला और मध्य प्रदेश में रातापानी। प्रधानमंत्री ने टायर टू और टायर थ्री शहरों में लगातार बढ़ते स्टार्टअप्स कल्चर की सराहना की। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों में स्टार्टअप इंडिया के 9 साल पूरे हुए हैं। यह हर हिन्दुस्तानी के लिए खुशी का विषय है। अंबाला, हिसार, कांगड़ा, चैंगलपट्टू, बिलासपुर, ग्वालियर और वाशिम जैसे शहरों में स्टार्टअप के केंद्र बन रहे हैं। नागालैंड राज्य में भी पिछले साल स्टार्टअप रजिस्ट्रेशन में 200 से अधिक की बढ़ोतरी हुई है।

## पीएम ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में स्पेस डॉकिंग की उपलब्धि का जिक्र किया



**वर्ष**–2025 में भारत की अंतरिक्ष में ऐतिहासिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस पर हम सभी भारतीयों को गर्व करना चाहिए। उन्होंने इस दौरान भारतीय स्पेस टैक स्टार्टअप बेंगलुरु के पिक्सेल के बारे में बताया जिसने भारत का पहला निजी सैटेलाइट कांस्टेलेशन फायरफ्लाई सफलतापूर्वक पर लॉन्च किया है। उन्होंने अंतरिक्ष के क्षेत्र में स्पेस डॉकिंग की उपलब्धि का जिक्र किया। वहीं, उन्होंने बताया कि आईआईटी मद्रास का एक्सटेमकेंद्र अंतरिक्ष में मैन्युफैक्चरिंग के लिए कई नई तकनीक का पर काम कर रहा है।
मन की बात में इस बार भी प्रधानमंत्री ने पर्यावरण की दृष्टि से देशभर में हो रहे सराहनीय कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि असम के नौगांव में हाथियों से जुड़ी कई घटनाएं होती थी। इसको देखते हुए गांव वालों ने हाथी बंधु नाम से एक टीम बनाई और करीब 800 बीघा बंजर भूमि को घास युक्त किया। इसके चलते हाथियों का आबादी और खेतों में जाना काम हो गया।

## महाकुंभ मेला क्षेत्र में आग लगी, 50 टेंट जले



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज: प्रयागराज में** महाकुंभ मेला क्षेत्र में शास्त्री ब्रिज के नीचे पंडालों में भीषण आग लग गई थी। यह आग मेले क्षेत्र के सेक्टर 19 में सिलेंडर फटने से लग गई थी। जिसमें 50 टेंट आग में जल गए। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 15-16 गाड़ियां मौके पर भेजी गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। आग की घटना के बाद अस्पताल में तैयारी की गई है। गनीमत है कि अभी तक किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ घटनास्थल का जायजा लेने के लिए मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित क्षेत्र का मुआयना करके अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।
महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर-19 में पांटून पुल 12 स्थित अखिल भारतीय धर्म संघ श्रीकरपात्री धाम वाराणसी के शिविर में आग लगी थी। इसके बाद अन्य शिविर भी आग की चपेट में आ गए, और उनमें रखे एलपीजी सिलेंडर भी धमाके के साथ फटने लगे थे। रुक-रुककर सिलेंडर फट रहे थे। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, इस हादसे में 19 में सिलेंडर फटे। इसके बाद एहतियातन केंद्रीय अस्पताल महाकुंभ में 10 चिकित्सकों को इमरजेंसी में बुलाया गया। एसआरएन अस्पताल को भी अलर्ट मोड पर किया गया है। मुख्यमंत्री योगी ने आग लगने की घटना का संज्ञान लिया है।

**धुआं करीब 300 फीट ऊपर तक उठ रहा था**

**आग** लगने के दो मिनट बाद फायरब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचीं। दस मिनट मशक्कत के बाद भी आग नहीं बुझ सकी, इसके बाद अन्य टीमों ने भी आग बुझाने के लिए मोर्चा संभाला। आग बढ़ते-बढ़ते करीब 100 वर्ग मीटर से ज्यादा फैल गई। आग की लपटें 30 फीट ऊंचाई तक उठ रही थीं।अफरा-तफरी के बीच अफसर भी मौके पर भागते नजर आए।

## राहुल गांधी का व्हाइट टी-शर्ट मूवमेंट शुरू



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने रविवार को गरीब और मेहनतकश वर्ग के लिए व्हाइट टी-शर्ट मूवमेंट अभियान शुरू किया है। कांग्रेस का कहना है कि व्हाइट टी सिर्फ कपड़े का टुकड़ा नहीं, बल्कि संविधान की रक्षा और न्याय के लिए खड़े होने का प्रतीक है। पार्टी ने आगे कहा कि आज मेहनतकश वर्ग मोदी सरकार की गलत नीतियों की वजह से भयंकर दबाव में जी रहा है। बढ़ रही महंगाई ने इनके सपने को तोड़ दिया है। कंपनियां तो फायदे में हैं, लेकिन इनकी आमदनी नहीं बढ़ रही है। जिंदगी और बदतर होती जा रही है। मेहनतकश वर्ग उत्पीड़न, हिंसा और शोषण का शिकार होते जा रहे हैं। देश में धन असमानता सभी बड़ी समस्या है। जाति और धर्म के आधार पर ये खाई और बड़ी है। इस खाई को हमें पाटना हैं।

**कैंपेन को लेकर राहुल के 2 बयान....**

मोदी का फोकस अमीरों को अमीर करने पर मोदी सरकार ने गरीब और मेहनतकश वर्ग से अपना मुंह मोड़ लिया है। उन्हें पूरी तरह से उनके हाल पर छोड़ दिया है। सरकार का पूरा ध्यान सिर्फ गिने चुने पूंजीपतियों को ही और समृद्ध करने पर है। इस वजह से असमानता लगातार बढ़ती जा रही है और खून-पसीने से देश को सींचने वाले श्रमिकों की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। वे तरह-तरह के अन्याय और अत्याचार झेलने को मजबूर हैं। गरीबों को न्याय दिलाने के लिए कैंपेन से जुड़ें ऐसे में हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि हम मिलकर उन्हें न्याय और हक दिलाने के लिए मजबूती से आवाज उठाएं।

## अश्विनी दावोस में विश्व आर्थिक मंच 2025 में भाग लेंगे

**नई दिल्ली:** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) 2025 में भाग लेंगे। दावोस रवाना होने से पहले वैष्णव ने समाज के सभी वर्गों, खासतौर पर ऐतिहासिक रूप से प्रगति से वंचित लोगों के लिए विकास सुनिश्चित करने में भारत की प्रमुख कोशिशों पर जोर दिया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित किया है, जो समाज के सबसे निचले तबके के लोगों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाता है।




आम आदमी पार्टी के संयोजक व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को एक और चुनावी घोषणा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर सरकारी कर्मचारियों के लिए मकान बनाए जाएंगे और इन मकानों को आसान किश्त में खरीदा जा सकेगा।

## राहुल गांधी के खिलाफ असम में गैर जमानती एफआईआर

**केस दर्ज**

▶▶ आरोप है कि राहुल ने भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले बयान दिए

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुवाहाटी: कांग्रेस** सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ गुवाहाटी के पान बाजार पुलिस स्टेशन में शनिवार को एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि राहुल ने भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले बयान दिए। बीएनएस की धारा 152 के तहत दर्ज एफआईआर गैर जमानती है। यानी अगर राहुल की गिरफ्तारी होती है तो उन्हें जमानत के लिए सीधे कोर्ट जाना पड़ेगा। एफआईआर गुवाहाटी हाईकोर्ट के वकील मोनजीत चेतिया ने दर्ज कराई है।

## दिल्ली में भी बनेगी एनडीए की सरकार: अमित शाह



**टीम एक्शन इंडिया**
**विजयवाड़ा: केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने रविवार को आंध्र प्रदेश के गन्नावरम मंडल के कोंडा पावुलुरू में 10वीं बटालियन एनडीआरएफ परिसर और एनआईडीएम दक्षिणी परिसर का उद्घाटन किया। इस दौरान आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब कोई आपदा भगवान द्वारा भेजी जाती है, तो एनडीआरएफ मदद के लिए आती है। जब कोई आपदा मानव निर्मित होती है तो एनडीए मदद के लिए आती है। महाराष्ट्र और हरियाणा में भारी जीत के बाद एनडीए 2025 में दिल्ली में सरकार बनाएगी।
केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 2014 से 2019 के बीच संभावनाओं से भरा राज्य आंध्र प्रदेश मानव निर्मित आपदा के कारण पीड़ित रहा। अब आपको उन बर्बाद हुए पांच वर्षों के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। पीएम मोदी और सीएम नायडू की जोड़ी यहां विकास की रफ्तार को तीन गुना तेज करेगी। नरेंद्र मोदी सरकार आंध्र प्रदेश के विकास के लए चंद्रबाबू नायडू के साथ चट्टान की तरह खड़ी है।

**दावा**

▶▶ महाराष्ट्र और हरियाणा में भारी जीत के बाद एनडीए 2025 में दिल्ली में सरकार बनाएगी: शाह

## सैफ पर हमला, एक गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई:** बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान के घर में घुसकर हमला करने के मामले में मुंबई पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस ने रविवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि आरोपी को शनिवार रात 2 बजे ठाणे के एक लेबर कैंप से गिरफ्तार किया गया।
मुंबई पुलिस के ऊढ गेदाम दीक्षित ने बताया कि बताया कि आरोपी चोरी करने के इरादे से एक्टर के घर में घुसा था। उसके पास भारत का कोई वैध दस्तावेज नहीं है। उसके पास जो चीजें मिली हैं, उनके आधार पर बांग्लादेशी होने का शक है। मुंबई पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 5 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया। आरोपी हमलावर है या नहीं, पुलिस बोली- जांच चल रही इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस ने यह तो कहा कि आरोपी सैफ अली खान के घर में घुसा था, लेकिन पुलिस ने इसका स्पष्ट जवाब नहीं दिया कि इसी आरोपी ने सैफ पर हमला किया था या नहीं।

**पीठ थपथाई** यह खुशी की बात है कि देश में अंबाला व हिसार जैसे शहर भी स्टार्टअप के केंद्र बन रहे हैं: पीएम मोदी

## हरियाणा सरकार युवाओं को स्टार्टअप के लिए कर रही प्रोत्साहित: सीएम सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने आज वर्ष 2025 के अपने पहले 'मन की बात' कार्यक्रम में हरियाणा के अंबाला व हिसार के स्टार्टअप का जिक्र करते हुए कहा कि यह खुशी की बात है कि देश में अंबाला व हिसार जैसे शहर भी स्टार्टअप के केंद्र बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्टार्टअप कल्चर मात्र बड़े शहरों तक ही सीमित नहीं है। छोटे शहरों के स्टार्टअप में आधे से ज्यादा का नेतृत्व हमारी बेटियां कर रही हैं। इसके लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को कैथल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के कार्यक्रम के 118वें प्रसारण को सुना। इस मौके पर विधायक सतपाल जांबा, पूर्व मंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा व पूर्व विधायक लीलाराम भी उपस्थित थे मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की समाप्ति के बाद कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में हरियाणा के अंबाला व हिसार के स्टार्टअप का जिक्र करते हुए उनकी प्रशंसा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में भी ऐसे कई युवा हैं, जिनके स्टार्टअप आज मिसाल कायम कर रहे हैं और उनका टर्नओवर लगभग 100 करोड़ से 200 करोड़ रुपए का है। राज्य सरकार स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए 2025-26 के आगामी बजट में नई योजनाओं पर सक्रियता से कर रही विचार उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हरियाणा को एक अग्रणी स्टार्टअप हब के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया के उद्देश्यों के साथ तालमेल बिठाते हुए राष्ट्रीय स्टार्टअप इकोसिस्टम में हरियाणा को एक प्रमुख प्लेयर के रूप में स्थापित करने के लिए समर्पित प्रयास कर रही है। इसका उद्देश्य न केवल प्रदेश के आर्थिक विकास को गति देना है, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करना भी है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि हरियाणा देश भर में नवाचार और उद्यमिता के केंद्र के रूप में अपनी एक विशिष्ट पहचान हासिल कर सके।

**प्रभावी प्रबन्धन**

▶▶ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया

## भारत में इज ऑफ डूइंग बिजनेस हुआ मुश्किल: जयराम रमेश



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: कांग्रेस ने आरोप** लगाया है कि पिछले 10 साल में भारत में इज ऑफ डूइंग बिजनेस यानी व्यापार करने में आसानी को अनइज ऑफ डूइंग बिजनेस यानी व्यापार करने में असुविधा में बदल दिया गया है। कांग्रेस ने इसके तीन कारण बताते हुए आगामी बजट में रेड राज और कर आतंक को खत्म करने की मांग की। रविवार को कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि सरकार को आगामी बजट में रेड राज और कर आतंक को खत्म करना होगा। उत्पादन क्षेत्र की नौकरियों की रक्षा करने के लिए कार्रवाई करनी होगी और वेतन और क्रय शक्ति को बढ़ाने के लिए निर्णायक कदम उठाने होंगे। कांग्रेस नेता रमेश ने कहा कि पिछले दशक में देश में निजी निवेश में कमी देखने को मिली है। निवेश का सबसे बड़ा भाग निजी घरेलू निवेश 2014 के बाद से लगातार कमजोर हो रहा है। डॉ मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान यह मजबूती से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 25 से 30 प्रतिशत के बीच में रहा था। पिछले 10 वर्षों में यह गिरकर 20 से 25 प्रतिशत पर आ गया है। निवेश में कमी के साथ-साथ उच्च नेट वर्थ वाले लोगों का बड़े पैमाने पर पलायन भी हुआ है। पिछले एक दशक में 17.5 लाख से अधिक भारतीयों ने दूसरे देशों की नागरिकता ली है। एक अनुमान के मुताबिक 2022 से 2025 के बीच 21,300 अरबपतियों ने भारत छोड़ा है।

# अयोध्या में ऑनलाइन कमरा बुक करने के नाम पर धोखाधड़ी

## एडवांस बुकिंग के नाम पर लिये 6 हजार रुपये; बरतें ये सावधानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** साइबर ठग अब तीर्थ स्थलों पर कमरे बुक करने के नाम पर भी ठगी कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। जब अयोध्या में दो कमरे बुक करने के नाम पर छह हजार रुपये एडवांस मंगाकर हड़प लिए गए। इस संबंध में पीड़ित मनोज जैन ने नंदग्राम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि नवंबर माह में उन्होंने 25-26 दिसबंर को अयोध्या जाने का प्लान बनाया। ठहरने के लिए अयोध्या में कमरे बुक करने के लिए ऑनलाइन सर्च किया। इंटरनेट पर बिरला धर्मशाला के बारे में जानकारी हुई।

**एडवांस के नाम पर ठग लिए छह हजार:** उन्होंने इंटरनेट के माध्यम से नंबर लेकर फोन किया तो उनसे छह हजार रुपये एडवांस जमा करने के लिए कहा गया। रुपये जमा करने के बाद दोबारा पीड़ित के पास फोन आया कि अभी रुपये नही मिले हैं, यदि कमरे बुक करने हैं तो पैसे दोबारा भेजने होंगे। इससे पीड़ित को शक हुआ, उन्होंने अयोध्या में रहने वाले अपने एक जानकार को फोन किया तो पता चला कि यह एक स्कैम है, जो कमरे बुक करने के नाम पर किया जा रहा है। कई धर्मशालाओं के नाम से इंटरनेट पर साइबर ठग ने अपने नंबर अपलोड कर रखे हैं। इससे पहले भी अयोध्या में इस तरह के केस आ चुके हैं। डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, जल्द ही आरोपित को पकड़ा जाएगा।




**बरतें ये सावधानी**

- आवाजाही या ठहरने के लिए कोई भी वाहन या होटल, धर्मशाला बुक करते समय चेक कर लें कि सर्विस मुहैया कराने वाले विश्वसनीय हैं या नहीं ।
- यदि असली वेबसाइट और नकली वेबसाइट पहचानने में परेशानी हो तो ऑनलाइन बुकिंग न करें।
- यदि आप साइबर ठगी के शिकार हो जाते हैं तो इसकी शिकायत

**घर बैठे कमाई का लालच देकर युवक को फंसाया:** उधर, एक अन्य मामले में घर बैठे कमाई का लालच देकर साइबर ठगों ने क्रॉसिंग रिपब्लिक में रहने वाले युवक से 10.27 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता सचिन शर्मा ने पुलिस को बताया कि उनके पास वाट्सएप पर एक मार्केटिंग कंपनी की ओर से मैसेज आया। मैसेज करने वाले व्यक्ति ने खुद को मार्केटिंग कंपनी में एचआर के पद पर कार्यरत बताते हुए घर बैठे सोशल मीडिया पर टास्क पूरा करने पर कमाई का लालच दिया। आरोपित ने उनको रेस्तरां का रिव्यू करने का टास्क दिया। शुरूआत में टास्क पूरा करने पर सचिन को 1,010 रुपये दिए। इसके बाद और ज्यादा कमाई करने के नाम पर उनसे निवेश करने के लिए कहा। इसके लिए आरोपित ने फर्जी वेबसाइट भी तैयार कर रखी थी। सचिन शर्मा लालच में फंस गए और साइबर ठगों ने उनसे 10.27 लाख रुपये अपने बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद जब रकम वापस मांगी तो आरोपित ने उनसे और रुपये जमा कराने के लिए कहा, ठग ने सचिन से कहा कि अकाउंट बंद हो गया है। उसे दोबारा चालू करने के लिए रुपये जमा करने होंगे।

# आग लगने से एक महिला और तीन बच्चों की जलकर मौत

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद के लोनी में रविवार की सुबह चार मंजिला मकान में आग लग गई। सूचना पर लोनी और साहिबाबाद फायर स्टेशन से तीन गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। फायर यूनिट ने मकान में फंसे दम्पत्ति और उनके बेटे को गम्भीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना में एक महिला और तीन बच्चों की मौत हो गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) रा?हुल पाल ने बताया गली संकरी होने के कारण फायर यूनिट को ऑपरेशन को अंजाम देने में काफी परेशानी आई। दीवार तोड़कर आग बुझाई गई। टीम ने दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद में आग लगने से हुए हादसे का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि चार खंभा रोड पर गली नंबर-पांच (कंचन पार्क) के चार मंजिला मकान में आग लगी थी। आग ने दूसरे और तीसरे तल को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया था। गली संकरी होने के कारण फायर टेंडर मौके पर जाने की स्थिति नहीं थी। ऐसे में फायर टेंडर बाहर खड़े करके बराबर के मकानों छह हौज पाइप डाले गए। बराबर के मकान पर चढ़कर दीवार तोड़ी गई और उसके बाद आग पर काबू पाया गया। जीना संकरा होने के कारण टीम को ऊपर तक जाने में बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ा। संकरे जीने में सामान भी रखा हुआ था और धुआं भर गया था। फायर टीम ने मुश्किल परिस्थितियों के खुद बचाते हुए मकान में फंसे लोगों को बाहर निकाला और स्थानीय लोगों व पुलिस के सहयोग से अस्पताल पहुंचाया। मौके पर मौजूद पड़ोसियों ने बताया कि मकान में परिवार फंसा हुआ है। फायर यूनिट ने आग को शांत कर तुरंत अंदर प्रवेश किया गया और फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। इनमें महिला 32 वर्षीय गुलबहार पत्नी शाहनवाज, पुत्र आठ वर्षीय शान, नौ वर्षीय जान पुत्र शाहनवाज और जीशान पुत्र शमसाद बेहोशी के हालत में पाए गए। सभी को स्थानीय पुलिस व जनसमूह द्वारा हॉस्पिटल भर्ती कराया गया। घटना में गुलबहार, जीशान, अयान और शान की मौत हो गई।

**दर्दनाक हादसा**

- सूचना पर लोनी और साहिबाबाद फायर स्टेशन से तीन गाड़ियां मौके पर भेजी गई



# फोन लूटने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: क्राइम** यूनिट सेक्टर-27 सोनीपत पुलिस टीम ने मारपीट कर गाड़ी से कंबल, रुपये व फोन लूटने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। आरोपित मंदीप निवासी पावटी पानीपत, आजाद उर्फ साहिल निवासी यूपी का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। गांव अन्नत गोंडा उत्तर प्रदेश निवासी कृष्णा ने गत 17 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह अपनी गाड़ी में कंबल के 62 बोरे भरकर देर रात को पानीपत से दिल्ली के लिए निकला था। वह बहालगढ़ पुल से पहले गाड़ी से उतरकर पेशाब करने के लिए रूका। उसी दौरान अज्ञात गाड़ी से उतरकर आए युवकों ने उसे जबरदस्ती गाड़ी में डाल लिया। उसके बाद उसे खेत में पेड़ से बांधकर चले गए। उससे रुपये व मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। मामले को लेकर गाड़ी मालिक को अवगत करवाया। जीपीएस के जरिए गाड़ी की लोकेशन पता की। गाड़ी नेशनल हाईवे पर खड़ी मिली। उसमें से 50 बोरे कंबल गायब मिले।

# ढाई घंटे में 274 लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद :** सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने के मामलों की रोकथाम के लिए चलाए गए अभियान के तहत शनिवार रात को पुलिस ने ढाई घंटे के अंदर 274 लोगों को शराब पीते हुए पकड़ लिया। पुलिस उनको हिरासत में लेकर थाने ले गई। वहां उनके खिलाफ धारा-34 के अंतर्गत चालानी कार्रवाई की गई। डीसीपी नगर राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सार्वजनिक स्थलों पर खड़े होकर शराब पीने की घटनाओं से आने जाने वाले लोगों को दिक्कत होती है। कई बार विवाद की स्थिति भी बन जाती है। शाम साढ़े सात बजे से पुलिस ने नगर क्षेत्र के छह थानों में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया गया। कई लोग ऐसे मिले, जिन्होंने सड़क किनारे या बीच सड़क पर वाहन खड़ा करते हुए शराब पी रहे थे। उनको चेतावनी दी गई। सभी के बयान दर्ज किए गए।

**कार्रवाई**

- पुलिस उनको हिरासत में लेकर थाने ले गई। वहां उनके खिलाफ धारा-34 के अंतर्गत चालानी कार्रवाई की गई

**'साहब तौहीन हो जाएगी, शराब ही छोड़ दूंगा':** आरडीसी में कार में बैठकर शराब पी रहे कविनगर के एक कारोबारी को जब पुलिस ने पकड़ा तो उन्होंने मुंह छिपा लिया। पुलिस ने वीडियो बनाने की कोशिश की तो कहा कि साहब अब छोड़ दो। पकड़ा गया तो तौहीन हो जाएगी। एक मौका दे दो...आगे से शराब ही छोड़ दूंगा। पुलिस ने चेतावनी देकर उनको छोड़ा। इस दौरान उनके साथ बैठे दो लोग भी रफूचक्कर हो गए। 1-कोतवाली-56
2-विजयनगर-47
3-सिहानीगेट-24
4-नंदग्राम 73
5-कविनगर 24


# मादक पदार्थ तस्करी की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: क्राईम** यूनिट सेक्टर-3 की पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्करी की घटना में संलिप्त आरोपित को गांजा सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित शोएब उर्फ सोहित निवासी देवडू का रहने वाला है। टीम ने आरोपित के पास से तीन किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया है। क्षेत्र में मादक पदार्थ तस्करों पर पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। गत वर्ष पुलिस ने 102 मामले मादक पदार्थ तस्करी के दर्ज किए थे। जबकि इन मामलों में कार्रवाई करते हुए 140 नशा तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया था। अब इस कड़ी में पुलिस लगातार नशा तस्करों के बारे में सूचना जुटा रही है ओर फिर ठोस कार्रवाई कर रही है। गत 17 जनवरी को क्राईम युनिट सेक्टर-3, सोनीपत की अनुसंधान टीम में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक राकेश अपनी पुलिस टीम के साथ कुराड बाई पास देवडू चोक के पास मौजूद था। इस दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली की आरोपित शोहेब उर्फ सोहित देवडू फुटकड़ में नशीला पदार्थ गांजा बेचता है। आरोपित देवडु गांव की फिरनी पर बाईपास की तरफ कट्टे में नशीला पदार्थ गांजा सहित खड़ा है। अगर रेड की जाए तो नशीला पदार्थ गांजा सहित काबू आ सकता है। पुलिस टीम सूचना के आधार पर गांव देवडू की फिरनी पर पहुंची तो वहां पर एक युवक खड़ा दिखाई दिया।

# ग्रेटर नोएडा में अर्बन मोबिलिटी इन्फ्रास्ट्रक्चर शो आज से

**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा।** दिल्ली के भारत मंडपम में शुक्रवार से शुरू हुए भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 के तहत अर्बन मोबिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर शो व भारत कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट एक्सपो का रविवार को इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, नॉलेज पार्क में शुभारंभ होगा। 22 जनवरी तक होने वाले इस आयोजन का उद्घाटन वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के सचिव सुनील बार्थवाल करेंगे।

**भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो हो रहा आयोजन:** भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 का आयोजन 17 से 22 जनवरी 2025 तक दिल्ली के भारत मंडपम में किया जा रहा है। भारत मंडपम में छह शो भारत मंडपम के अलावा यशोभूमि में एक व इंडिया एक्सपो सेंटर मार्ट में अर्बन



मोबिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर शो (यूएमआइएस) और भारत कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट एक्सपो (बीसीईई) 19-22 जनवरी तक होंगे। इसका आयोजन इंडिया एक्सपो मार्ट लिमिटेड, इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया, इंडियन कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन और भारतीय उद्योग परिसंघ मिलकर कर रहे हैं।

**अर्बन एयर मोबिलिटी पवेलियन भी बनाया गया:** अर्बन मोबिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर शो को शहरी मोबिलिटी समाधानों और अवसंरचना में सुधार पर केंद्रित किया गया है। जिसमें सतत और कुशल शहरी परिवहन प्रणाली व वाहनों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें अर्बन एयर मोबिलिटी पवेलियन भी बनाया गया है, जिसमें हरित और सुरक्षित शहरी परिवहन के लिए वाहनों एवं उपकरणों को प्रदर्शित किया जाएगा।

**शुभारंभ**

- इक्विपमेंट एक्सपो का रविवार को इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, नॉलेज पार्क में शुभारंभ होगा

**क्या है कार्यक्रम का उद्देश्य ?:** भारत कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट एक्सपो में निर्माण उद्योग को वृद्धि देने वाले निर्माण उपकरण, तकनीकों और नवाचारों का प्रदर्शन होगा। निर्माण उपकरण, शहरी परिवहन और वायु मोबिलिटी से समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए अंतर क्षेत्रीय सहयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, पैनल चर्चा, अत्याधुनिक निर्माण उपकरण, इलेक्ट्रिक वाहन, ड्रोन और शहरी योजना तकनीकों के सजीव प्रदर्शन होगा। आईईएमएल के चेयरमैन डॉ. राकेश कुमार ने कहा, "भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 और यूएमआइएस 2025 अर्बन मोबिलिटी के सभी पहलुओं एयरवेज, रेलवे, और पोर्ट्स व इनलैंड वाटरवेज का एक व्यापक मंच है। उद्योग में प्रभावशाली भागीदारी के साथ, प्रत्येक क्षेत्र अद्भुत नवाचारों का प्रदर्शन करेगा, जो शहरी परिवहन का भविष्य गढ़ेंगे, सतत विकास को बढ़ावा देंगे।" उधर, नोएडा इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (एनआइइटी) ग्रेटर नोएडा में "स्वास्थ्य और कृषि में सटीक प्रौद्योगिकी के माध्यम से प्रगति" पर आधारित 12 दिवसीय फैकल्टी विकास कार्यक्रम का शनिवार को समापन हो गया।

# ट्यूबवेल की तारें व सामान चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: मुरथल** थाना सोनीपत पुलिस ने खेतों से ट्यूबवेल की तारें व अन्य सामान चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सेवाराम निवासी मलिकपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

गांव मलिकपुर निवासी सोनू ने गत 14 जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि किसी ने गत 30 दिसंबर को किसी ने खेत में बने कमरे का ताला तोड़कर ट्यूबवेल की तार व स्टार्टर कमरे में रखे सामान को चोरी कर लिया।

# पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़, गाजियाबाद से एक और बुलंदशहर से दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद/बुलंदशहर :** यूपी पुलिस ने एनकाउंटर के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एक घटना गाजियाबाद के लोनी इलाके की है जबकि दूसरी बुलंदशहर की है। दोनों घटनाओं में बदमाशों ने पहले पुलिस पर गोली चलाई थी, इसके बाद जवाबी कार्रवाई में उन्हे पकड़ लिया गया। मुठभेड़ के बाद एक बदमाश की गिरफ्तारी पर एसीपी लोनी भास्कर वर्मा ने बताया कि पीएस लोनी बॉर्डर सीमा में नियमित पुलिस चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आता हुआ पाया गया। जब पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की तो वह मुड़ गया और फायरिंग करते हुए भागने लगा। जवाबी कार्रवाई में उसके बाएं पैर में गोली लग गई और उसे हिरासत में ले लिया गया।

**पकड़ लिया**

- दोनों घटनाओं में बदमाशों ने पहले पुलिस पर गोली चलाई थी, इसके बाद जवाबी कार्रवाई में उन्हे पकड़ लिया गया

**बुलंदशहर में कार्रवाई:** मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दो बदमाशों को पकड़ा है।

एसपी देहात रोहित मिश्रा ने बताया कि पीएस अरनिया की एक टीम द्वारा संदिग्ध वाहनों और लोगों की नियमित जांच के दौरान हमने एक संदिग्ध वाहन देखा जिसने यू-टर्न लिया और तेजी से निकल गया।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# आदर्श नगर : रामगढ़ गांव में मुकेश गोयल ने चलाया जनसंपर्क अभियान

- जनसंपर्क के दौरान जनता का मिला आशीर्वाद, 5 फरवरी को आम आदमी पार्टी को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए अपील की









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल ने अपने चुनाव प्रचार को और तेज कर दिया है। नुक्कड़ सभा, डोर-टू-डोर अभियान के साथ ही व्यक्तिगत रूप से भी मुकेश गोयल अपना जनसंपर्क कर रहें हैं। इसी कड़ी में मुकेश गोयल ने रामगढ़ गांव की गली न. 06 में जनसंपर्क किया। इस दौरान मुकेश गोयल ने रामगढ़ वासियों को आम आदमी पार्टी की नीतियों से अवगत कराया और कहा कि जो भी वादे आपसे करूंगा, उनको चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद अमलीजामा जरूर पहनाऊंगा।

**मुकेश गोयल का हुआ भव्य अभिनंदन:** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल ने पार्टी की नीतियों को रामगढ़वासियों के बीच लेकर पहुंचे। मुकेश गोयल का रामगढ़वासियों ने जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया। इस मौके पर मुकेश गोयल जिंदाबाद के गगनचुंबी नारे हर ओर सुनाई दे रहे थे। पूरा इलाका आम आदमी पार्टी के रंग में रंगा नजर आ रहा था।

**लोगों ने मुकेश गोयल के समक्ष रखी क्षेत्र की समस्याएं:** इस मौके पर मुकेश गोयल के समक्ष रामगढ़वासियों ने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। लोगों ने कहा कि क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है, जिसका निवारण जरूरी है। मुकेश गोयल ने भी सभी की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद सभी समस्याओं का निवारण होगा।

**भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी की लिया आड़े हाथों :** सभा के दौरान मुकेश गोयल ने भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी को एक-एक करके आड़े हाथों लिया। इस दौरान मुकेश ने भाजपा पार्षदों की नाकामियां सभी के सामने रखी तो वहीं कांग्रेस प्रत्याशी को नौसिखिया बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी मीठी छुरी है। वह ना तो कभी किसी के काम आया है और ना ही आयेगा। आपका भाई मुकेश गोयल हमेशा सबकी मदद के लिए तैयार रहता है। सभी ओके जितनी जो सकी हमेशा मदद की है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी जो भी वादे करती है उसे पूरा करती है। बिजली-पानी-महिलाओं को बस फ्री का वादा पूरा किया। आज दिल्ली में 24 घंटे बिजली निर्बाध रूप से आती है, ये सिर्फ केजरीवाल सरकार के कार्यकाल में हुआ है। आप सभी भारी संख्या में अपने मतों का प्रयोग कर आम आदमी पार्टी को विजयी बनाएं।





## केजरीवाल का बड़ा एलान- सफाईकर्मियों को मकान बनाकर देगी दिल्ली सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा चुनाव के बीच दिल्ली के सफाई कर्मचारियों के लिए बड़ी घोषणा की है। उन्होंने एलान किया है कि चुनाव के बाद दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर दिल्ली सरकार सभी सफाई कर्मचारियों को मकान बनाकर देगी। इस हाउसिंग योजना के लिए केंद्र सरकार को रियायती दर पर जमीन देने के लिए प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा है।

इस कल्याणकारी योजना की शुरूआत एमसीडी और एनडीएमसी के सफाई कर्मचारियों से की जाएगी। इसके बाद सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए लागू की जाएगी। नौकरी के दौरान ही सफाई कर्मचारी किश्तों में अपने लिए घर खरीद सकेंगे और रिटायर होने के बाद वह इसमें शिफ्ट हो सकेंगे।




केजरीवाल ने रविवार को पार्टी मुख्यालय पर एक प्रेस वार्ता में कहा कि दिल्ली में घर की बड़ी समस्या है। खासकर गरीब इंसान के लिए अपना घर लेना लगभग नामुमकिन है। नई दिल्ली में जब तक सफाई कर्मचारी नौकरी करता है, तब तक उसके पास सरकारी निवास होता है, लेकिन रिटायर होने के बाद वह लगभग सड़क पर आ जाता है। उसकी मुश्किलें बढ़ जाती हैं।रिटायर होने के बाद तमाम कर्मचारियों के परिवार झुग्गियों में अपना जीवन जीने के लिए मजबूर हो जाते हैं, लेकिन झुग्गी बनाना भी आसान नहीं होता है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैंने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक पत्र लिखकर कहा है कि दिल्ली के अंदर सरकारी कर्मचारियों के लिए एक योजना बनाई जाए। क्योंकि दिल्ली में जमीन केंद्र सरकार के अधीन आती है। अगर केंद्र सरकार अत्यधिक रियायती दर पर जमीन देती है तो उस पर दिल्ली सरकार मकान बनवा देगी और सरकारी कर्मचारी आसान किस्तों का भुगतान करके उस मकान के मालिक बन सकते हैं। केजरीवाल ने कहा कि मैंने प्रधानमंत्री से निवेदन किया है कि हम इस योजना की शुरूआत सभी सफाई कर्मचारियों से कर सकते हैं। केजरीवाल ने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि इस योजना के लिए प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार राजी हो जाएगी, क्योंकि यह योजना गरीबों के लिए यह है।

**ऐलान**

**केजरीवाल ने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि इस योजना के लिए प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार राजी हो जाएगी**

## चाकूबाजी की घटना से सनसनी, शख्स ने तीन लोगों को किया घायल

**नई दिल्ली।** राजपार्क थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश में युवक ने एक पड़ोसी युवक पर चाकू से हमला कर दिया। युवक पर हमला होता देख, बचाने आए उसके दोस्त पर भी आरोपित ने चाकू से हमला कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों का पास के अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज करवाने के बाद दोनों पक्षों की शिकायत पर गंभीर चोट पहुंचाने का मामला दर्ज कर लिया है। वहीं आरोपित के भाई ने भी पीड़ितों पर चाकू से हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे की जांच कर मामले की छानबीन में जुटी है। घायलों की पहचान विकास, वासु और विकास के रूप में हुई है। वासु ने पुलिस को बताया कि वह टिकरी बार्डर पर प्लास्टिक स्क्रैप का काम करता है। 16 जनवरी की रात 9:30 बजे वह आर ब्लॉक के पास अपने दोस्त विकास के साथ बातचीत कर रहा था।

## दलित विरोधी आम आदमी पार्टी ने किया सबसे अधिक नुकसान: कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने आम आदमी पार्टी (आआपा) को दलित विरोधी बताते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल जातिगत जनगणना के मुद्दे पर चुप हैं और उसके 11 राज्यसभा सदस्यों में एक भी एससी, एसटी व ओबीसी वर्ग से नहीं है। यह दिखाता है कि आआपा दलित विरोधी हैं। रविवार को कांग्रेस नेता उदित राज ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उदित राज ने कहा कि केजरीवाल ने हाल ही में पुजारियों और ग्रंथियों को वेतन देने की घोषणा की, लेकिन 314 बुद्ध विहार हैं, करीब 150 वाल्मीकि और रविदासी मंदिर हैं। ढेर सारे चर्च भी हैं तो इनके लिए ऐसी घोषणा क्यों नहीं की गई। कांग्रेस नेता राज ने कहा कि आआपा ने आंबेडकर की फोटो लगा रखी है, लेकिन जब इनके ही नेता राजेंद्र पाल गौतम ने 22 प्रतिज्ञाओं को दोहराया था, तो उनका इस्तीफा ले लिया गया था। दलित बच्चों की स्कॉलरशिप स्कीम के प्रचार में 5 करोड़ रुपये खर्च कर दिए। विभागों में लाखों पद खाली पड़े हुए हैं, लेकिन कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों को परमानेंट करने के बजाए निजीकरण कर उन्हें घर बैठा दिया। यह दिखाता है कि आम आदमी पार्टी पिछड़ा और दलित विरोधी है। उदित राज ने कहा कि राहुल गांधी ने सवाल किया है कि जातिगत जनगणना पर आआपा और केजरीवाल अपना रुख साफ करें।



**आप को घेरा**

**दलित बच्चों की स्कॉलरशिप स्कीम के प्रचार में 5 करोड़ रुपये खर्च कर दिए। विभागों में लाखों पद खाली पड़े है**

# आदर्श नगर: कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल को मिला अनुभवी नेताओं का साथ

- राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री संगीता बेनीवाल और नासरु खान की गरिमामयी उपस्थिति रही, अनुभवी और वरिष्ठ नेताओं ने किया मार्गदर्शन







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव में विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशी जनता के बीच अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। डोर-टू-डोर कैंपन, जनसंपर्क अभियान के साथ बैठकों का दौर चल रहा है। इसी कड़ी में आर्दश नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल ने क्षेत्र में अपनी सरगर्मियां बढ़ा दी है। कड़कड़ाती ठंड में दादा और कांग्रेस के दिग्गज नेता मंगत राम सिंघल के अनुभव से लोगों के बीच अपनी बात रख रहे हैं। वहीं शिवांक सिंघल को पूर्व मंत्रियों और वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का मार्गदर्शन मिल रहा।

**जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता का मिल रहा प्यार**

नॉर्थ एक्स, मॉडल टाउन, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस ने बैठक बुलाई। जहां कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल, पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं कांग्रेस के कार्यकताओं की मौजूदगी रही। इस मौके पर वरिष्ठ नेताओं ने शिवांक सिंघल की हौसला अफजाई की।

**कांग्रेस ने हमेशा विकास की राजनीति की:** वरिष्ठ नेता और राजस्थान सरकार में पूर्व मंत्री रही संगीता बेनीवाल ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा विकास की नीतियों को आगे बढ़ाया है और विकास के नाम पर चुनाव लड़ा है। पिछले 12 वर्षों से दिल्ली में विकास के नाम पर भ्रम फैलाया जा रहा है और केंद्र और केजरीवाल सरकार के बीच नूराकुश्ती का खेल खेला जा रहा है।इन दोनों पार्टियों को सिर्फ राजनीति करनी है।पिछले 12 वर्षों से दिल्ली की जनता विकास की बाट जोह रही है।

संगीता बेनीवाल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार को दिल्ली की जनता याद कर रही है और मैं दावे के साथ कह सकती हूं कि इस बार दिल्ली में आम आदमी पार्टी का सफाया होगा और दिल्ली की जनता फिर से कांग्रेस की सरकार बनवाएगी।

**शिवांक सिंघल को मिला रहा जनता का आशीर्वाद:** नासरु खान ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिवांक सिंघल को नुक्कड़ सभाओं, बैठकों के साथ-साथ जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता का भरपूर आशर्वाद मिल रहा।

मैं दावे के साथ कह सकता हं कि इस बार दिल्ली में कांग्रस की सरकार बनेगी। नासरु खान ने आगे कहा कि शिवांक के दादाजी और पूर्व मंत्री रह चुके मंगत राम सिंघल आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र की राजनीति पर पकड़ रखते हैं। शिवांक का मंगतराम सिंघल भली-भांति अपने अनुभव से मार्गदर्शन कर रहे।

**शिवांक ने वरिष्ठ नेताओं का जताया आभार:** इस मौकें पर शिवांक सिंघल ने सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया। शिवांक ने कहा कि आप सभी के मार्गदर्शन और अनुभव से मेरी जो हौसलाअफजाई की है उसके लिए मैं आभारी रहूंगा।

# बजट में स्टार्ट अप नीति लायेंगे: सीएम नायब सैनी

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** नए साल के पहले मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को हरियाणा के अंबाला व हिसार के स्टार्टअप का जिक्र करते हुए कहा कि यह खुशी की बात है कि देश में अंबाला व हिसार जैसे शहर भी स्टार्टअप के केंद्र बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्टार्टअप कल्चर मात्र बड़े शहरों तक ही सीमित नहीं है। छोटे शहरों के स्टार्टअप में आधे से ज्यादा का नेतृत्व हमारी बेटियां कर रही हैं। इसके लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को कैथल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 118वें प्रसारण को सुना। इस मौके पर विधायक सतपाल जांबा, पूर्व मंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा व पूर्व विधायक लीलाराम भी उपस्थित थे मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की समाप्ति के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में हरियाणा के अंबाला व हिसार के स्टार्टअप का जिक्र करते हुए उनकी प्रशंसा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में भी ऐसे कई युवा हैं, जिनके स्टार्टअप आज मिसाल कायम कर रहे हैं और उनका टर्नओवर लगभग 100 करोड़ से 200 करोड़ रुपए का है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हरियाणा को एक अग्रणी स्टार्टअप हब के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।



सरकार मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया के उद्देश्यों के साथ तालमेल बिठाते हुए राष्ट्रीय स्टार्टअप इकोसिस्टम में हरियाणा की एक प्रमुख भूमिका स्थापित करने के लिए समर्पित प्रयास कर रही है। इसका उद्देश्य न केवल प्रदेश के आर्थिक विकास को गति देना है, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करना भी है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि हरियाणा देश भर में नवाचार और उद्यमिता के केंद्र के रूप में अपनी एक विशिष्ट पहचान हासिल कर सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए वित्त वर्ष 2025-26 के आगामी बजट में नई योजनाओं पर सक्रियता से विचार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बताते हुए नायब सैनी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता हर महीने अपने बूथ पर वहां के नागरिकों के साथ 'मन की बात' कार्यक्रम जरूर सुनें। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया वे 'मन की बात' कार्यक्रम से अधिक से अधिक लोगों विशेष रूप से युवाओं को जोड़ें। इससे पहले भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम में कैथल के युवा किसान वीरेंद्र यादव द्वारा पराली प्रबंधन को लेकर किए गए कार्यों की प्रशंसा कर चुके हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार आमजन के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है, जिसका सीधा लाभ पात्र व्यक्ति को मिल रहा है। उसी का परिणाम है कि हरियाणा में तीसरी बार भारी बहुमत से बीजेपी की सरकार बनी है। जनता को हमसे काफी उम्मीदें हैं, हमें उनकी उम्मीदों पर खरा उतरना है। कार्यकर्ता लोगों की समस्याओं का समाधान करवाएं। इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि सरकार बनते ही 24000 युवाओं को एक साथ सरकारी नौकरी प्रदान की हो। लोगों ने अभी से मान लिया है 2029 में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात कार्यक्रम' में संविधान सभा सदस्यों द्वारा किए गए कार्यों, महाकुंभ, अंतरिक्ष में हमारी उपलब्धियों का जिक्र किया। साथ ही नेता जी सुभाष चंद्र बोस को याद कर बताया कि कैसे उन्होंने अंग्रेजों से लोहा लिया। हर साल उनकी जयंती 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के तौर पर मनाई जाती है इस अवसर पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार की भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति है। भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर सहन नहीं किया जाएगा।

**पीएम ने सराहा**

▶▶ मोदी ने नए साल के पहले मन की बात कार्यक्रम में हरियाणा के स्टार्ट अप को सराहा

# महाराणा प्रताप हम सभी के लिए हैं प्रेरणा के स्रोत: राणा



टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार सभी वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार सबका साथ और सबका विकास की भावना से बिना भेदभाव के विकास कार्य करवा रही है। मंत्री आज महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर रेवाड़ी में महाराणा प्रताप चौक पर आयोजित प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मंत्री ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में मंत्री ने खेल, शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सर्व समाज के युवाओं को सम्मान पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि महाराणा प्रताप हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। सेना का बड़े से बड़े अधिकारी भी अपने जीवन में महाराणा प्रताप के सिद्धांतों व नीतियों को अपनाते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### महिला आयोग अध्यक्ष ने सबूत मिलने पर कार्रवाई करने को कहा

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और सिंगर रॉकी मित्तल पर गैंगरेप के केस में कार्रवाई को लेकर कहा कि कोई सबूत मिला तो कार्रवाई की जाएगी। भाटिया ने महिला के देरी से मुकदमा दर्ज कराने को लेकर भी सवाल खड़े किए। भाटिया ने बड़ौली की वजह से मामले में कार्रवाई को लेकर सरकार के दबाव पर कहा कि कहने को कोई कुछ भी कह सकता है। बड़ौली और रॉकी मित्तल पर हिमाचल प्रदेश के कसौली थाने में एफ आई आर दर्ज हुई है। जिसमें महिला ने आरोप लगाया कि उन्हें कमरे में ले जाकर जबरन शराब पिलाकर गैंगरेप किया गया। गैंगरेप का आरोप 3 जुलाई 2023 का है, लेकिन पीड़िता ने 13 दिसंबर 2024 को इस मामले में केस दर्ज कराया। रेणु भाटिया ने कहा अगर किसी के साथ ऐसी बात होती है तो वह 2-2 साल क्यों चुप रहता है। मैं बेटियों को बारबार यही बात कहती हूं। जो कार्रवाई आज आप 2 साल के बाद कर रहे हो, वह आप तभी कर देते तो मुझे लगता है दूध का दूध, पानी का पानी होता। मगर आप क्यों छिपाते हो। क्यों डरते हो। किस बात पर डरे, यह बात हमारे सामने आना जरूरी है उसी शिकायतकर्ता की दोस्त ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बाकायदा बताया कि ऐसा कोई मामला नहीं था। यहां पर भी एक शंका पैदा होती है कि यह मामला था या नहीं था। ये बनाया गया या फिर किसी ने उस बच्ची को प्रेशर किया। देखना दोनों बातों को पड़ेगा। मुझे जहां पूछना था, मैंने पूछ कि क्या मामला है। अगर मुझे कोई सबूत मिलता है तो हम कार्रवाई करेंगे।

### परिवार परेशान पत्र बने परिवार पहचान पत्र की अनिवार्यता खत्म करे सरकार: कुमारी सैलजा

चंडीगढ़: अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि सरकार को यह बात माननी ही होगी कि परिवार पहचान पत्र जनता के लिए परिवार परेशान पत्र बनकर रह गया है, पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय ने भी हरियाणा सरकार को निर्देश दिया है कि वह तुरंत सुधारात्मक कदम उठाए, ताकि किसी भी नागरिक को परिवार पहचान पत्र की कमी के कारण जरूरी या मौलिक सेवाओं से वंचित न किया जाए। साथ ही पीपीपी की अनिवार्यता को खत्म किया जाए। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि परिवार पहचान पत्र सरकार ने जनता पर जबरन थोपा था और इसमें आई खामियों को लेकर जनता को परेशानी में डालकर रखा हुआ है। पीपीपी के नाम पर घोटाला हुआ। आज तक पीपीपी की त्रुटियों को दूर नहीं किया गया है। पीपीपी को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने आदेश में कहा-यह स्पष्ट है कि मौलिक सेवाओं, जो किसी व्यक्ति या समुदाय के लिए जीवित रहने के लिए आवश्यक हैं, जैसे पीने का पानी, बिजली, स्वास्थ्य देखभाल, बिजली, स्वच्छता, पुलिस और अग्निशमन जैसी आपातकालीन सेवाओं के लिए पीपीपी को अनिवार्य आवश्यकता माना जा रहा है लेकिन यह स्वैच्छिक प्रक्रिया है। इस स्थिति में, सभी सुधारात्मक कदम तुरंत उठाए जाएंगे ताकि किसी भी नागरिक को पीपीपी के अभाव में जरूरी सेवाओं से वंचित न किया जाए। कुमारी सैलजा ने कहा कि जो जानकारी पीपीपी में दी जाती है उसे जरूरत पड़ने पर सरकार मानती ही नहीं है और अलग से प्रमाण पत्र की मांग करती है तो ऐसे में पीपीपी का कोई औचित्य ही नहीं रहता। उन्होंने कहा कि सरकार को हाईकोर्ट का आदेश आने के बाद अपनी गलती को मानना ही होगा और इसकी अनिवार्यता को खत्म करना होगा। सभी मौलिक और आवश्यक सेवाओं की पहचान के लिए पीपीपी को अनिवार्य माना गया है जो गलत है। कुमारी सैलजा ने कहा कि जिन लोगों के पीपीपी में कोई त्रुटि है तो उसे सरकार अपने ही खर्च पर ठीक करवाए उसका बोझ पीड़ितों पर न डाला जाए।

### मंत्री ने पिचोंपा कला की माइनिंग को ठीक बताया था, कमियों की शिकायत पर डीसी ने बंद कराया

**चंडीगढ़।** हरियाणा में दादरी जिले के पिचोंपा कला की जिस माइनिंग साइट को ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पवार ने 10 दिन पहले ठीक बताया था भाजपा के ही विधायक को उसमें कमियां नजर आईं। इसके बाद डिप्टी कमिश्नर ने खनन पर रोक लगा दी है। डीसी ने आदेश में कहा कि अगर यहां माइनिंग जारी रही तो जान का खतरा भी हो सकता है।

# भाजपा ने महिलाओं के आत्मसम्मान को बढ़ावा दिया: डॉ रीटा शर्मा

टीम एक्शन इंडिया

**गोहाना: सहकारिता** मंत्री डॉ अरविंद शर्मा की धर्मपत्नी एवं समाजसेवी डॉ रीटा शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं के आत्म सम्मान को बढ़ाने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार द्वारा नवजात बेटी से लेकर युवतियों, बुजुर्गों को सशक्त बनाने के लिए जन कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं, जिनका धरातल पर लाभ पाकर महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर देश के विकास में अपना योगदान दे रही हैं। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा की धर्मपत्नी डॉ रीटा शर्मा रविवार को मेन बाजार स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर परिसर में महिलाओं से संवाद करने पहुंचीं थी। नगर परिषद पार्षद अंजू कालड़ा व सहयोगी महिला टोली द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डॉ रीटा शर्मा का भव्य स्वागत किया गया। महिलाओं से संवाद करते हुए समाजसेवी डॉ रीटा शर्मा ने कहा कि आधी आबादी को बराबरी का अधिकार दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ अभियान को मुहिम के तौर पर शुरू किया। इसके परिणामस्वरूप आज बेटियों को घर, परिवार ही नहीं, अपितु सार्वजनिक जीवन में भरपूर मान-सम्मान मिल रहा है। उन्होंने कहा कि परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रही महिला को यदि बेहतर वातावरण मिले तो वो भी समाज व देश को मजबूत बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। उन्होंने कहा कि बीते 10 साल में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 70 फीसदी महिलाओं ने अपने प्रोजेक्ट लगाते हुए आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारी सशक्तिकरण के लक्ष्य पर हरियाणा मजबूती से आगे बढ़े, इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व हरियाणा सरकार भी निरन्तर योजनाएं चला रही हैं। आज पंचायतों ही नहीं, स्थानीय निकाय में भी 50 प्रतिशत से अधिक जनप्रतिनिधि महिलाएं हैं।





**आत्मनिर्भर**

▶▶ श्री सनातन धर्म मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सुनीं जनसमस्याएं :

▶▶ केंद्र-प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनें महिलाएं

# मंत्री राव ने मेट्रो के विस्तारीकरण के प्रस्तावित रूट का अधिकारियों के साथ किया दौरा

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने जीएमडीए के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गुरुग्राम में मिलेनियम सिटी सेंटर से रेलवे स्टेशन, सैक्टर-22 व साइबर सिटी के बीच मैट्रो विस्तारीकरण की प्रक्रिया में आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो व इस पूरी परियोजना में मौजूदा सर्विसेज कम से कम प्रभावित हो। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने यह बात आज मेट्रो के विस्तारीकरण के प्रस्तावित रूट का गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड (जीएमआरएल) जीएमडीए के अधिकारियों के साथ निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कही। मेट्रो परियोजना की डीपीआर बनाने की प्रक्रिया जारी है। जिसमें मंत्री के दिशा निर्देश के तहत आमजन की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने प्रस्तावित रूट का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मेट्रो के कार्य को तेज गति से आगे बढ़ाया जाए।

**दिशा-निर्देश**

▶▶ सैक्टर-22 व साइबर सिटी के बीच मैट्रो विस्तारीकरण की प्रक्रिया में आमजन को असुविधा न हो

# आर.के. खन्ना बने नए विद्युत लोकपाल

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा विद्युत नियामक आयोग (एचईआरसी) ने उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित और पारदर्शी समाधान के लिए 17 जनवरी को इंजीनियर राकेश कुमार खन्ना को विद्युत लोकपाल नियुक्त किया। बिजली वितरण क्षेत्र में 25 वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाले श्री खन्ना ने इस जिम्मेदारी को उपभोक्ता समस्याओं के समाधान का एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। एचईआरसी ने उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए तीन स्तरों की सुदृढ़ प्रणाली बनाई है।

# आपदा से छुटकारा चाहती है दिल्ली की जनता: डॉ अरविंद



टीम एक्शन इंडिया

**दिल्ली। हरियाणा के** सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि दिल्ली की जनता समझ चुकी है कि आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचने नहीं दिया, जिसके कारण दिल्ली में विकास ठहर गया था। आज दिल्ली को जनता आप-दा से छुटकारा चाहती है और भाजपा सरकार बनाने का मन बना चुकी है, ताकि डबल इंजन की सरकार में दिल्ली के विकास का पहिया तेजी से घूमे। रविवार को हरियाणा के कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा दिल्ली राज्य ब्राह्मण समाज द्वारा रोहिणी सेक्टर 6 में भगवान परशुराम की मूर्ति अनावरण में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे थे। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि दिल्ली की जनता आज बदलाव चाहती है, क्योंकि जनता की समझ में आ चुका है कि आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल की खींच-तान में दिल्ली में विकास ठहर गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्र सरकार ने हमेशा चाहा है कि देश में समान तरीके से विकास हो और केंद्र की योजनाओं का लाभ हर राज्य के पात्र नागरिकों को मिले। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दिल्ली दौरे के दौरान कहा कि जिस भी प्रदेश में भाजपा की सरकार बनती है, वहां पूर्व सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहित की योजनाओं को नहीं बदला जाता।

**साधा निशाना**

▶▶ केजरीवाल ने केंद्र की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचने नहीं दिया: अरविंद शर्मा

# महाकुंभ की लोकप्रियता गर्व की बात: राजीव जैन

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत।** महाकुंभ की वैश्विक लोकप्रियता देशवासियों के लिए गर्व की बात है कुंभ के आयोजन ने क्षेत्रवाद एवं जात पात की दीवारों को ध्वस्त कर दिया है और युवा शक्ति का अपनी सभ्यता एवं संस्कृति से जुड़ना उनके जड़ों को मजबूत करता है, उक्त विचार मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार और वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने अपने पुरखास अड्डा स्थित कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 118 वां प्रसारण श्रवण करने के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि महाकुंभ जैसे पर्व सामाजिक मेलजोल सद्भाव एवं एकता को बढ़ाने वाली परंपराओं से जोड़ते हैं। उन्होंने बताया कि मोदी जी ने इसरो के वैज्ञानिकों की स्पेस डोकिंग की दिशा में क्रांतिकारी प्रयोग के लिए बधाई देते अंतरिक्ष में सब्जियां उगाने का रास्ता साफ हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान सभा के सभी सदस्यों को नमन करते हुए कहा कि संविधान लागू होने के 75 वें वर्ष की बधाई दी और कहा कि संविधान हमारे लिये बहुत बड़ी धरोहर है। उन्होंने युवा पीढ़ी को प्रेरणा देने के लिए स्वामी विवेकानंद को याद किया और कहा कि स्टार्टअप ने नो वर्षों में अनेक कृतिमान बनाएं हैं। स्टार्टअप केवल बड़े-बड़े शहरों में ही सीमित नहीं है बल्कि छोटे-छोटे शहरों तक पहुंच चुका है और विशेष बात यह है कि आधे से ज्यादा स्टार्टअप महिलाओं ने शुरू किए हैं। नए-नए स्टार्टअप भारत को आत्मनिर्भर बनाने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं।



**प्रेरणास्रोत**

▶▶ राजीव जैन ने कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 118 वां प्रसारण को सुना

# हुड्डा के गुट में भी उठने लगे बगावती सुर

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** पहले ही गुटों में बटी हरियाणा कांग्रेस में अब गुट भी विभाजित हो सकते है। हाल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा गुट नेताओं ने तेवर बदल लिए है। हुड्डा गुट के नेता सांसद दीपेंद्र हुडडा का नाम लिए बिना उन पर हमला बोल रहे हैं। हिसार के बरवाला में हुड्डा गुट के 7 नेता इकट्ठा हुए। इनमें पूर्व मंत्री प्रो. संपत सिंह, पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला, पूर्व विधायक राम भगत शर्मा, धर्मबीर गोयत, हरीश वर्मा, सुखबीर ड्डी और पूर्व चेयरमैन अजीत सिंह शामिल हैं। उन्होंने इशारों-इशारों में दीपेंद्र हुड्डा और हिसार से सांसद जयप्रकाश को हार का जिम्मेदार ठहराया। नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने की हसरत में कांग्रेस हारी। ये लोग 90 सीट पर चुनाव नहीं लड़ रहे थे बल्कि सीएम बनने के लिए सिर्फ 45 सीट जीतना चाहते थे हालांकि दीपेंद्र समर्थक हिसार से यूथ कांग्रेस कध्यक्ष सतेंद्र सहारण ने दीपेंद्र और जेपी का बचाव किया। उन्होंने कहा कि ये नेता अहंकार की वजह से हारे। इन्होंने प्रचार तक नहीं किया। उल्टा दीपेंद्र-जेपी ने जहां प्रचार किया, उन जगहों से कांग्रेस जीती है। कांग्रेस में अभी तक हुड्डा और सिरसा सांसद कुमारी सैलजा का गुट आमने-सामने था। अब इस नई खींचतान से हुड्डा का हरियाणा कांग्रेस में दबदबा संकट में पड़ता नजर आ रहा है। बरवाला से कांग्रेस उम्मीदवार रहे रामनिवास घोड़ेला ने दीपेंद्र हुड्डा का नाम लिए बिना कहा- सरकार विधायकों से बनती है, मगर हमारे वाले नेता सोचते थे कि बिना विधायकों के ही सरकार बना देंगे। कुछ नेताओं की सोच गलत थी। घोड़ेला ने सांसद जयप्रकाश जेपी के लिए कहा- इलेक्शन में जयप्रकाश जहां-जहां गया, वहां जात-पात में बांट दिया। चुनाव से पहले ही महकमे बांट रखे थे कि मेरा छोरा ये बनेगा। ठीक है आपका बेटा (विकास सहारण) एमएलए बन गया। आप एमपी बन गए। मगर जनता इनको कभी माफ नहीं करेगी। घोड़ेला ने जयप्रकाश को लेकर कहा-जब लोकसभा की टिकट मिली तो मैंने सबको मदद के लिए कहा। मगर विधानसभा चुनाव में भी ये 50-55 आदमियों को थापी मारते रहे। जेपी यहां से नहीं जीतेगा, ये मेरी गारंटी है।

# गुरुग्राम जिला में सर्वसम्मति से नियुक्त किए 17 मंडलों के अध्यक्ष

## अनूप यादव नियुक्त हुए पटौदी के मंडल अध्यक्ष, शिक्षा के क्षेत्र में भी 15 वर्षों का अनुभव

टीम एक्शा इंडिया

**चंडीगढ़/ गुरुग्राम।** संगठन पर्व के तहत भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश नेतृत्व से विचार विमर्श के बाद गुरुग्राम जिला के 17 मंडल अध्यक्षों को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव की अध्यक्षता एवं चुनाव प्रभारी नरेंद्र गुप्ता, चुनाव सह प्रभारी राहुल राणा, विधायक मुकेश शर्मा, बिमला चौधरी, तेजपाल तंवर की उपस्थिति में निर्विरोध चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कर मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई। नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों में पटौदी मंडल के अध्यक्ष अनूप यादव काफी शिक्षित हैं। अनूप यादव ने बीएससी, बीएड के साथ-साथ गणित में मास्टर डिग्री की हुई है और 15 वर्षों का टीचिंग अनुभव भी है। जिला अध्यक्ष कमल यादव ने सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। चुनाव प्रक्रिया के तहत हुई बैठक में जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि गुरुग्राम जिला में 27 मंडल हैं जिनमें से 17 मंडलों पर मंडल अध्यक्ष नियुक्त कर दिए गए हैं। कमल यादव ने बताया कि गुरुग्राम और सोहना विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो गई है। बादशाहपुर विधानसभा के मंडलों पर शीघ्र ही चुनाव प्रक्रिया संपन्न कर ली जाएगी। पटौदी के जाटौली मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति भी जल्द कर दी जाएगी। जिला की गुरुग्राम विधानसभा के सभी 8 मंडलों पर मंडल अध्यक्ष नियुक्त कर दिए गए हैं। पवन यादव वजीराबाद को वजीराबाद मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसी तरह से प्रियव्रत कटारिया को शीतला मंडल अध्यक्ष, आशीष गुप्ता को द्रोणाचार्य मंडल अध्यक्ष, जितेंद्र शर्मा को अर्जुन मंडल अध्यक्ष, सिद्धार्थ भाटिया को सरस्वती मंडल अध्यक्ष, आकाश यादव को लक्ष्मण मंडल अध्यक्ष, मुकेश शर्मा को दयानंद मंडल अध्यक्ष एवं पंकज सचदेवा शिवाजी मंडल के अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। सोहना विधानसभा के बिस्सर मंडल पर चतर सिंह, तावडू मंडल पर शिवम गर्ग, भौंडसी मंडल पर देवेंद्र प्रधान, दमदमा मंडल पर मनोज सहजावास, सोहना मंडल पर सौरभ सिंघला को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है।



**जिम्मेदारी**

▶▶ बादशाहपुर विधानसभा के मंडलों पर शीघ्र ही चुनाव प्रक्रिया संपन्न कर ली जाएगी

# साइकिल पर निकले पुलिस अफसर युवाओं को नशे के खिलाफ कर रहे जागरुक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा** राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉण अशोक कुमार वर्मा ने करनाल में युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि नशे के खिलाफ पुलिस और नारकोटिक्स विभाग का अभियान पूरी ताकत से चल रहा है। इसके तहत 2023 में 3823 मामले दर्ज किए गए और 5870 से अधिक अपराधियों को जेल भेजा गया। वहीं 2024 में 3331 मामले दर्ज हुए और 5094 नशा तस्करों पर शिकंजा कसा गया। डॉ. वर्मा ने



कहा कि नशा एक ऐसा दलदल है, जिसमें कोई भी फंस सकता है। इस समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम ही सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने बताया कि ब्यूरो ने विशेष व्यवस्था के तहत उन्हें जागरूकता कार्यक्रम के लिए नियुक्त किया है। वह गांव-गांव साइकिल से पहुंचकर युवाओं को नशे से बचने का संदेश दे रहे हैं। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा और पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में हरियाणा में ड्रग्स के खिलाफ एक निर्णायक युद्ध छिड़ा हुआ है। यह अभियान पूरे राज्य में चल रहा है, जिसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने बताया कि ब्यूरो का उद्देश्य केवल नशा तस्करों को पकड ?ा नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि कोई नया व्यक्ति इस घातक दलदल में न फंसे। उन्होंने कहा कि हमें हर परिवार को नशा मुक्त बनाने के लिए सजगता से काम करना होगा। हर माता-पिता को अपनी संतान के प्रति जिम्मेदारी निभानी होगी। बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार करें, उनके दोस्तों और गतिविधियों की जानकारी रखें। समय-समय पर यह देखना जरूरी है कि बच्चे कहां और किसके साथ रहते हैं।

डॉ.वर्मा ने एक उदाहरण साझा करते हुए बताया कि आज यह समस्या गंभीर रूप धारण कर चुकी है। इससे बचने का एकमात्र उपाय सावधानी है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ इस आंदोलन में सभी को अपनी भूमिका निभानी होगी। जब हर नागरिक जागरूक होगा, तभी नशा मुक्त और स्वस्थ भारत का सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा कि नशा तस्करों की सूचना देने के लिए ब्यूरो ने गुप्त चैनल तैयार किए हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि नशा मुक्त समाज के निर्माण में सभी मिलकर योगदान दें और एक स्वस्थ भविष्य का निर्माण करें।

# सर्व सम्मति से रणबीर फौजी चिरसमी को चुना गया प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर । प्रजापति धर्मशाला** की रविवार को सर्वसम्मति से कार्यकारिणी गठित की गई। सर्वसम्मति से रणबीर फौजी चिरसमी को प्रधान चुना गया। नव नियुक्त कार्यकारिणी का गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने स्वागत करते हुए बधाई दी । विधायक कादियान ने कहा कि यह समाज की बेहतर व्यवस्था है कि पूरी कार्यकारिणी सर्वसम्मति से चुनी गई है, वहीं नवनियुक्त कार्यकारी ने विधायक व समाज के लोगों को आश्वासन दिया कि समाज की तरफ से उन्हें जो जिम्मेदारी सौंप गई है उसका वह बड़ी ईमानदारी से निर्वरण करते हुए धर्मशाला सभा को आगे बढ़ने का काम करेंगे । नवनियुक्त कार्यकारिणी में सुभाष अगवानपुर



को उप प्रधान, प्रेमचंद ठेकेदार को महासचिव बिजेंद्र पांची जाटान को संयुक्त सचिव, बलबीर उर्फ बिल्लू पुरखास को कोषाध्यक्ष, ऑडिटर राम सिंह बेगा, मीडिया प्रभारी मुनेश गांधी नगर, ओमप्रकाश मोई, उमेश गन्नौर, रामनिवास चिरस्मी, धर्मवीर राक्सेडा, सतनाम सैंया खेड़ा, दलवीर चिरसमी, अमित गन्नौर, अमित उदेशीपुर, प्रवीण खेड़ी गुज्जर, संदीप छाजपुर, रोहतास शेखपुरा, चतर सिंह गुमड़, कर्मवीर राजलू गढ़ी, रामभज सरढाना, राजेश अहीर माजरा, प्रदीप गन्नौर, राजेंद्र गांधीनगर, डॉ सुनील अगवानपुर को सचिव, संरक्षक रामफूल बड़ी को बनाया गया है। लाइब्रेरी इंचार्ज मास्टर राम गोपाल गुमड, मुख्य सलाहकार मास्टर ओम प्रकाश पुरखास, पूर्व सरपंच सुखबीर गढी झज्जारा व राममेहर फौजी बड़ी को सलाहकार बनाया गया।

# कैथल के एसपी-एमएलए के विवाद पर स्पीकर हरविंदर का बयान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। विधानसभा** अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने बीती देर शाम अधिकारियों के साथ एक बैठक की। इस दौरान उन्होंने कैथल जिले के एसपी द्वारा गुहला चीका के विधायक का फोन न उठाने के सवाल पर कहा कि एक व्यवस्था है। कहीं पर भी इस प्रकार से किसी भी माननीय सदस्य का कोई विषय आता है तो उससे संबंधित हमारी विधानसभा की कमेटियां होती है। उस कमेटी को वह मामला रेफर किया जाता है, और कमेटी फिर उन सभी विषयों या शिकायतों को एग्जामिन करती है।

370 भ्रष्ट पटवारियों की लिस्ट के सवाल पर कल्याण ने कहा कि सरकार का यह संकल्प है कि करप्शन के विषय में जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और सरकार इसको लेकर पूरी तरह से गंभीर है। कही पर भी भ्रष्टाचार का कोई विषय आता है तो सरकार उस पर कार्रवाई करती है। अधिकारियों के साथ मीटिंग के दौरान हरविंद्र कल्याण ने कहा कि सरकार का पैसा आम जनता का है हमारा नहीं, हम तो केवल कस्टोडियन हैंए अधिकारी अपनी कार्यशैली में बदलाव लाएं और अपने काम को संजीदा तरीके से अंजाम दें।

# मन की बात देश को नई ऊर्जा व दिशा देने का करता है कार्य : जगमोहन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल के** विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम देश को एक नई ऊर्जा व दिशा प्रदान करता है। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के माध्यम से देश की सफलतम कहानियां हम सबके सामने रखते है, इनसे प्रेरणा लेकर देश का हर वर्ग अपने.अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए अग्रसर होता है। यह कार्यक्रम हम सबको कुछ नया करने की ओर संकल्पित करता है। विधायक आनंद रविवार को करनाल के वार्ड नम्बर-12 के बूथ 31 व 32 पर मन की बात के 118 वें एपिसोड के प्रसारण कार्यक्रम उपरांत



उपस्थितजनों को सम्बोधित कर रहें थे। विधायक के अनुसार प्रधानमंत्री ने कहा है कि आगामी 26 जनवरी को देश के संविधान लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहें है। यह हम सबके लिए गौरव की बात है। गणतंत्र के 75 वर्ष होने पर उन्होंने संविधान सभा के सभी सदस्यों को नमन किया और कहा कि हमारा संविधान पहले से सशक्त हुआ व समृद्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृतिक को प्रदर्शित करता महाकुम्भ का आयोजन भी हमें संगठित होने की प्रेरणा देता है। इसका भी प्रधानमंत्री ने जिक्र किया है। आगामी 25 जनवरी को पूरा देश राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने जा रहा है। इसके लिए भी प्रधानमंत्री ने सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की है।विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम देश के युवाओं के लिए ज्ञानवर्धन का कार्य करता है। इससे उन्हें पूरे देश की भौगोलिक परिस्थितियों और विभिन्न संस्कृतियों के बारे भी पता चलता हैं। प्रधानमंत्री के मुख से देश के अलग.अलग क्षेत्रों में विषम परिस्थितियों के बावजूद वहां के लोगों की संघर्ष की कहानियां और उनकी सफलता के किस्से युवाओं को जीवन में कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरित करते है। कार्यक्रम में भी प्रधानमंत्री ने देश को नए साल में पहले मन की बात के प्रसारण कार्यक्रम पर नई ऊर्जा के साथ कार्य करने का संदेश दिया है।

## न्यूज फ्लैश

### हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में दादा-दादी एवं अभिभावक दिवस समारोह

**गन्नौर। हैप्पी चाइल्ड** इंटरनेशनल स्कूल में दादा-दादी एवं अभिभावक दिवस समारोह 25 जनवरी को स्कूल प्रांगण में धूमधाम से मनाया जाएगा । यह जानकारी स्कूल के निदेशक संजय नागपाल ने दी । उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के दादा-दादी व अभिभावकों का स्वागत किया जाएगा । स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे । उन्होंने अभिभावकों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की ।

### शहर के अजय जैन को गन्नौर मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर दी बधाई



**गन्नौर। शहर के** अजय जैन को भाजपा के गन्नौर मंडल का अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यकताओं ने बधाई दी । मंडल अध्यक्ष अजय जैन ने बताया कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उसे वह जिम्मेदारी से निभाते हुए पार्टी से युवाओं को जोड़ने का काम करेंगे । जैन इससे पहले महामंत्री के पद पर थे व संगठन के अन्य पदों पर भी रहे हैं ।मंडल अध्यक्ष अजय जैन ने बताया कि उन्हें यह जिम्मेदारी सोनीपत में हुई बैठक में जिला चुनाव अधिकारी अशोक गुर्जर व सह चुनाव अधिकारी प्रदीप जैन, जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा, गन्नौर प्रत्याशी देवेन्द्र कोशिक व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद नेहरा व जिला महामंत्री निशांत छौंककर व नवीन मंगला व संगठन के पदाधिकारियों ने दी है।

### हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव की सभी तैयारियां पूरी : उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। डीसी उत्तम** सिंह ने बताया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एचएसजीएमसी) के चुनाव को लेकर जिला प्रशासन करनाल ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। 19 जनवरी को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा और मतदान के तुरंत बाद मतगणना होगी, जिसके बाद परिणाम घोषित कर दिए जाऐंगे। उन्होंने बताया कि करनाल जिला में एचएसजीएमसी चुनाव के वार्ड नंबर 16 नीलोखेड़ी, 17 निसिंग, 18 असंध और 19 करनाल पड़ते हैं। इन चारों वार्ड में कुल 17 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

**वार्ड अनुसार इन पोलिंग बूथ पर होगा मतदान**

वार्ड नंबर 16-नीलोखेड़ी- राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नीलोखेड़ी, राजकीय हाई स्कूल, अंजथली, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, निगूद, राजकीय हाई स्कूल, नारायणा, राजकीय हाई स्कूल, सोकड़ा, राजकीय मीडिल स्कूल, बरसालू, राजकीय प्राइमरी स्कूल, तरावड़ी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, गौरगढ़, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, इंद्री, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नगला रोडान।

### सर्दी के ऋतु में भी योग का निरंतर अभ्यास करते रहना चाहिए : विनोद बजाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मेरा मिशन स्वस्थ** भारत के अंतर्गत सेक्टर-14 श्री कृष्ण मंदिर योग कक्षा में विशेष सत्र करवाया गया। मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के निमंत्रण पर पंचकूला से विशेष रूप से आमंत्रित एनर्जेटिक योगी विनोद बजाज ने श्वास के शरीर पर होने वाले प्रभाव के विषय में बताया। इससे पहले दिनेश गुलाटी ने योग साधकों को सूर्य नमस्कार का विधिपूर्वक अभ्यास करवाया। विनोद बजाज ने कहा कि एक विशेष विधि से श्वास को अंदर बाहर करने से शरीर को ऊजार्वान, तनाव मुक्त और हर प्रकार की बीमारी से मुक्त रखा जा सकता है। उन्होंने योग साधकों को इस ब्रीदिंग टेक्निक का अभ्यास करवाया कि कैसे हम श्वास और प्रश्वास यानी, सांस अंदर लेना और बाहर छोडने से अपने शरीर के सभी अंग प्रत्यंग को स्वस्थ रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि सर्दी के ऋतु में भी योग का निरंतर अभ्यास करते रहना चाहिए।

# पांचवें दिन ज्ञान कल्याण उत्सव धूमधाम से मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। पंचकल्याणक** प्रतिष्ठा महोत्सव के पांचवें दिन ज्ञान कल्याण उत्सव मनाया गया। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पांचवें दिन ज्ञान कल्याणक होता है. यह महोत्सव जैन धर्म का सबसे बड़ा महोत्सव है। इस महोत्सव में तीर्थंकर के जीवन के पांच कल्याणकों को दशार्या जाता है। तत्पश्चात भगवान आदिनाथ का राज दरबार लगाया और भगवान आदिनाथ की पत्नी व बच्चे इस दरबार में पहुंचे हुए थे। उसके बाद भगवान आदिनाथ का दीक्षा का कार्यक्रम शुरू हुआ और भगवान ने अपना राजपाठ बच्चों को संभलवा कर अपनी पत्नी व बच्चों को छोड़कर दीक्षा ग्रहण कर



ली। दीक्षा ग्रहण कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की आंखो में आंसू देखने को मिले। मनी अवस्था में होते हुए भगवान श्री आदिनाथ की आहारचार्य हुई। 6 महीने के अंतराल के बाद उन्होंने उनको गन्ने के रस का आहार मिला उसके बाद समोसारण की स्थापना की गई । आचार्य सौरभ सागर महाराज ने भगवान के इंद्र बनकर प्रजा के सवालों का जवाब दिया उनकी जिज्ञासा को शांत किया। आचार्य ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में धैर्य रखकर धर्म मार्ग पर सच्ची लगनता के साथ और ईमानदारी के साथ चलना चाहिए जीवन में जितने भी दुख हैं सभी का शहर अपने आप होता चला जाएगा आपस में किसी भी प्रकार का झगड़ा ना रखें किसी से वायर भावना करें यही जीवन का सार है अपने जीवन को धर्म मार्ग की तरफ प्रस्तुत करें। यह महोत्सव आत्मा से परमात्मा बनने की प्रक्रिया का प्रतीक है।

**महोत्सव**

**▶▶ यह महोत्सव जैन धर्म का सबसे बड़ा महोत्सव है। इस महोत्सव में तीर्थंकर के जीवन के पांच कल्याणकों को दर्शाया जाता है।**

# बस स्टैंड पर पत्थरबाजी पर पुलिस का एक्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के एक** बस स्टैंड पर 15 जनवरी की सुबह दो पक्षों के बीच हुई पत्थरबाजी के मामले में पुलिस ने संज्ञान लिया है। इस मामले में वीडियो फुटेज के आधार पर पुलिस ने दिलशाद, दीन, बुकर, शहजाद, जालिम खान और जाहिद सहित 8 से 10 अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आरोपियों की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार कस्बा इंद्री में दो पक्षों के बीच किसी पुराने विवाद को लेकर कहासुनी हुई, जो जल्द ही हिंसा में बदल गई। यह विवाद 15 जनवरी की सुबह करीब 10 बजे शुरू हुआ और कुछ ही मिनटों में पत्थरबाजी के रूप में बदल गया। एक पक्ष ने पत्थर उठाकर दूसरे पक्ष पर फेंकना शुरू कर दिया, जिसके जवाब में दूसरा पक्ष भी पीछे नहीं हटा। बस स्टैंड जैसी सार्वजनिक जगह पर इस तरह की घटना ने न केवल यातायात को प्रभावित किया, बल्कि आम जनता की सुरक्षा पर भी गंभीर खतरा पैदा कर दिया। इस घटना का वीडियो वायरल होते ही लोगों में रोष नजर आया। इस घटना ने इंद्री के लोगों को गहरे सदमे में डाल दिया है। सडक पर इस तरह की अराजकता से लोग डरे हुए हैं। वीडियो में पत्थरबाजी और झगड़े के दृश्यों ने सभी को झकझोर दिया है।

# सोनीपत के हॉस्टल से तीन माह पहले छात्र हुआ था लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सोनीपत के** प्राइवेट स्कूल से संदिग्ध हालातों में लापता हुए 17 वर्षीय छात्र वंश को ढूंढने के लिए उसका परिवार करनाल पहुंचा। दिल्ली का वंश शहरावत सोनीपत के एसएम हिंदू स्कूल में 11वीं कक्षा का छात्र था और स्कूल के हॉस्टल में ही रहता था। वह बीती 22 अक्तूबर को हॉस्टल में अपने बैड पर नहीं मिला। वंश स्कूल में नहीं पहुंचा तो उसके परिजनों को कॉल किया गया। उसके बाद वंश के लापता होने का खुलासा हुआ। परिजनों ने आसपास के एरिया व रिश्तेदारियों में भी पता किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस को भी शिकायत दी गई, उसके बावजूद भी वंश का कुछ पता नहीं चल पा रहा है और उसके परिजन उसको ढूंढने के लिए लिए भटक रहे है। वंश के पिता का 2015 में देहांत हो चुका है और उसकी देखरेख का जिम्मा उनके चाचा उदित के पास ही था। चाचा उदित ने बताया कि 9वीं कक्षा से वंश सोनीपत में ही पढ़ता था और अब वह 11वीं में था और हॉस्टल में रहता था। मेरा बेटा अंश भी वंश साथ ही पढ़ता था। 22 अक्तूबर को मेरे पास कॉल आया कि वंश स्कूल में नहीं है। इसके बाद मैं और वंश की मम्मी स्कूल में पहुंचे। हमने हॉस्टल में भी चेक किया, वहां पर भी नहीं मिला।

# धार्मिक आयोजन संस्कृति के ज्ञान का अहम साधन है: देवेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर । रविवार को** गढ़ी झंझारा रोड पर स्थित शिव मंदिर में विधि-विधान से श्री लक्ष्मी नारायण की मूर्ति स्थापना मूर्ति स्थापना कराई गई। इस मौके पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मंदिर से शुरू होकर मुख्य रास्तों से होते हुए वापस मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। पंडित ने वैदिक मंत्रोपचार व विधि विधान से मूर्ति स्थापना कराई। मुख्य यजमान के तौर पर विधायक देवेंद्र कादियान ने लक्ष्मी नारायण की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई। उसके बाद भजन कीर्तन किया गया, भंडारे का भी आयोजन किया गया। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि बड़े सौभाग्य से मनुष्य को लक्ष्मी नारायण भगवान की प्राण प्रतिष्ठा में हिस्सा



लेने का मौका मिलता है। कहा कि धार्मिक आयोजन सनातन संस्कृति के ज्ञान का अहम साधन है और हमारी भारतीय संस्कृति पूरी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है और कहा कि ऐसे कार्यक्रम होने से भगवान के प्रति आस्था और मजबूत होती है। हर समाज के लोगों को इसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। विधायक ने कहा कि गन्नौर क्षेत्र का विकास ही उनकी प्राथमिकता है, इसके लिए वे पहले दिन से लगे है। इस अवसर पर डा. भीम चांदना, रमेश जागरवाल, बालकिशन जांगड़ा, सत्यवान प्रजापत, संदीप ठाकुर, अनिल जांगड़ा, विकास ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# क्वालिटी से कतई समझौता न करें अधिकारी : हरविंदर कल्याण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा विधानसभा** के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कहा कि सरकार का पैसा आम जनता का है हमारा नहीं, हम तो केवल कस्टोडियन हैं। अधिकारी अपनी कार्यशैली में बदलाव लाएं और अपने काम को संजीदा तरीके से अंजाम दें। हम अपने आपको सौभाग्यशाली समझें कि हमारे माध्यम से जनता के काम हो रहे हैं, इसलिए क्वालिटी से समझौता कतई ना करें। अगर अपनी कार्यशैली में कुछ बदलाव करने की जरूरत है तो आज ही कर लें। कार्य को आगे बढ़ाने की सोच रखें, हमेशा आगे बढ़ें। हरविंदर कल्याण लघु सचिवालय के सभागार में सीएम



अनाउसमेंट, पंचायती राज, एनएचआई, रेलवे तथा घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के साथ लगते नगरपालिका के विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थेय उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेंडिंग कार्य को जल्द शुरू करवाए और अंडर प्रोसेस कार्य को जल्द पूरा करवाएं ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं व विकास कार्यों का सीधा लाभ मिले और उनकी मूलभूत जरुरते पूरी हो सकें। स्पीकर ने कहा कि सीएम अनाउसमेंट को सभी विभागों के अधिकारी अपनी प्राथमिकताओं में शामिल करे ताकि कार्य जल्द से जल्द पूरे हो सकें। उन्होंने कहा कि आपसी तालमेल बनाकर कार्यों को जल्द पूरा करवाएं, बेवजह कार्यों को लंबित न रखें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अधिकारी फाइल उपर गई है कहना छोड़ दें, क्यूंकि ऊपर तो केवल भगवान है बल्कि ये कहें कि फाइल संबंधित अधिकारी के पास मुख्यालय गई है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों का दायित्व केवल फाइल को मुख्यालय भेजना ही नहीं, बल्कि उसे गंभीरता से फॉलो करना भी है। अगर किसी कार्य में दिक्कत आती है तो इसकी सूचना मुझे दे सकते हैं। बैठक में उपायुक्त उत्तम सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने अपने विभाग से संबंधित विकास कार्यों को तेज गति से पूरा करवाएं। जो कार्य पूरे हो चुके हैं उनका उदघाटन करवाएं, जिन कायो की प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है उनका शिलान्यास करवाएंय इन कार्यों की सूची बनवा कर उपायुक्त कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी विकास कार्य के निर्माण को लेकर एस्टीमेट तैयार करने से पहले फिजीबिलिटी चेक करें, ताकि कार्य को शुरू करवाने में किसी प्रकार की दिक्कत ना आए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि सीएम अनाउसमेंट से संबंधित स्टेटस रिपोर्ट को पोर्टल पर अपडेट करते रहें। डीसी ने निर्देश दिए कि आने वाले समय में बैठको में केवल विभागाध्यक्ष ही उपस्थित रहें और अपडेट होकर आएं।

# भगवान श्री परशुराम सभा ने की भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बडौली पर दर्ज मामले की निंदा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भगवान श्री** परशुराम सभा के प्रधान प्रमोद शर्मा की अध्यक्षता मे कैथल रोड पर स्थित कार्यालय मे बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में ब्राह्मण समाज के विषय मे विशेषकर ब्राह्मण समाज से प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली पर दर्ज मामले कि कढ़ी निदां की। इस मौके पर संगठन के संरक्षक नरेश शर्मा बस्सी, पंडित सोमदत्त शर्मा, नरेश बस्सी ,हरिचरण शर्मा नरेन्द्र शर्मा ,महेश कौशिक, विजय शर्मा सिरसी,



जोगिन्द्र शर्मा, सुरेश शर्मा, बलवान शर्मा एवं उपस्थित समाज के लोगो ने इसे राजनैतिक षडयंत्र बताया तथा संस्था के युवा अध्यक्ष सतीस शर्मा ने तथा जय प्रकाश शर्मा नोटरी के पुत्र समाजसेवी पंकज शर्मा ने इस राजनैतिक सिस्टम की कड़ी निंदा की व आपत्ति जताई। संस्था के प्रधान प्रमोद शर्मा ने बताया कि राजनैतिक द्वैष व षडयंत्र के चलते हिमाचल पुलिस द्वारा यह मामला दर्ज करवाया गया है, जिसमें कोई सच्चाई नही है

# संपादकीय

## बीते जमाने की बात होती सोशियोट्रॉपी

**सामाजिक** ताने-बाने में बदलाव को इस तरह से आसानी से समझा जा सकता है कि सोशियोट्रॉपी आज बीते जमाने की बात होती जा रही है। कोरोना के बाद तो हालात में और भी अधिक बदलाव आया है। आज की पीढ़ी में सामाजिकता का स्थान वैयक्तिकता लेती जा रही है। एक समय था जब सामाजिकता को वैयक्तिकता के स्थान पर अधिक तरजीह दी जाती थी। परिवार, मोहल्लों और आसपास कोई ना कोई ऐसे अवश्य मिल जाते थे जो जगत मामा तो कोई जगत काका तो कोई जगत दादा होते थे। छोटा हो या बड़ा, दादी हो या पोती, सास हो या बहू सब उन्हें प्रसिद्ध नाम से ही पुकारते थे। यह था एक तरह का अपनत्व। इस तरह के व्यक्तित्व वाले व्यक्ति सभी के चहेते होते थे तो जान-पहचान हो या ना हो, वे जरूरत के समय पहुंच जाते थे। सुख-दुख खासतौर से मुसीबत के समय ऐसे व्यक्ति आगे रहते थे। हालांकि आज इस तरह के व्यक्तित्व को ढूंढ़ना लगभग असंभव सा है। दरअसल, हमारी परंपरा व्यष्टि का ना होकर समष्टि की रही है। बच्चों को पहले सामाजिकता का पाठ पढ़ाया जाता था। बच्चे मोहल्ले के सभी घरों को अपना ही घर मानकर चलते थे तो मोहल्ले में रहने वाले किसी का भी बच्चा हो उसे अपने बच्चे जितना ही प्यार और दुलार देते थे। दुख-दर्द में पूरा मोहल्ला साथ हो जाता था। मोहल्ले में किसी घर में मौत हो जाती थी तो पड़ोसी उस परिवार को संभालने और देखभाल की जिम्मेदारी स्वयं अपने हाथ में ले लेते थे। शादी-विवाह में काम बंट जाता था, आज तो कैटरिंग का जमाना आ गया नहीं तो सैकड़ों लोगों को परिवार और मोहल्ले के युवा ही भोजन कराने की जिम्मेदारी निभा लेते थे। हलवाई के काम शुरू करते ही मोहल्ले के लोग बारी-बारी से देखरेख व सहयोग के लिए तैयार रहते थे। आज यह सब बदल गया है। गगनचुंबी इमारतों में कई परिवार रहते हैं और हालात यहां तक हो गए हैं कि एक ही कॉम्पलेक्स या अपार्टमेंट में रहने वाले एक-दूसरे को पहचानते नहीं। ऐसे में आपसी सहयोग और मेल-मिलाप की बात करना बेमानी होगा। सोशियोट्रापी मनोविज्ञान में प्रयोग होता है। इसे सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही अर्थों में लिया जाता है। दूसरों को खुश रखने की खुशी में अपने खुशी को भूल जाना वाली मनोस्थिति को भी सोशियोट्रापी के रूप में देखा जाता है। यही कारण है कि इस एकांगिग अर्थ को लेने के चक्कर में सोशियोट्रापी मानसिकता वाले लोगों के अवसादग्रस्त, तनाव पीड़ित और हमेशा चिंतित रहने की मनोदशा को साइड इफेक्ट के रूप में देखा जाता है। जबकि सोशियोट्रापी यहीं तक सीमित नहीं है। दूसरे के दुख-दर्द में भागीदार होना, आवश्यकता के समय निःस्वार्थ सहयोग व सहायता करना, दूसरे की परेशानी को समझना और उसे दूर करने में यथासंभव सहयोग करना यह सोशियोट्रापी का ही एक रूप है। हमारी परंपरा में जो व्यक्ति केवल अपने आप के बारे में सोचता है उसे एकलखोर या स्वार्थी कहा जाता रहा है। हमारी परंपरा वसुधैव कुटुम्बकम की रही है। हमारी परंपरा में दूसरे की उन्नति देखकर प्रसन्न होने की भावना रही है। खुशी के मौके पर मिठाई बांटना खुशी में सभी को भागीदार बनाना है। इसी तरह से जरूरत के समय खड़े हो जाना जरूरतमंद के लिए संबल होता है।

# अंधविश्वासः मनुष्य को पशु बनाता दीमक

बलदेव राज भारतीय

> यह समस्या हजारों वर्षों से चली आ रही है और समय-समय पर समाज सुधारकों द्वारा इसके खिलाफ आवाज उठाई जाती रही है। स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना करते हुए तर्क और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने का प्रयास किया। राजा राम मोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर और अन्य समाज सुधारकों ने भी अंधविश्वास और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ अभियान चलाए। लेकिन इसके बावजूद, 21वीं सदी में ऐसी घटनाएं यह संकेत देती हैं कि शिक्षा और जागरूकता की रोशनी अभी भी समाज के हर कोने तक नहीं पहुंच पाई है। अंधविश्वास का सीधा संबंध अशिक्षा, गरीबी और सामाजिक भेदभाव से है। जिन क्षेत्रों में शिक्षा का अभाव है, वहां अंधविश्वास गहरी जड़ें जमा लेता है

**मनुष्य** एक सामाजिक प्राणी है, जिसे प्रकृति ने बुद्धिमत्ता, संवेदनशीलता और विवेक जैसे अद्वितीय गुणों से विभूषित किया है। परन्तु जब यही मनुष्य पशुवत व्यवहार करने लगता है तो वह अपने आचरण से इन गुणों का न केवल अपमान करता बल्कि मानव की गरिमा को चोट पहुंचकर पूरी मानवता को शर्मिंदा करता है। आज मनुष्य जब अंतरिक्ष में नए नए ग्रहों की खोज कर रहा है, दूसरे ग्रहों पर जीवन की तलाश कर रहा है, तो वहीं पृथ्वी पर दूसरों के लिए नारकीय वातावरण क्यों बना रहा है? इतिहास की उपलब्धियां, अंतरिक्ष की खोज, विज्ञान और तकनीकी विकास निस्संदेह हमें गर्वित करते हैं, लेकिन जब ऐसी घटनाएं घटित होती हैं, जिनमें मनुष्य अपने ही तरह के मनुष्यों के साथ अमानवीय व्यवहार करता है, तो यह सोचने पर विवश करता है कि क्या वास्तव में मनुष्य सबसे बुद्धिमान और संवेदनशील प्राणी हैं? महाराष्ट्र के अमरावती जिले के रेत्याखेड़ा गांव में 30 दिसंबर 2024 को घटित एक लोमहर्षक घटना ने एक बार फिर मानवता को कलंकित कर दिया। इस घटना में एक 77 वर्षीय बुजुर्ग महिला को काला जादू करने के आरोप में उसके पड़ोसियों और गांव वालों द्वारा न केवल बुरी तरह पीटा गया, बल्कि लोहे की छड़ों से दागा गया, उसे मूत्र पीने और कुत्ते का मल खाने पर विवश किया गया। यह घटना उस समय हुई जब महिला घर में अकेली थी, और उसका परिवार मजदूरी के लिए बाहर गया हुआ था। घटना की सूचना पुलिस को तब मिली जब महिला का बेटा और बहू 5 जनवरी को घर लौटे। इस घटना ने एक बार फिर यह साबित किया कि आज भी हमारा समाज अंधविश्वास, पाखंडों और अमानवीयता की बेड़ियों में जकड़ा हुआ है। स्वतंत्रता प्राप्ति के 77 वर्षों के बाद भी, देश में शिक्षा, विज्ञान और तकनीकी विकास के बावजूद ऐसे कृत्य हो रहे हैं जो हमारे नैतिक और सामाजिक मूल्यों पर गंभीर प्रश्न खड़े करते हैं।

रेत्याखेड़ा की घटना अंधविश्वास और पाखंड का कोई एकमात्र उदाहरण नहीं है। कुछ महीने पहले उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के एक निजी आवासीय विद्यालय में विद्यालय की प्रगति के लिए तंत्र-मंत्र और बलि देने की कुप्रथा का



एक और भयावह मामला सामने आया। जिसमें स्कूल प्रबंधक ने स्कूल की सफलता के लिए दूसरी कक्षा के एक 11 वर्षीय छात्र की बलि दे दी। जांच होने पर यह भी खुलासा हुआ कि पहले भी दो छात्रों की इसी प्रकार बलि दी गई थी। यह मामला न केवल अंधविश्वास और क्रूरता का चरम है, बल्कि यह भी दिखाता है कि शिक्षा के मंदिर की प्रगति के लिए अंधे हुए प्रबंधक शिक्षार्थियों की बलि देकर किस प्रकार से अंधविश्वास और पाखंड का शिकार हो जाते हैं। इसी प्रकार की एक घटना त्रिपुरा के एक गांव में 2023 में हुई। इस क्षेत्र में डायन प्रथा और काले जादू के नाम पर महिलाएं अक्सर अमानवीयता और अंधविश्वास की बलि चढ़ जाती हैं। 2023 में घटी इस घटना के अनुसार गांव के कुछ लोगों ने एक विधवा महिला को डायन घोषित कर उसे गांव से बाहर निकालने की कोशिश की। विरोध करने पर महिला को गांव के बीचो-बीच नग्न कर, लाठियों से पीटा गया। इस घटना ने यह साबित किया कि आज भी समाज में महिलाएं सबसे आसान शिकार होती हैं और उनके प्रति यह हिंसा अंधविश्वासी मानसिकता और अज्ञानता की उपज है। भारत में अंधविश्वास कोई नई समस्या नहीं है।

यह समस्या हजारों वर्षों से चली आ रही है और समय-समय पर समाज सुधारकों द्वारा इसके खिलाफ आवाज उठाई जाती रही है। स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना करते हुए तर्क और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने का प्रयास किया। राजा राम मोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर और अन्य समाज सुधारकों ने भी अंधविश्वास और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ अभियान चलाए। लेकिन इसके बावजूद, 21वीं सदी में ऐसी घटनाएं यह संकेत देती हैं कि शिक्षा और जागरूकता की रोशनी अभी भी समाज के हर कोने तक नहीं पहुंच पाई है। अंधविश्वास का सीधा संबंध अशिक्षा, गरीबी और सामाजिक भेदभाव से है। जिन क्षेत्रों में शिक्षा का अभाव है, वहां अंधविश्वास गहरी जड़ें जमा लेता है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां लोग अपनी समस्याओं का हल तंत्र-मंत्र और झाड़-फूंक में खोजते हैं, वहां यह समस्या और गंभीर हो जाती है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं है। समाज के हर व्यक्ति को अपना दायित्व समझना होगा। हमें शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से अंधविश्वास और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी। शिक्षा के माध्यम से लोगों को तर्कशील बनाना और उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना सबसे महत्वपूर्ण कदम है।

विशेषकर ग्रामीण, आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा के प्रचार-प्रसार पर अधिक ध्यान देना होगा। डायन प्रथा, तंत्र-मंत्र और बलि जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ सख्त कानून पहले से मौजूद हैं, लेकिन इनके प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता है। दोषियों को कड़ी सजा देकर समाज को यह संदेश देना होगा कि ऐसे कृत्य किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। सरकार और गैर-सरकारी संगठनों को मिलकर ऐसे अभियान चलाने होंगे जो अंधविश्वास और कुप्रथाओं के खिलाफ जागरूकता फैलाएं। धर्म के नाम पर फैलाए जाने वाले अंधविश्वास और आडंबरों के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। धार्मिक नेताओं को समाज सुधार के लिए अपने प्रभाव का सही उपयोग करना चाहिए।

मनुष्य को यह समझने की जरूरत है कि उसकी बुद्धिमत्ता का उपयोग दूसरों की भलाई और समाज की उन्नति के लिए होना चाहिए। मानवता का वास्तविक अर्थ तभी सिद्ध होगा, जब हम अपने आचरण से प्रेम, करुणा और समानता का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। रेत्याखेड़ा, हाथरस, त्रिपुरा और ऐसी ही अनेक घटनाएं जो अखबारों की सुर्खियां भी नहीं बन पाती और हम उनसे अनभिज्ञ रह जाते हैं, समाज के लिए एक चेतावनी हैं। अगर हमने समय रहते अंधविश्वास, अशिक्षा, पाखंड और अमानवीयता के खिलाफ कदम नहीं उठाए, तो यह समस्या भविष्य में और विकराल रूप ले सकती है। टेलीविजन चैनल इसमें महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कोई भी टेलीविजन चैनल ऐसा कोई कार्यक्रम प्रस्तुत न करे जो किसी भी प्रकार के अंधविश्वास को बढ़ावा दे। सरकार को ऐसा सेंसर बोर्ड बनाना चाहिए जो किसी भी धारावाहिक, नाटक या अन्य सामग्री का भली प्रकार निरीक्षण करे तथा सुनिश्चित करे कि कार्यक्रम में ऐसी कोई सामग्री नहीं है जो समाज में अंधविश्वास, पाखंड इत्यादि को बढ़ावा दे रही हो। समय समय पर ऐसी घटनाओं के लिए टीवी चैनल चेतावनी जारी करें ताकि लोग ऐसा दुष्कृत्य करने से पहले सौ बार सोचें। अंधविश्वास एक ऐसा दीमक है जो मनुष्य को पशु बनने पर विवश का देता है, उसकी बुद्धि हर लेता है। अतः इस दीमक को नष्ट करने के लिए यह जरूरी है कि हम अपने भीतर और अपने समाज में बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हों। तर्क और संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ते हुए हम अंधविश्वास, क्रूरता और पाखंड के जाल को तोड़ सकते हैं। यही वह मार्ग है जो हमें एक सच्चे मानव समाज की ओर ले जाएगा।

# कविता

## मैं का मिथ्या प्रलाप।

हम ना होंगे तो क्या होगा।
मैं ना रहूंगा तो क्या होगा।

सब कुछ वही होगा
जो होता आया है।

समय के आप एक पल,
एक क्षण, समय समग्र।

यह मन की एक मिथ्या,
दिग्भ्रम,
मेरे ना रहने से सब थम जाएगा।

एक सितारे के टूटने से
आसमान खाली नहीं होता।

जुगनू के रहने ना रहने से
रात का अंधेरा नहीं छटता।

मेरा अहम, मेरा मुगालता
केवल मिथ्या और भ्रम,
श्रेष्ठ सबसे मानव धर्म।

कर्म ही मानव का
अंतिम सत्य और धर्म है।

मैं और मेरे होने का मतलब
एक जीव का संसार में होना,
नहीं होना,
एक जंतु के होने,
नहीं होने जैसा है।

सम्राट अशोक जी युद्ध के बाद
बुद्ध की शरण में आए थे,
मिथ्या से सत्य की खोज में,
शरणागत।

संजीव

## बहुकोणीय दिल्ली विधानसभा चुनावों में रेवड़ियों पर दाँव

**मृत्युंजय दीक्षित**

वर्ष 2025 का पहला विधानसभा चुनाव देश की राजधानी दिल्ली में होने जा रहा है। दिल्ली में विगत दस वर्षों से आम आदमी पार्टी की सरकार चल रही है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व्यक्तिगत और आप पार्टी के संयोजक के रूप में शराब घोटाले के मुख्य आरोपी हैं तथा सुप्रीम कोर्ट की दया पर जमानत पर घूम रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की कड़ी शर्तों के बाद भी वह जनता के बीच लोकलुभावन घोषणाएं कर जनता को गुमराह कर रहे हैं कि मानो कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया हो। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया सहित कई अन्य मंत्री व विधायक जेल यात्रा कर चुके हैं तथा कई पर गंभीर आरोपों के चलते जमानत पर हैं।आप सरकार के दो विधायकों पर बांग्लादेशी और रोहिंग्या को बसाने के मामले में गहन जांच चल रही है। अरविंद केजरीवाल पर शीशमहल जैसे कई अन्य घोटालों के भी दाग भी लगे हुए हैं। दिल्ली सरकार का शायद ही कोई भी विभाग ऐसा बचा है जहां हजारों करोड़ का घेटाला न हुआ हो और यह सच्चाई कैग रिपोर्ट से भी प्रकट हो रही है और यही कारण है कि आप सरकार ने कैग रिपोर्ट विधानसभा सत्र में प्रस्तुत नहीं करी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में आप सरकार को निशाने पर लेते हुए इसे आप-दा बाताया और जनता से इसे उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। इस बार कांग्रेस पार्टी भी दिल्ली चुनावों में कमर कस रही है तथा बसपा और एआईएआईएम जैसे कट्टर मजहबी भी चुनावी जंग में उतर चुके हैं। समाजवादी पार्टी ने आप-दा के साथ ही रहने का मन बनाया है। 17 जनवरी को नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि के साथ ही चुनाव की तस्वीर एक सीमा तक स्पष्ट हो गई है। प्राथमिक और मोटे तौर पर दिल्ली चुनाव में सभी दल रेवड़ियों पर ही दाँव खेलते दिखाई दे रहे हैं शेष सभी मुद्दे गौण हैं। भाजपा ने जारी किया संकल्प पत्र - दिल्ली विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी इस बार केजरीवाल को उसी की भाषा में उत्तर दे रही है। पार्टी ने आप के घोटालों, दिल्ली में बढ़ रहे प्रदूषण, यमुना नदी की दयनीय स्थिति व मुफ्त नल की असलियत को मुददा बनाते हुए अपना संकल्प पत्र जारी किया है। ऐसा पहली बार हुआ है कि भाजपा ने अपना पूरा संकल्प पत्र नहीं जारी किया है अपितु उसका एक अंश ही जारी किया है और आगामी दिनों में वह कुछ योजनाएं व संकल्प लगातार जारी करती रहेगी। भाजपा इस बार झुग्गीवासियों का बहुत ध्यान रख रही है और उनके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास देने का वादा किया है। मध्य प्रदेश, राजस्थान व हरियाणा की की ही तरह गरीबों के लिए 5 रुपये में भोजन देने की घोषणा करते हुए पार्टी ने कहा कि इसके लिए अटल कैंटीन योजना का आरम्भ किया जाएगा।

# विचार

## विस्तारवाद की आड़ में आतंकवादी मंसूबे

**आतंकवाद** एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं ,यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेल रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है। दुनिया के प्रत्येक देश में आतंकवाद किसी न किसी रूप में आज मौजूद है। आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं। आतंकवाद को वृहद रूप देने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने भी बड़ा साथ दिया है, आतंकवादियों, नक्सलवादियों और नस्ल वादियों के लिए रसायनिक, नाभिकीय, जैविक मानव बम जैसे आधुनिक हथियार उपलब्ध होने से यह आतंकवादी गतिविधियां और भी खतरनाक हो गई है। इसके अलावा मीडिया में इंटरनेट उपलब्धता से यह सारी सरकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो जाती है इससे आतंकवादी और ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं। विश्व में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर 11 सितंबर 2001 आतंकवादी हमला मानव इतिहास की सबसे क्रूर तम हमला माना जाता है। पाकिस्तान के पेशावर जिले में आर्मी स्कूल में 150 मासूम बच्चों की निर्मम हत्या भी एक क्रूर आतंकवादी घटना है' भारत में 1993 में मार्च में श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोट इसी तरह दिसंबर 2001 में संसद भवन पर हमलावाराणसी बम विस्फोट, अहमदाबाद में बम विस्फोट, 2008 में मुंबई ताज होटल पर हमला,2016 में पठानकोट एयरबेस हमला, 2017 में अमरनाथ तीर्थयात्रियों हमला, 2019 में पुलवामा हमला आतंकवादी घटनाएं हैं जिससे मानवीय संवेदनाएं, शांति स्थापना की मूल धारणा की धज्जियां उड़ जाती है' भारत में तो नक्सलवाद भी आतंकवाद का एक वृहद रूप ले चुका है' आतंकवाद का सबसे भयानक रूप यह है की कोई भी देश यह नहीं जानता कि आतंकवाद का अगला निशाना कौन सा देश और कौन सी इमारत, रेलवे स्टेशन, वायुयान और कौन सा धार्मिक स्थल होगा।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## सड़क हादसों पर गड़करी की चिन्ता जायज

**प्रेम शर्मा**

**भारत की स**ड़कों की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक में आए दिन सवाल सामने आते रहे है। कभी सड़क निर्माण होने के एक माह और तीन माह के बीच ही सड़क की परतें बिखरने, शहरों में बनने वाली सड़कों दस फिट से लेकर 15 फिट तक होल होने सहित कई घटनाएं सामने आती रहती है जो इस बॉत का प्रमाण है कि सड़कोंश के निर्माण में गुणवत्ता और नियमों की कही न कही अनदेखी की जा रही है। 2021 में देश में सड़क हादसों में 1,53,972 मौतें हुई थीं, जो 2022 में बढ़कर 1,68,491 हो गईं। हालिया केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 12 दिसंबर को कहा था कि दुनिया में सड़क हादसों को लेकर सबसे खराब रिकॉर्ड हमारा है। सड़क हादसों पर उनकी याह चिन्ता बिलकुल जायज है। सड़क दुर्घटनाएं ना केवल जान-माल की हानि करती है, बल्कि इससे देश की अर्थव्यवस्था पर (स्वास्थ देखभाल की नजर से) भी काफी दुष्प्रभाव पड़ता है। हालाकि हर सड़क दुघर्टना में सड़के ही जिम्मेदार हो ऐसा नही है। कई सड़क दुघर्टनाओं में देखा गया है कि ज्यादा रफ़्तार से गाड़ी चलाने, नशे में गाड़ी चलाने, गाड़ी चलाते समय मोबाइल पर बात करने, ओवरटेकिंग करते समय लापरवाही, यातायात के नियमों का उल्लंघन, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक न होने, वाहन चालकों का यातायात के चिह्नों पर ध्यान न देना और पैदल चलने वालों का भूमिगत और पैदल पारपथ का इस्तेमाल न करने के कारण भी सड़क दुर्घटनाओं में मौते हुई है। यानि सड़क दुर्घटनाओं पर काबू न पाए जा सकने को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री की चिंता वाजिब है। इसके लिए वे खराब सड़क निर्माण को जिम्मेदार मानते हैं। इसके पहले भी उन्होंने संसद में कहा था कि विदेश में जब भी भारत में सड़क दुर्घटनाओं और सड़कों के निर्माण को लेकर बात होती है, तो उन्हें शर्म से मुंह छिपाना पड़ता है। सड़क दुर्घटनाओं के मामले में भारत दुनिया में पहले स्थान पर है। उनके अनुसार खराब सड़क निर्माण को गैर-जमानती अपराध बना दिया जाना चाहिए।

## शिक्षा का प्रसार : दावे और हकीकत

**तनवीर जाफरी**

**पूर्व प्रधानमंत्री** डॉक्टर मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व काल में यू पी ए के शासन के समय देश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 कानून बनाया गया था जिसके तहत, 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों को मुफ़्त और अनिवार्य शिक्षा दिये जाने की व्यवस्था है। यह एक मौलिक अधिकार है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 21अ के तहत, 6 से 14 साल के सभी बच्चों को यह अधिकार दिया गया है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत भी इस अधिकार को सुनिश्चित किया गया है। सवाल कि क्या यह कानून धरातल लागू हो भी पा रहा ? क्या देश के अधिकांश गरीब परिवारों को इस कानून की जानकारी भी पहुंचाई जाती है ? क्या देश की सरकारें स्कूल्स को वह बुनियादी ढांचा मुहैय्या करा रही हैं जिसकी उन्हें जरुरत है ? खासकर देश के सरकारी स्कूल्स का क्या हाल है इन को लेकर सरकार की क्या नीयत है ? वर्तमान सत्ताधारी प्रायः यह कहते भी सुनाई देते हैं कि युवा नौकरी मांगने वाले नहीं बल्कि स्वयं नौकरी देने योग्य बनें। यह बात सुनने में तो कानों को भाती जरूर हैं परन्तु यह हकीकत से कोसों दूर है। कोई भी युवा जो खुद नौकरी की तलाश में है उसे पहले तो शिक्षित व आर्थिक रूप से संपन्न होना जरूरी है। परन्तु इस समय देश के अधिकांश उत्तर भारतीय राज्यों से स्कूल्स के संबंध में जो समाचार आते हैं उन्हें देखकर तो सरकार के शिक्षा के प्रसार के दावों पर सवाल उठना लाजमी है। पिछले दिनों राजस्थान से एक खबर आई जिससे पता चला कि राजस्थान की भजनलाल सरकार द्वारा गत मात्र 10 दिनों के भीतर ही लगभग 500 सरकारी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी द्वारा गत 16 जनवरी को ही राज्य में 260 सरकारी स्कूल बंद होने का आदेश जारी किया गया। इसी तरह लगभग 10 दिन पहले भी 190 सरकारी स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया गया था। इसी राज्य में कई स्कूल ऐसे हैं, जहां एक भी बच्चे ने एडमिशन नहीं लिया है। वहीं निजी स्कूलों में छात्र-छात्राओं की संख्या में लगातार वृद्धि होती जा रही है।

## न्यूज फ्लैश

### अलग-अलग स्थानों से तीन व्यक्ति लापता, पुलिस को सुराग नहीं मिला

**गन्नौर । गन्नौर व** बड़ी थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग स्थानों से व्यक्ति लापता हो गए। पहली घटना में दामोदर निवासी अलीगढ़ ने थाना बड़ी में दी शिकायत में बताया कि वह बड़ी में किराये पर रहता है। उनका 17 वर्षीय बेटा अजय 15 जनवरी को सुबह 10 बजे बिना बताए घर से चला गया। परिवार द्वारा काफी तलाश के बाद भी अजय का कोई सुराग नहीं मिला। बड़ी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना में, गन्नौर निवासी मीना ने थाना गन्नौर में अपने 50 वर्षीय पति बसंत के गुम होने की शिकायत दी। मीना ने बताया कि 4 जनवरी 2025 को उसके पति बिना किसी को बताए घर से निकला था। तीसरी घटना खुबडू गांव की है, जहां रजनी ने थाना गन्नौर में अपने 28 वर्षीय पति मोनू की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। मोनू 3 जुलाई 2024 को गाड़ी पर जाने की बात कहकर निकला था और तब से लापता है। तीनों मामलों में संबंधित थानों की पुलिस ने शिकायत दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### जीटी रोड पर तेज रफ्तार बस की टक्कर से बाइक चालक घायल

**गन्नौर । जीटी रोड** पर तेज रफ्तार बस की टक्कर से बाइक चालक घायल हो गया। बाइक चालक ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में गांव बड़ौत के रहने वाले हार्दिक गोस्वामी ने बताया कि 9 जनवरी को वह अपनी बाइक से कालेज जा रहे थे। लौटते समये एक तेज रफ्तार से आ रही बस ने उसकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर और बेहोश हो गया। स्वजन ने उसे पानीपत के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। परिवार ने बताया कि हादसे के दौरान बस का मालिक ऋषभ जैन समझौते के लिए आया था। हार्दिक ने आरोपित बस चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बीएसटी मोड़ के पास तेज रफ्तार डंफर ने बाइक को मारी टक्कर

**गन्नौर । बीएसटी मोड़** के पास एक तेज रफ्तार डंफर ने बाइक चालक को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चालक घायल हो गया। उसने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में पांची गुजरान निवासी राज सिंह ने बताया कि 5 जनवरी को वह अपनी बाइक गन्नौर से घर लौट रहा था। जब वह बीएसटी मोड़ के पास पहुंचा, तो एक तेज रफ्तार हाईवा ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। राहगीरों ने उसे गन्नौर के सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सोनीपत के निजी अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### प्रिंस सरोहा ने किया गोल्ड मेडलिस्ट अक्षित नान्दल को सम्मानित



**सोनीपतः हरिद्वार में आयोजित** 50वीं जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में गोल्ड मेडलिस्ट श्री अक्षित नान्दल जी के स्वागत एवं अभिनन्दन समारोह में सोनीपत कार्यकारी मेयर राजीव सरोहा के बेटे व युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा ने शिरकत की एवं अक्षित नान्दल का स्वर्णिम सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। अभिनन्दन समारोह में प्रिंस सरोहा ने बताया कि अक्षित नान्दल ने स्वर्ण पदक जीतकर पूरे सोनीपत का मान बढ़ाया है एवं ये सफलता सोनीपत क्षेत्र से सभी युवाओं को प्रेरित करेगी।

# दरोगा शहर की साफ-सफाई को करें चकाचक, अपनी बीट को बनाएं सर्वश्रेष्ठ : डा. वैशाली शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। स्वच्छ सर्वेक्षण** में टॉप रैंकिग लाने को लेकर नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने शनिवार सांय निगम कार्यालय के सभागार में सफाई दरौगाओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में उन्होंने दरौगाओं को मेरी बीट-मेरी पहचान का मंत्र देते कहा कि वह अपनी बीट को शहर की सबसे स्वच्छ व सुंदर बीट बनाएं। बैठक में अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार भी मौजूद रहे। निगमायुक्त ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से सफाई व्यवस्था को लेकर चल रहे लगातार दौरों के दौरान देखने में आया है कि शहर में साफ सफाई का स्तर अच्छा है। इसे लेकर नागरिकों को प्रतिक्रियाएं भी मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि हमें ओर



अच्छा कार्य कर सफ सफाई के स्तर को ऊंचा उठाना है। उन्होंने सभी सफाईकर्मियों को सफाई मित्र का नाम दिया और कहा कि यही हमारे देश के असल हीरों है। क्योंकि यह लोगों को स्वच्छ वातावरण प्रदान करते हैं। इन्हीं के कारण हमारा देश स्वच्छता की नई ऊंचाईयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि सफाई मित्रों का वेतन काटकर अच्छा नहीं लगता, परंतु व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कदम उठाने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि आगामी माह फरवरी में स्वच्छ सर्वेक्षण हो सकता है। इसे लेकर सभी सफाई मित्र पूरी लगन के साथ सफाई कार्यों को करें। कोई भी कर्मचारी अनावश्यक छुट्टी न ले। सफाई कार्य के दौरान गली-मौहल्लों में नागरिकों को साफ सफाई और गीला व सूखा कचरा अलग-अलग करने के लिए जागरूक करते रहें। सडक पर कहीं भी कचरा नहीं दिखना चाहिए और न ही कहीं कचरा का ढेर लगे। सडके एवं फुटपाथ साफ.सुथरे रखें। शहर की सफाई को चकाचक करें और अपनी बीट को सर्वश्रेष्ठ बनाएं। उन्होंने कहा कि अगर कोई नागरिक सफाई मित्र के कार्य में बाधा डालता है या कोई मारपीट करता है, तो उसकी सूचना कार्यालय को दी जाए। नगर निगम की तरफ से उस व्यक्ति पर एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सफाई मित्र की सुरक्षा का जिम्मा हमारा है।

**सोमवार से बीट में प्रतियोगिता होगी शुरू :** निगमायुक्त ने कहा कि सोमवार से सभी बीट में साफ सफाई को लेकर प्रतियोगिता शुरू करवाई जाएगी। निगम अधिकारियों की टीम रोजाना बीट का निरीक्षण करेगी और साफ सफाई की निगरानी करेगी।

## सैनी समाज सभा द्वारा 2 फरवरी को किया जाएगा मुख्यमंत्री को सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/बाबैनः सैनी समाज** सभा कुरुक्षेत्र द्वारा 2 फरवरी को बाबहन में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा । हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सैनी समाज की ओर से सम्मानित किया जाएगा। मौके पर ही मुख्यमंत्री नायब सैनी बरगट रोड पर बनने वाले सैनी समाज के बड़े शिक्षण संस्थान की भी आधारशिला रखेंगे। सैनी समाज सभा कुरुक्षेत्र के इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से अन्य समाजों के लोग भी शामिल होंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए सैनी समाज सभा कुरुक्षेत्र के प्रधान गुरनाम सिंह सैनी की अध्यक्षता में किसान विश्राम गही बाबैन में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पूर्व सांसद सरदार गुरदयाल सिंह सैनी सभा के पूर्व अध्यक्ष बलजीत सिंह सैनी, सचिव अवतार सैनी प्रतापगढ़, जय भगवान सैनी छापर, सुरेश अजरावर गुरनाम गजलाना ,नायब पटाक माजरा, कौशल सैनी, सरपंच एसोसिएशन के प्रधान दुनी चंद टाटका, सरपंच बलदेव सिंह सैनी, सुरेंद्र सैनी, राकेश सुंदरपुर ,डिंपल सैनी ,सुभाष कासीथल ,कृष्ण सैनी, हरिकेश सैनी, छत्रपाल सैनी प्रतापगढ़ गुरमीतसिंह टाटका उपस्थित रहे।

## सैक्टर-12 में पेड़ों को कराया गया ट्री गार्ड मुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। आज** लक्ष्य जनहित सोसाइटी की ट्री गार्ड फ्री ट्री मुहिम सेक्टर 12 में चली, जिसके अंतर्गत लोहे के जाल में फंसे 2 पेड़ों को आजाद करवाया गया। इस मुहिम की जानकारी किसी राहगीर ने वीडियो बनाकर सोसाइटी के फाउंडर दिनेश बक्शी को भेजी थी, उसके चलते आज इन दोनों पेड़ों को आजाद करवाया गया। लक्ष्य जनहित सोसाइटी के फाउंडर दिनेश बक्शी ने बताया कि इन दोनों पेड़ों को ट्री गार्ड के साथ साथ लोगों द्वारा इन ट्री गार्ड में कई तरह की बेस्ट वस्तू भी डाल रखी थी।

## महाराणा प्रताप जी की पुण्यतिथि पर महिलाओं को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : सेवा ट्रस्ट यूके** भारत द्वारा महाराणा प्रताप जी की पुण्यतिथि पर महिलाओं को किया सम्मानित सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा आज महाराणा प्रताप जी की पुण्य तिथि पर मोहन नगर कुरुक्षेत्र में कामकाजी महिलाओं को अपनी को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से उनको उनकी जरूरत का सामान दिया गया।इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने कहा की माँ भारती के अमर सपूत, साहस, त्याग एवं स्वाभिमान के प्रतीक तथा वीरता व अदम्य शौर्य के परिचायक महाराणा प्रताप जी की पुण्यतिथि



पर उन्हें कोटिशः नमन।मातृभूमि के लिए आपका त्याग एवं बलिदान हम सभी के लिए एक महान प्रेरणा है। जिला मीडिया प्रभारी विजय पंघाल ने कहा की महाराणा प्रताप जी की पुण्यतिथि पर इस वीर महानायक को विनम्र श्रद्धांजलि।उनका साहस, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति अटूट प्रेम हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।उनकी अमर गाथा युगों-युगों तक हमारी आत्मा को प्रेरित करती रहेगी।सेवा ट्रस्ट के खंड कोआर्डिनेटर राजेश सैन- वह सुमन्त सैनी ने कहा कि भारतीय शौर्य, स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व आहुत करने वाले महान योद्धा, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की पुण्यतिथि पर शत-शत नमन। महाराणा प्रताप जी अद्भुत शौर्य, अदम्य साहस और दृढ संकल्प के अद्वितीय प्रतीक हैं। वह एक ऐसे महान योद्धा व शासक थे जिन्होंने राष्ट्र एवं धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। सिटी कोआर्डिनेटर सीमा देवी ने कहा की हमें चाहिए कि हम महाराणा प्रताप जी के दिखाए गए आदर्शों,सिद्धांतों और मार्ग पर चलते हुए एक आदर्श समाज के निर्माण कर सके । इस अवसर पर तेजस मित्तल, राष्ट्रीय सेवा योजना से स्नेहा वह समस्त महिलाएं उपस्थित रही।

## कारोबारी को दी बेटे की हत्या की धमकी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में एक** व्यापारी से एक लाख रुपए की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। आरोपी ने जिंदल मार्ट के मालिक के घर के बाहर लेटर फेंका है और पैसे न देने की सूरत में बेटे को जान से मारने की धमकी दी है। पीडित परिवार ने सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो आरोपी उनके जानने वाला ही निकला। परिवार ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। इंद्री निवासी संदीप जिंदल की इंद्री में जिंदल मार्ट के नाम से दुकान हैं। पीडित ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि 18 जनवरी की सुबह लगभग 11 बजे उनकी पत्नी को घर के गेट पर एक पत्र मिला। पत्र को पढे के बाद पता चला कि उसमें एक लाख रुपये की मांग की गई थी और पैसे न देने पर उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दी गई थी। डरे-सहमे संदीप जिंदल तुरंत अपने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने लगे, जिसमें साफ दिखा कि सोनू पांचाल नामक युवक लेटर फेंकता हुआ नजर आ रहा है और लेटर फेंक कर भाग रहा है। इस घटना से पूरा जिंदल परिवार डरा हुआ है। संदीप जिंदल ने बताया कि हम अपने बच्चे की सुरक्षा को लेकर बहुत डरे हुए हैं।

## बाराती पर ईंट से हमला, डांस के दौरान मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के गांव** कलसी में एक बाराती पर ईंट से जानलेवा हमला कर उसे घायल कर दिया गया। इतना ही नहीं आरोपियों ने बारातियों के साथ मारपीट और गाली-गलौज भी की। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। घायल बारातियों को नीलोखेड़ी के अस्पताल में भर्ती कराया गया। मेडिकल करवाने के बाद पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नीलोखेड़ी के समानाबाहू निवासी सोमनाथ ने थाना बुटाना में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने बताया है कि 5 जनवरी को उसके चचेरे भाई प्रदीप की शादी थी। अगले दिन 6 जनवरी को बारात गांव बड़ी कलसी में गई थी। बारात में सबकुछ नॉर्मल चल रहा था, लेकिन जैसे ही बारात पहुंची और चाय-पानी की व्यवस्था हो रही थी, तभी गांव छोटी कलसी का रोबिन वहां आ गया। आरोपी ने बिना वजह हुड़दंग मचाना शुरू कर दिया। बारातियों ने जब उसे रोकने का प्रयास किया तो वह झगड़े पर उतर आया। किसी तरह माहौल शांत कराया गया।

## सूरत सिंह बने भाजपा मंडल अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोहानाः भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपने मंडल अध्यक्षों** की सूची जारी की है जिसमें भाजपा के पूर्व मे भैंसवाल मंडल रहे सूरत सिंह को फिर से मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष सूरत सिंह ने बताया कि सबसे पहले मैं शीर्ष नेतृत्व का दोबारा से मुझ पर भरोसा करके भैसवाल मंडल अध्यक्ष बनाया है तो पहले से ज्यादा ताकत के साथ पार्टी के कार्यों का निर्वहन करुंगा और अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाऊंगा और चुनाव अधिकारी



एवं हरियाणा क यशस्वी मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ओर जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष तथा शीर्ष नेतृत्व का दिल से शुक्रिया अदा करता हूं।

## रॉयल स्टैग बूमबॉक्स - अपने तीसरे संस्करण के साथ लेकर आ रहा है अनुभवात्मक संगीत समारोह

**टीम एक्शन इंडिया**

**रोहतकः** सीग्राम रॉयल स्टैग बूमबॉक्स अपने तीसरे संस्करण के साथ वापस आ रहा है, जो समकालीन हिप-हॉप बीट्स के साथ बॉलीवुड की प्रतिष्ठित धुनों को एक अद्भुत मिश्रण पेश करेगा। मिर्ची द्वारा निर्मित इस सीजन के साथ, प्रभावी संगीत समारोह 14 जनवरी, 2025 को मुंबई में एक विशेष मीडिया ब्रीफिंग में अपने आगामी लाइनअप का प्रदर्शन किया जाएगा. यह अनूठा सांस्कृतिक फ्यूजन पारंपरिक और आधुनिक भारतीय संगीत के मिश्रण को फिर से परिभाषित करना जारी रखेगा, जो ब्रांड के ह्यलिविंग इट लार्जह्न दर्शन के अनुरूप है। ब्रांड के लिए उपभोक्ताओं के साथ सीधे जुड़ने का संगीत एक प्रमुख स्तंभ है। रॉयल स्टैग बूमबॉक्स हिप-हॉप की रॉ एनर्जी के साथ बॉलीवुड की कालातीत धुनो को एक साथ लाता है, जो आज की पीढ़ी के लिए जनरेशन लार्ज की मूल ध्वनि का निर्माण करता है। त्योहार का अनूठा प्रारूप एक अलग ध्वनि बनाता है जो आज के युवाओं के साथ प्रतिध्वनित होता है - एक ऐसा चलन जो रुझानों का अनुसरण करने के बजाये खुद अपने आप को बनाता है। यह त्योहार चार प्रमुख युवा केंद्रों - हैदराबाद, मुंबई, गुरुग्राम और गुवाहाटी का दौरा करेगा - जिसमें अत्याधुनिक इंटरैक्टिव अनुभवों के साथ प्रमुख संगीतमय कार्यक्रम शामिल होंगे। पिछले दो संस्करणों ने इन शहरों में करीब एक लाख लोगों को आकर्षित किया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 20 करोड़ से ज्यादा व्यू मिले हैं। उपस्थित लोग कला प्रतिष्ठानों, एआर/वीआर तकनीक के साथ-साथ एआई संचालित पर्सनलाइजेशन के साथ भी जुड़ सकते हैं।

## बडौली पर महिला से झूठे आरोप लगवा कर हिमालच प्रदेश में केस दर्ज करवाया : गौतम

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

हरियाणा ब्राहमण समाज के प्रदेशाध्यक्ष सतीश गौतम ने कहा कि ब्राहमण समाज ही नहीं बल्कि छत्तीस बिरादरी के लोग मोहन लाल बडौली के साथ खडे है। उन्होंने मोहन लाल बडौली को चरित्रवान व्यक्ति बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से मोहन लाल बडौली व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समेत सभी भाजपाइयों के प्रयासों से हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। वहीं मोहन लाल बडौली व सीएम नायब सैनी की जोडी प्रदेश की जनता की सेवा कर रही है।

## पानीपत पुलिस का नशा तस्करी पर कड़ा प्रहार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**पुलिस अधीक्षक** लोकेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में नशा तस्करी के खिलाफ चलाएं जा रहे अभियान के तहत पानीपत पुलिस को कामयाबी मिली है। सीआईए थ्री पुलिस टीम ने शनिवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर कवि गांव के पशु अस्पताल के पास नाकाबंदी कर एक कार सवार नशा तस्करों को काबू कर कार से 1 किलो 107 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपी नशा तस्कर की पहचान राजमल उर्फ काला निवासी कवि के रूप में हुई। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि प्रारंम्भिक पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह स्वय नशा



करने का आदी है। अपनी नशे की लत पूरी करने व मतलौडा आस पास के क्षेत्र में नशा तस्करी कर शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाने के लिए उक्त चरस करीब 2 महीने पहले हिमाचल से कम कीमत पर खरीदकर लाया था। आरोपी के खिलाफ थाना मतलौडा में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने रविवार को आरोपी नशा तस्कर को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 4 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से नशा सप्लायर के ठिकानों का पता लगा काबू करने का प्रयास करेंगी। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि शनिवार देर शाम उनकी एक टीम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान थाना मतलौडा क्षेत्र में कवि रोड पर मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली की एक युवक आल्टो कार में सवार होकर मतलौडा की तरफ आ रहा है। युवक के पास कार में भारी मात्रा में मादक पदार्थ होने की संभावना है। पुलिस टीम सूचना को पुख्ता मानते हुए कवि गांव के पशु अस्पताल के पास पहुंची। तभी कवि गांव की और से एक आल्टो कार आती हुई दिखाई दी। पुलिस टीम ने कार को रूकवाकर ड्राइवर सीट पर बैठे युवक से पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान राजमल उर्फ काला पुत्र ओमप्रकाश निवासी कवि गांव के रूप में बताई।

पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मेजिस्ट्रेट एईटीओ साहब सिंह की मौजूदगी में कार की तलाशी ली तो डेस बोर्ड के अंदर एक पोलोथिन से भारी मात्रा में नशे की खेप चरस बरामद हुई।

## प्रजापति समाज मेहनती समाज, इसका सम्मान गर्व की बात : हरपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**प्रजापति समाज द्वारा** आज जसबीर कॉलोनी में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा का अभिनंदन किया गया। अभिनंदन समारोह का आयोजन सुनील प्रजापति द्वारा किया गया था। जिसमें पहुंचने पर हरपाल ढांडा का प्रजापति समाज के प्रमुख लोगों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया जबकि पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं समारोह में बोलते हुए हरपाल ढांडा ने कहा कि हरियाणा सरकार बिना खर्ची बिना पर्ची के सरकारी नौकरियां योग्य युवाओं को दे रही है। इसलिए अपने बच्चों को अधिक से अधिक आधुनिक शिक्षा




दिलाकर योग्य बनाएं। जिससे वह बिना किसी सिफारिश के सरकारी नौकरियां प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आप लोगों की सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा यदि कोई आपको नाजायज परेशान करता है तो उसकी सूचना हमें जरूर दें। भाजपा के शासनकाल में किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा ना ही भ्रष्टाचार सहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रजापति समाज बहुत ही मेहनती समाज है। यह वो समाज है जो मिट्टी को भगवान का रूप देकर उसे पूजा के लायक बना देता है ऐसे समाज द्वारा उनका सम्मान किया जाना उनके लिए गर्व की बात है। इस सम्मान को वह हमेशा याद रखेंगे तथा समाज के लिए उनके जो भी बन सकेगा वह उससे पीछे नहीं हटेंगे। स्वागत करने वालों में रामेश्वर प्रजापत, बिट्टू प्रजापत, सतपाल नंबरदार,राजेश फौजी, सोहनलाल,सरदार गुरमीत सिंह,कश्मीर सिंह,जीत सिंह,नीटू प्रजापत,शिवकुमार प्रजापत, प्रवीण कुमार,विजय कुमार,सोहन बीर,राम किरण,विक्रम पेंटर,स.साहब सिंह,स.काबल सिंह,जय भगवान,सुंदर प्रजापत,रघुवीर सिंह,रामफल प्रजापत,मा.सुनील कुमार,लक्ष्मण प्रजापति आदि शामिल रहे। मंच संचालन राजमल सैनी ने किया।

## हिट एंड रन मोटर एक्सिडेंट केस में सरकार दे रही है पीड़ितों को आर्थिक सहयोगः डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**हिट एंड रन मोटर एक्सिडेंट केस** में भारत सरकार की ओर से दुर्घटना का शिकार हुए व्यक्ति अथवा उसके पीड़ित परिवार को समय बद्धता सुनिश्चित करते हुए आर्थिक सहयोग दिए जाने का प्रावधान किया गया है। डीसी ड़ॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने सरकार की ओर से दिए जाने वाले मुआवजे को लेकर कहा कि भारत सरकार की ओर से इस प्रक्रिया के लिए पूरी सहयोग स्वरूप व्यवस्था की गई है ताकि पीड़ित परिवार को निर्धारित समयावधि में ही राहत मिल सके। डीसी ने सरकार की इस कल्याणकारी सहयोग स्वरूप योजना के बारे में बताया कि हिट एंड रन मोटर एक्सिडेंट केस में यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो उसके परिजनों को दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने का प्रावधान है तथा यदि उक्त केस में गंभीर चोट लगी है तो उस पीड़ित को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहयोग राशि प्रदान की जाती है। डीसी ने बताया कि उक्त दोनों केस में निश्चित समयावधि के साथ आर्थिक सहयोग राशि आवेदक तक पहुंच जाती है। उक्त आर्थिक सहयोग राशि के लिए गंभीर चोट से ग्रस्त पीड़ित अथवा मृत्यु होने पर उनका कानूनी प्रतिनिधि आवेदक के रूप में जिस क्षेत्र में दुर्घटना घटी है उक्त क्षेत्र के उपमंडल अधिकारी ना. अथवा तहसीलदार के पास आवेदन करेगा और उसके बाद एक माह के अंतराल में संबंधित अधिकारी द्वारा जांच रिपोर्ट उपायुक्त के समक्ष पेश की जाएगी और 15 दिन के अंतराल में अतिरिक्त उपायुक्त की ओर से सेंक्शन आर्डर मोटर व्हीकल एक्सीडेंट फंड ट्रस्ट के तहत जनरल इंश्योरेंस काउंसिल को जारी कर दिए जाएंगे जिसके बाद 15 दिन में ही आवेदक के खाते में उक्त नियमानुसार आर्थिक सहयोग राशि पहुंच जाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### बाइक सवार युवकों ने झपटा मोबाइल

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र में घर से कंपनी जाने के लिए निकले श्रमिक का मोबाइल फोन झपटने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर बाइक सवार दो युवकों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस युवकों की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। हरदोई यूपी हाल में राजीव कॉलोनी निवासी देशराज ने बताया कि वह निजी कंपनी में कार्यरत है। गत 17 जनवरी को देर शाम को अपने घर से कंपनी में काम करने के लिए निकला था। वह गली के कोने पर पहुंचा। उसी दौरान रेलवे लाइन की तरफ से बाइक पर दो युवक आए। उन्होंने उसका मोबाइल फोन छीन लिया। अपने स्तर पर उन्हें पकड़ने के लिए पीछे भागा, लेकिन दोनों राठधाना की तरफ भाग गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई प्रदीप कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। युवकों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द बाइक सवारों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### जमीन बेचने के नाम पर महिला ने लगाया धोखाधड़ी का आरोप

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र में जमीन बेचने के नाम पर महिला से धोखाधड़ी करने व धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव बैंयापुर निवासी नीरज रानी ने बताया कि वह घरेलू कार्य करती है। उसने वर्ष 2017 में सात कनाल दस मरले जमीन सैदपुर निवासी बेदो से खरीदी थी। रजिस्ट्री होने के बाद पूरी रकम उसने दे दी। उसके बाद जमीन पर उनका कब्जा हो गया था। जमीन का कब्जा तक मंजूर हो गया था। जब उसने जमीन का इंतकाल व फर्द निकलाई। जिसके बाद जमीन का इंतकाल दर्ज व मंजुर हो गया था उसके बाद मैने बेदो पत्नी चरण सिंह वाली 7 कनाल 10 मरले जमीन खरीदने के लिए कागजात (फर्द / जमाबंदी /इंतकाल) निकलवाए तो पता चला की दिनेश ने हमे जमीन बेचने से पहले ही कुल 15 कनाल जमीन (जो कि बराबर -2 हिस्से मे मेरे व बेदो के नाम की थी) वही जमीन साल 2016 में दिनेश ने अपनी पत्नी सविता रानी के नाम रिलिज डीड करवाई हुई थी। दिनेश को यह सब पता होने के बाद भी मुझे व बेदों को धोखाधड़ी करके बेच दी। पटवारी के रिकॉर्ड अनुसार सविता रानी का इंतकाल खारिज मिला तथा पटवारी के रिकॉर्ड अनुसार जमीन का मालिक दिनेश था उपरोक्त विषय सम्बंध मे मैने व मेरे पति अशोक ने दिनेश से बात की तो दिनेश ने कहा की आप कोई कानूनी कार्यवाही मत करना वह सब ठीक करा देता है। जब हमने जमीन का सौदा किया तो दिनेश व उसका लड़का सन्नी लोहचब बतौर गवाह था। अब हम बार-बार दिनेश व उसके परिवार से निवेदन कर रहे है कि आप लोगों ने जो धोखाधड़ी हमारे साथ की हैं। उसका निपटारा करो लेकिन दिनेश आदि हमें बार-बार समय देता रहे और जब हमने थोड़ा सा दबाव देकर अपना पक्ष रखना चाहा तो दिनेश व उसका परिवार हमारे को डराने धमकाने लग गए। उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगे है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई प्रदीप कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों के खिलाफ आगामी कार्यवही अमल में लाई जायेगी।

# शांडिल्य ने झण्डी दिखाकर साईकिल यात्रा को किया रवाना

-हमारे वीर शहीदों के बलिदानों के कारण ही हम सुरक्षित, इसलिए उनके बलिदानों को रखे हमेशा याद- ब्रिगेडियर विकास राय

**सलाम**

**झण्डी दिखाकर रवाना करते हुए एनसीसी कैडेट्स द्वारा इतनी ठण्ड में किए जा रहे साहसिक कार्य को सलाम किया**



**सोनीपत, 19 जनवरी।** एनसीसी ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर विकास राय शांडिल्य ने रविवार को दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल (डीसीआरयूएसटी) पहुंचकर भारत के वीर-एक शौर्य गाथा थीम पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा निकाली जा रही साईकिल यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुए एनसीसी कैडेट्स द्वारा इतनी ठण्ड में किए जा रहे साहसिक कार्य को सलाम किया। ब्रिगेडियर विकास राय शांडिल्य ने कहा कि हमारे वीर क्रांतिकारियों के कारण हमें आजादी मिली और उनकी सहादत के कारण ही हम आज आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे है। हमारे वीर शहीदों के बलिदानों के कारण ही हम सुरक्षित है इसलिए हमें उनके बलिदानों को हमेशा याद रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि वीर शहीदों के बलिदानों को याद दिलाने के लिए ही एनसीसी कैडेट्स द्वारा यह साईकिल यात्रा निकाली जा रही है। जो 07 जनवरी को पंजाब के हुसैनीवाला से शुरू हुई थी और 20 जनवरी को नई दिल्ली स्थित डीजी एनसीसी ग्राउंड में पहुंचेगी। इस यात्रा में शामिल पुरूष व महिला कैडेट्स के जज्बे और बलिदान के कारण ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं 28 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होकर उन्हें सम्मानित करेंगे। उन्होंने कहा कि एनसीसी हमेशा लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहती है चाहे वो कोई भी कार्य हो एनसीसी कभी पीछे नहीं हटती। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं को सेना में शामिल होकर देश की रक्षा करने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ कैडेट्स में साहस, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, टीम भावना और राष्ट्र के प्रति सम्मान को विकसित करने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक युवा को अपनी वीर क्रांतिकारियों और शहीदों द्वारा किए गए त्याग को अपना संकल्प बनाकर देश की रक्षा व विकास के लिए कार्य करने चाहिए ताकि हमारे देश आगे बढ़ सके।

इस दौरान 12 हरियाणा बटालियन एनसीसी सोनीपत के कमान अधिकारी कर्नल अनुप रावत ने कहा कि आज के समय प्रत्येक युवा को एनसीसी जरूर ज्वाईन करनी चाहिए क्योंकि एनसीसी बच्चों में नेतृत्व करने का गुण पैदा कर उसे एक अच्छे नागरिक के रूप में तैयार करती है। उन्होंने बताया कि यह यात्रा यहां से बवाना, नजफगढ़ होते हुए गुरुग्राम पहुंचेगी। इसके पश्चात 20 जनवरी को गुरुग्राम से यात्रा नई दिल्ली के डीजी एनसीसी परेड ग्राउंड पहुंचेगी। इसके पश्चात 20 से 28 जनवरी तक कैडेट्स डीजी एनसीसी कैंप में रहेंगे। 28 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस अभियान में शामिल कैडेट्स को सम्मानित करेंगे। इस साइकिल अभियान के दौरान शामिल 24 कैडेट्स लगभग 703 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। इस मौके पर कर्नल सोमवीर डबास, मेजर संजय श्योराण, लेफ्टिनेंट डॉक्टर प्रदीप कुमार, सूबेदार मेजर सुरेश

# लुजोता में क्रिकेट प्रतियोगिता का देवेंद्र ने किया शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया /लालचंद कसाणा**

**नांगल चौधरी।** ब्लाक खंड के गांव लुजोता में आज से देवनारायण क्रिकेट प्रतियोगिता का देवेंद्र खटाना ने शुभारंभ किया। खटाना ने कहा,'युवाओं को नशे की लत से दूर रहना चाहिए व अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करना चाहिए। प्रति स्पधाएं युवाओं को निखरने का अवसर प्रदान करती है। जिसका हमें सदुपयोग करना चाहिए। खटाना बतौर मुख्य अतिथि लुजोता में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करने पहुंचे। प्रतियोगिता का पहला मैच जैलाफ व दयाल का नांगल के बीच रहा जिसमें जैलाफ की टीम विजेता रही। दूसरा मैच टीबा वर्सेस नांगल चौधरी के बीच रहा। जिसमें टिब्बा की टीम विजयी रही। ग्राम वासियों ने खटाना का भव्य स्वागत किया। किन्हीं कारणों से संतोष खटाना के न पहुंचने पर उन्होंने अपने स्थान पर अपने पुत्र देवेंद्र खटाना को देवनारायण क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करने के लिए अपने स्थान पर भेजा। उन्होंने प्रतियोगिता में इक्कीस हजार रुपए पुरस्कार स्वरूप दिए इस अवसर सरजीत, राहुल खटाना, संजय खटाना, धौलाराम पहलवान, नरेश कसाना, अशोक कसाना, नाजिम रावत संजय कसाना, राजू चंदेल, विक्रम पूर्व सरपंच, प्रदीप कसाना, सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

**प्रतियोगिता**

**युवाओं को नशे की लत से दूर रहना चाहिए व अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करना चाहिए: खटाना**

# गाड़ी का शीशा तोड़कर मोबाइल फोन व रुपये चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मुरथल** थाना सोनीपत पुलिस ने गाड़ी का शीशा तोड़कर मोबाइल फोन व रुपये चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। आरोपित सुनील निवासी बुलंदशहर, यूपी व नवदेश निवासी बरेली यूपी का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। असंध करनाल निवासी स्पर्श ने गत 23 जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसने असंध कस्बे में मोबाइल फोन की दुकान कर रखी है। वह अपनी गाड़ी लेकर दिल्ली गफ्फार मार्केट में गया हुआ था। करीब चार बजे वह अपनी गाड़ी से वापस आ रहा था। मुरथल पहुंचने पर वह ढाबे के सामने गाड़ी रोककर पानी की बोतल लेने के लिए उतरकर ढाबे पर चला गया। कुछ देर बाद वापस लौटा तो गाड़ी का शीशा टूटा हुआ पाया गया। गाड़ी के अंदर रखा बैग नहीं मिला। बैग में 12 मोबाइल व पचास हजार रुपये की राशि नहीं मिली। कोई उसे चोरी करके ले गया है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# जिला पुलिस ने शहर में डॉग स्क्वायड के साथ चलाया सर्च अभियान

**सेफ्टी**

**इस दौरान पुलिस टीम ने वहां पर रह रहे बाहरी लोगों की भी जानकारी ली तथा उनके पहचान पत्र भी जांचे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस ने शहर में डॉग स्क्वायड के साथ चलाए सर्च अभियान। शनिवार को थाना कृष्णा गेट एरिया में जिला पुलिस की टीम ने डॉग स्क्वायड के साथ एरिया के गान्धी नगर, इन्द्रा कालोनी में सर्च अभियान चलाया। पुलिस टीमों ने इन क्षेत्रों में विभिन्न संदिग्ध स्थानों की जांच की। इस दौरान पुलिस टीम ने वहां पर रह रहे बाहरी श्रलोगों की भी जानकारी ली तथा उनके पहचान पत्र भी जांचे। अभियान के तहत पुलिस ने बाहरी लोगों की पहचान सुनिश्चित की तथा संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की। पुलिस टीम ने वाहनों की जांच की तथा बिना नम्बर प्लेट वाहनों के चालान किये तथा बिना कागजात वाहनों को इम्पाऊंड किया। इसके साथ ही पुलिस ने नशे की तस्करी को लेकर विशेष जांच की। जानकारी देते हुए थाना कृष्णा गेट प्रबंधक निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के निर्देश पर जिला पुलिस की ओर से नशे की तस्करी, सुरक्षा के मद्देनजर और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को काबू करने के लिए यह सर्च अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री वर्ण सिंगला के दिशा-निर्देश पर नशा तस्करी, अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों को काबू करने के लिए यह सर्च अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश पर पुलिस की टीमें सर्च अभियान चलाकर संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी कर रही है। शनिवार को थाना कृष्णा गेट, सुभाष मण्डी चौंकी की टीम ने एन्टी नारकोटिक सैल व डॉग स्क्वायड के साथ गान्धी नगर, इन्द्रा कालोनी ,

शोरगिर बस्ती में विभिन्न स्थानों पर काम्बिंग सर्च अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने बिना कागजात के 3 मोटरसाइकिलों को इम्पाऊंड किया तथा बिना नम्बर प्लेट 6 मोटर साइकिलों के चालान काटे गए।

# मन की बात कार्यक्रम देश को नई ऊर्जा व दिशा देने का करता है कार्य: सुभाष सुधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम देश को एक नई ऊर्जा व दिशा प्रदान करता है। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के माध्यम से देश की सफलतम कहानियां हम सबके सामने रखते है, इनसे प्रेरणा लेकर देश का हर वर्ग अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए अग्रसर होता है। यह कार्यक्रम हम सबको कुछ नया करने की ओर संकल्पित करता है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा रविवार को मन की बात के 118 वें एपिसोड के प्रसारण कार्यक्रम उपरांत उपस्थितजनों को सम्बोधित कर रहें थे। उन्होंने कहा है कि आगामी 26 जनवरी को देश के संविधान लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहें है। यह हम सबके लिए गौरव की बात है। गणतंत्र के 75 वर्ष होने पर उन्होंने संविधान सभा के सभी सदस्यों को नमन किया और कहा कि हमारा संविधान पहले से सशक्त हुआ व समृद्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृतिक को प्रदर्शित करता महाकुम्भ का आयोजन भी हमें संगठित होने की प्रेरणा देता है।

इसका भी प्रधानमंत्री ने जिक्र किया है। आगामी 25 जनवरी को पूरा देश राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने जा रहा है। इसके लिए भी प्रधानमंत्री ने सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

**प्रेरणास्त्रोत**

**प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के माध्यम से देश की सफलतम कहानियां हम सबके सामने रखते है**

# शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए आमजन बरतें विशेष सावधानी: नेहा सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** उपायुक्त नेहा सिंह ने आम नागरिकों से शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की है। इन दिनों जिला में शीत लहर चल रही है। इसी के मद्देनजर सरकार के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन की ओर से विशेष एडवाइजरी जारी की हुई है। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कि शीतलहर व सर्दी से बचने के लिए मौसम पूवार्नुमान के लिए रेडियो/टीवी/समाचार पत्र आदि से जानकारी प्राप्त कर सकतें है। सर्दियों लिए पर्याप्त कपड़ों का स्टॉक करें, घर में ठंडी हवा के प्रवेश रोकने के लिए दरवाजों तथा खिड़कियों को ठीक से बंद रखें। फ्लू, नाक बहना/ भरी नाक या नाक बंद जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना आमतौर पर ठंड में लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण होती हैं। इसलिए इस तरह के लक्षणों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतें तथा स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों या डॉक्टर से परामर्श करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पर्याप्त रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं। जरूरत के अनुसार ही रूम हीटर का प्रयोग करें, लेकिन रूम हीटर के प्रयोग के दौरान पर्याप्त हवा निकासी का प्रबंध रखें। बंद कमरों में कोयले को जलाना खतरनाक हो सकता है। क्योंकि यह कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी जहरीली गैस पैदा करती है।

**सावाधानी**

**जरूरत के अनुसार ही रूम हीटर का प्रयोग करें, रूम हीटर के प्रयोग के दौरान पर्याप्त हवा निकासी का प्रबंध रखें**

# नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आकाश उर्फ आशु सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक व्यक्ति ने गत 10 जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उनके पड़ोसी युवक ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ गलत कार्य किया। मामले में पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# सेवा ट्रस्ट यूके-इरा इंडिया के बीच हुआ समझौता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**




**कुरुक्षेत्र :** सेवा ट्रस्ट यूके और इरा इंडिया के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जो वंचित समुदायों के लिए सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से एक सहयोग की शुरूआत को चिह्नित करता है। यह साझेदारी हरियाणा और पंजाब में कमजोर प्रवासियों के लिए महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करेगी, जो उन्हें पुनः एकीकरण की चुनौतियों का सामना करने के लिए एक जीवन रेखा प्रदान करेगी। इरा इंडिया के कंट्री डायरेक्टर श्री संतोष झा ने इस बात पर जोर दिया कि इरा मानवतावादी और प्रवास विशेषज्ञों का एक वैश्विक नेटवर्क है जो सभी के लिए सकारात्मक भविष्य सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। 20 से अधिक देशों में काम कर रहा इरारा स्थायी पुनः एकीकरण पर ध्यान केंद्रित करता है, अपने घर लौटने वाले व्यक्तियों को अपने जीवन को फिर से बनाने और अपने समुदायों में फिर से एकीकृत करने में सहायता करता है। सेवा ट्रस्ट यूके के अध्यक्ष नरेश मित्तल ने कहा कि इरा के विशेषज्ञों और सेवा ट्रस्ट यूके के सदस्यों के संयुक्त प्रयासों से लौटने वाले प्रवासियों को स्थायी और सम्मानजनक जीवन जीने में सक्षम बनाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि यह सहयोग न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर मानवीय सेवा और पुनर्वास में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो प्रभावशाली सहायता और समर्थन के लिए नए मानक स्थापित करता है।

**साझेदारी**

**यह साझेदारी हरियाणा और पंजाब में कमजोर प्रवासियों के लिए महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करेगी**

# लोगों के जीवन बचाने वाली जीवनवाहिनी खुद पड़ी बीमार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले** में लोगों की जान बचाने में सहायक जीवनवाहिनी (एंबुलेंस) खुद बीमार पड़ी है। बेड़े में शामिल आधे के करीब एंबुलेंस सर्विस स्टेशन व अस्पताल परिसर में खड़ी है। जिसके चलते अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों व गर्भवती महिलाओं को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। एंबुलेंसों में तकनीकि खराबी के आने की बाते कही जा रही है। वहीं समय पर एंबुलेंसों के रख-रखाव को लेकर सवाल खड़े होने लगे है। शनिवार को आपातकालीन कक्ष में आई बुजुर्ग महिला को एंबुलेंस नहीं मिली। उसके परिजनों को निजी एंबुलेंस बुक करके मरीज को बड़े अस्पताल में लेकर जाना पड़ा। अव्यवस्था इस कदम हैवी हो चुकी है कि मरीजों को अस्पताल से एंबुलेंस मिलने में दो से चार घंटों तक का इंतजार करना पड़ रहा है। परेशान तीमारदार निजी एंबुलेंस या निजी वाहन में जाने पर मजबूर हो रहे है। प्रबंधन की हठधर्मिता लोगों की सुविधा पर भारी पड़ रही है। बता दें कि जिले में बेहत्तर सुविधाएं देने के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जीवनवाहिनी (एंबुलेंस) को तैनात किया है। जोकि घायलों व अस्पताल में गंभीर हालत के चलते रेफर होने वाली गर्भवती महिलाओं व घायलों को पीजीआई व अन्य बड़े अस्पतालों में पहुंचाने में सहायक होती है। मौजूद समय में विभाग के पास 32 जीवनवाहिनी (एंबुलेंस) तैनात है। उक्त जीवनवाहिनी (एंबुलेंस)में से 14 एंबुलेंस बीमार पड़ी चुकी है। जिन्हें उपचार के लिए सर्विस स्टेशन पहुंचाया गया है। वहीं कुछ एंबुलेंस अपने सेंटर पर उपचार का इंतजार कर रही है। प्रबंधन की तरफ से पूरे जिले में 16 एंबुलेंस से काम चलाया जा रहा है। इनमें से भी कुछ एंबुलेंस की स्थिति ठीक नहीं है। मरीजों को अस्पताल ले जा रही एंबुलेंस रास्ते में भी खराब हो जाती है।

**परेशानी**

**बेड़े में शामिल आधे के करीब एंबुलेंस सर्विस स्टेशन व अस्पताल परिसर में खड़ी है, मरीज हलकान**

**चार घंटे तक एंबुलेंस का इंतजार करती रही बुजुर्ग महिला, निजी एंबुलेंस पड़ी मंगवानी-** नागरिक अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में गंभीर हालत होने पर शांति नाम की बुजुर्ग महिला को लाया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत ज्यादा गंभीर होने के चलते ऑक्सीजन लगाकर रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया, परिजन एंबुलेंस कंट्रोल में पर्ची लेकर पहुंचे। जहां उन्हें जानकारी मिली कि ऑक्सीजन युक्त गाड़ी खराब पड़ी है। उनके पास गाड़ी नहीं है। चार घंटे के इंतजार के बाद परिजन निजी एंबुलेंस में शांति को लेकर चले गए। महिला के पोते अरुण ने बताया कि जिले के इतने बड़े अस्पताल में एक भी एंबुलेंस उपलब्ध न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार को लोगों की सुविधा के लिए जरूरी कदम उठाने चाहिए।

**कोरोना काल के बाद ज्यादातर एंबुलेंस कड़म हालत में पहुंची-** जिले में विभाग के बेड़े में शामिल एंबुलेंस कोरोना काल के दौरान कैमिकल का छिड़काव करने व अन्य कारणों के चलते कड़म हालत में पहुंच चुकी है। साथ ही गर्मी के चलते गाड़ियों में तकनीकी खराबी आने लगी है। एंबुलेंस संचालन टीम का कहना है कि पिछले काफी समय से एंबुलेंस की कमी बनी हुई है। रेफर होने वाले मरीजों की संख्या ज्यादा है, जबकि एंबुलेंस कम है। अक्सर मरीजों को पहले भेजने को लेकर बहस होती है। अस्पताल की अधिकतर एंबुलेंस पुरानी हो चुकी है, इस वजह से गर्मी में ये जवाब दे जाती है।

# निराश्रित बच्चों के लिए पेंशन योजना, सरकार हर माह दे रही 1850 रुपये की वित्तीय सहायता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिला में 21 वर्ष तक की आयु का बच्चा जो अपने माता-पिता की सहायता अथवा देखभाल से उनकी मृत्यु होने के कारण, अपने पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने के कारण अथवा माता-पिता के लम्बी सजा, जोकि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता के कारण वंचित हो जाते हैं और जिनके माता-पिता, अभिभावक की सभी साधनों से वार्षिक आय दो लाख से अधिक नहीं है। वह बच्चा हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता का लाभ पात्र है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त विभाग द्वारा एक परिवार में दो बच्चों तक 1850 रुपये प्रति माह प्रति बच्चा पेंशन प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त स्कीम का लाभ लेने के इच्छुक व्यक्ति के पास बेसहारा होने का प्रमाण पत्र, बच्चों के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र व आवेदक का 5 वर्ष या उससे अधिक की अवधि का हरियाणा राज्य में निवासी होने का दस्तावेज जैसे कि फोटोयुक्त वोटर कार्ड या राशन कार्ड आदि की स्वयं सत्यापित फोटो प्रति सहित परिवार पहचान पत्र होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आवेदक के पास यदि उपरोक्त दस्तावेजों में से कोई दस्तावेज नहीं है, तो वह कोई अन्य प्रमाण पत्र सहित 5 वर्ष से हरियाणा में रिहायश का हलफनामा दे सकता है। उन्होंने कहा कि यदि बच्चे के माता-पिता या अभिभावक किसी भी सरकार द्वारा पारिवारिक पेंशन प्राप्त कर रहा है, वो उपरोक्त स्कीम का लाभ नहीं ले पाएंगे।

**लाभ उठाएं**

**दस्तावेजों में से कोई दस्तावेज नहीं है, तो वह कोई अन्य प्रमाण पत्र सहित 5 वर्ष से हरियाणा में रिहायश का हलफनामा दे**

# विधायक के कार्यालय में किया गया पीएम के मन की बात का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई (सोनीपत)।**
**राई हलका विधायक** एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत के आवास पर रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक कृष्णा गहलावत के कार्यकताओं ने गंभीरता से मन की बात सुनते हुए सभी बातों, हिदायतों व निदेर्शों की अनुपालना का प्रण लिया। विधायक कृष्णार गहलावत के निर्देशन में सिद्घार्थ कालोनी ?स्थित उनके कैंप कार्यालय में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के ११८वें एपिसोड को देखा व सुना गया। विधायक



कृष्णा गहलावत के मी?डिया प्रभारी योगेश पाराशर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। इस बार एक सप्ताह पहले ही प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात की, जो कि पहले महिने के अंतिम रविवार को करते थे। कार्यकताओं में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम ने नये उत्साह का संचार किया। कार्यकताओं ने नई उमंग के साथ संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प? लिया।

इस दौरान विधायक कृष्णान गहलावत ने संदेश प्रेषित किया कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का कार्यकताओं के साथ-साथ आम जनमानस को बेसब्री से इंतजार रहता है। प्रधानमंत्री का हर एक शब्द कार्यकताओं को प्रेरणा व प्रोत्साहन देता है। पिछले लंबे अरसे से प्रधानमंत्री मन की बात के माध्यम से आम जनमानस से जुड़ रहे हैं। वे अपनी संभावित योजनाओं तथा लक्ष्य से अवगत करवाते हैं। प्रधानमंत्री अपने सपनों के भारत का निर्माण करने की दिशा में तीव्रता से आगे बढ़ रहे हैं, जिसके लिए वे जन सहयोग की अपेक्षा करते हैं। प्रधानमंत्री ने २०४७ तक भारत को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसे निश्चित तौर पर पूरा किया जाएगा। विधायक ने कार्यकताओं का आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री की हर बात का अनुसरण करें और अन्य लोगों तक भी पहुंचायें। इस मौके पर विधायक कृष्णाम गहलावत के मीडिया सलाहकार योगेश पाराशर ने कहा कि कैंप कार्यालय में नियमित तौर पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। भविष्य में भी यह आयोजन जारी रहेगा।

# सभी मंडलों के अलावा बूथ स्तर पर भी मन की बात कार्यक्रम को सुना गया

**टीम एक्शन इंडिया**
अरोड़ा भवन में नव वर्ष 2025 के प्रथम प्रधानमंत्री मन की बात श्रवण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नए मंडल अध्यक्ष विनय अरोड़ा ने की । इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष हरीश कटारिया , महामंत्री सतीश मेहता और जिला मीडिया प्रभारी ओम दत्त आर्य ने नए मंडल अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया । यह जानकारी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने बताया कि आज पानीपत के सभी मंडलों के अलावा बूथ स्तर पर भी मन की बात कार्यक्रम को सुना गया है ।मन की बात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस बार



गणतंत्र दिवस अधिक महत्वपूर्ण है। अब हमारा संविधान लागू हुए 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं और 25 जनवरी को भारत नेशनल वोटर डे मना रहा है। उन्होंने कहा कि सशक्त व समृद्ध और सफल लोकतंत्र के लिए जनशक्ति और जन भागीदारी का होना बहुत जरूरी है। इसलिए सभी देशवासियों को भारत को सुशिक्षित और विकसित भारत बनाने के लिए तन मन धन से सहयोग देने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर समाज सेवी ऋतु अरोड़ा ,मनोज गुगलानी, सुरेंद्र पपनेजा, मनोज भाटिया और सुनील कनाडा भी मौजूद रहे ।

## न्यूज फ्लैश

### ठंड से ओपीडी 600 पार, बच्चे अधिक आ रहे चपेट में

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। लगातार बढ़ती** ठंड का असर अब सेहत पर पड़ने लगा है। इसके चलते नागरिक अस्पताल में निमोनिया, खांसी, जुकाम की चपेट में आने वाले रोगियों की संख्या अधिक बढ़ गई है। इससे ओपीडी 600 पार हो गई है। इस समय प्रतिदिन 100 बच्चे आ रहे हैं। ठंड से बुजुर्गों में जोड़ो के दर्द व बच्चे निमोनिया, खांसी, जुकाम, बुखार से पीड़ित हो रहे हैं। के अधिक रोगी पहुंच रहे हैं। अधिक ठंड होने के कारण नागरिक अस्पताल में मरीजों की संख्या पहले की तुलना में काफी बढ़ गई है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार मौसम परिवर्तन होने के कारण खांसी, जुकाम, बुखार, जोड़ों के दर्द के मरीज अधिक पहुंच रहे है। इसके साथ-साथ हड्डी संबंधित व बच्चों के निमोनिया की संख्या बढ़ती जा रही है। इस समय मौसम परिवर्तनशील बना है। लगातार ठंड बढ़ रही है। इसका सीधा प्रभाव सेहत पर पड़ रहा है। हवा के सीधे संपर्क में आने से बचने की जरूरत है। छोटे बच्चों को ठंड से बचाएं। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर चिकित्सक से परामर्श करें।- डॉ. विवेक, चिकित्सा अधिकारी, नागरिक अस्पताल, महेंद्रगढ़।

### पाार्किंग की नहीं सुविधा, सड़कों पर खड़े रहते हैं वाहन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। नगर पालिका** के गठन के 30 वर्ष बाद भी शहर में एक भी स्थान पर पार्किंग नहीं बन पाई। आए दिन शहर की मुख्य सड़कों और बाजारों में छह हजार से अधिक वाहन सड़कों पर खड़े रहते हैं। इससे लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मुख्य बाजारों में सुबह व शाम के समय जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। शहर में स्थायी पार्किंग के अभाव में लोग इधर-उधर वाहन पार्किंग करने को मजबूर हैं। 30 वर्षो से शहर में आबादी के साथ वाहनों की संख्या दो गुनी हो गई है। प्रतिदिन शहर में अनुमानित दो हजार चारपहिया वाहन व तीन हजार दुपहिया वाहन बाजारों में सड़कों पर इधर-उधर खड़े रहते है। पार्किंग के अभाव में वाहन चोरी होने का खतरा बना रहता है और जाम की स्थिति बनी रहती है। नपा के गठन के बाद अभी तक के कार्यकाल में कई बार पार्किंग की योजनाएं बनी, लेकिन एक बार भी धरातल पर नहीं उतर पाई। पुलिस वाहनों को गलत पार्किंग होने के कारण चालान कर रही है। लेकिन शहर में नपा द्वारा कही भी पार्किंग नहीं बनाई गई है। इसके चलते लोग भी मजबूरी में वाहन खड़े कर रहे हैं।

बढ़ेगा आय का साधन

नगर पालिका पार्किंग स्थान बनाकर आय का साधन बढ़ा सकती है। नगर में प्रतिदिन दो हजार दुपहिया वाहन और करीब तीन हजार चार पहिया वाहन पार्किंग के अभाव में इधर-उधर खड़े रहते है। पालिका दो या तीन पार्किंग स्थल बनाकर लाखों रुपये के टेंडर कर आय भी बढ़ा सकती है।

### लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद भी शहर में जगह-जगह लगे रहे है गंदगी के ढेर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। प्रतिमाह** लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी शहर में सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है। वहीं संसाधनों व कर्मचारियों के अभाव में स्वच्छता रैकिंग में लगातार गिरावट भी आ रही है। वर्ष 2018 में नगर पालिका की स्वच्छता रैकिंग 68 पर थी। प्रति वर्ष रैकिंग में इजाफे के साथ 2024 में 176 पर पहुंच गई है। महेंद्रगढ़ शहर की आबादी करीब 50 हजार है। तय मानक के अनुसार 400 की आबादी पर एक सफाई कर्मचारी होना चाहिए। शहर की आबादी के अनुसार नगर पालिका को 125 कर्मचारियों की आवश्यकता है, लेकिन 50 कर्मचारियों पर शहर की सफाई का जिम्मा है। ऐसे में शहर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो पा रही है।

# आइस स्केटर्स रैना का एशियाई विंटर गेम के लिए चयन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत। हरियाणा की** नंबर एक आइस स्पीड स्केटर रैना कुकरेजा का चीन में आयोजित होने वाले शीतकालीन एशियाई खेल-2025 के लिए चयन किया गया है। यह जानकारी देते हुए हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह लोहान एवं प्रदेश महासचिव नरेश सेलपाड़ ने बताया कि एशियाई शीतकालीन खेलों के नौवें संस्करण में एशिया के 46 देशों के आइस स्केटर्स हिस्सा ले रहे हैं। एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के तत्वावधान में ये गेम 7 से 14 फरवरी 2025 तक आयोजित होंगे। इसमें आइस स्केटिंग सहित कुल छह खेलो की प्रतियोगिताएं होगी। मुख्य रुप से लौग ट्रेक एवं शॉट ट्रेक के



ईवेंट होंगे। इसमें सभी छह खेलों में पुरुषों और महिलाओं की स्पधाएं होंगी, साथ ही विशिष्ट विषयों में मिश्रित स्पधाएं भी होंगी। यहां यह बताना जरुरी है कि रैना उत्तरी भारत की एकमात्र स्पीड स्केटर्स है जो कि देश का प्रतिनिधित्व करेगी। रैना इससे पहले भी फिलीपींस में आयोजित सीई ट्रॉफी में कांस्य पदक एवं जकार्ता में आयोजित एशियाई ट्रॉफी की स्वर्ण पदक भी जीत चुकी है। हरियाणा आईस स्केटिंग एसोसिएशन के दोनों पदाधिकारियों ने रैना कुकरेजा व उनके परिजनों से मुलाकात करके उन्हें 51 हजार रुपये की उपहार राशि भी भेंट की। हरियाणा आईस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव नरेश सेलपाड़ व सोनीपत आइस स्केटिंग एसोसिएशन की सचिव सुमनलता ने बताया कि रैना आइस स्पीड स्केटिंग की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं और वह राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में अनेक पदक भी जीत चुकी है। इसके अलावा रैना खेलो इंडिया के शीतकालीन खेलों की रजत और कांस्य पदक विजेता भी हैं। इसके अलावा रैना फिलीपींस में आयोजित सीई ट्रॉफी की कांस्य पदक विजेता हैं। हरियाणा आईस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह लोहान के अनुसार रेना चीन के हार्बिन में आयोजित हो रहे शीतकालीन एशियाई खेलों-2025 में टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करेगी।

# नर सेवा ही नारायण सेवा है: प्रवीण जैन

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) समाज सेवा संगठन की** ओर से 19 जनवरी रविवार को गांव पल्ड़ी के पास राम भट्ठे रहने वाले जरूरत मन्द बच्चों महिलाओं व पुरुष लेवर को को शाल गर्म सूट जैकेट व लेवर को गर्म जैकेट वितरण किए। अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया संगठन ने 8 दिसम्बर को गर्म कपड़े वितरण अभियान की शुरूआत की थी । उसी कड़ी में पल्ड़ी गांव के पास राम भट्ठे पर रहने वाले बच्चों को गर्म सूट जैकेट महिलाओं को गर्म शाल व पुरुष लेवर को गर्म जैकेट वितरण की जिससे सभी को खुशी हुई । जैन ने कहा संगठन ने मकर संक्रांति पर अग्रवाल मण्डी कार्यालय पर बुजुर्ग महिलाओं को शाल कम्बल वितरण कर समापन किया था। लेकिन ज्यादा ठंड को देखते हुए अभियान को आगे बढ़ाते हुए गर्म कपड़े वितरण किए जैन ने कहा देने के लिए दान लेने के लिए ज्ञान त्यागने के लिए अभियान की राह पर चल रहा है सर्दी बहुत ज्यादा है। हमारे बच्चे घरों में रहते है सभी सुख सुविधा होने के बावजूद भी ठंड नहीं जाती और झुग्गी झोपड़ी में व भट्ठों पर छोटे छोटे बच्चे रहते हैं जिनके तन पर पूरे कपड़े भी नहीं होते और स्लिम बस्तियों में मजदूरों के छोटे छोटे बच्चे रहते हैं जिनका इतना जुगाड नहीं होता जो सभी जरूरत पूरी कर सके ऊपर वाले ने हमें दिया है हम सबका फर्ज बनता है जितना हो सके हम जरूरत मन्द का सहयोग करे ।

## ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 16 लाख 50 हजार की धोखाधड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। ऑस्ट्रेलिया भेजने** के झांसे में 16 लाख 50 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी सुलखन मसीह उर्फ अजय, नीरज सैनी, गुरजिंद्र के खिलाफ केस दर्ज किया है। घरौंडा वासी विनोद कुमार ने शिकायत दी कि उसने अपने लडके रोहित को ऑस्ट्रेलिया में भेजने के लिए आरोपियों से संपर्क किया। उसके लडके को वर्क परमिट के आधार पर एक नंबर में ऑस्ट्रेलिया भेजने के लिए 17 लाख रुपए मांगे गए। 6 अगस्त 2023 को उसने आरोपियों को दस्तावेज दिए गए। आरोपियों ने कहा कि वीजा आने पर 10 लाख रुपए देने होंगे और 7 लाख रुपए बाद में देने होंगे। उसने बैंक में अपने मकान पर लोन लेने के लिए अप्लाई किया। 19 अगस्त 2023 को आरोपी उसे व उसके लडके को चंडीगढ़ मेडिकल करवाने के लिए ले गए, जहां पर उसके लडके का मेडिकल हुआ। आरोपियों ने उससे 16 हजार रुपए लिए। अगले दिन 20 अगस्त 2023 को आरोपियों ने कहा कि आपके लडके का वीजा आ गया है। आप 10 लाख रुपए जमा करवा दो। आरोपियों ने उसके मोबाइल के वॉट्सअप पर वीजा भेज दिया।

# हादसा दिखाने के लिए उसने इंजीनियर को छत से गिरा दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**एक ठेकेदार ने उसके पास** काम करने वाले इंजीनियर की गला दबाकर हत्या कर दी। हादसा दिखाने के लिए उसने इंजीनियर को छत से गिरा दिया। किसी को शक न होए इसलिए वह खुद भी कूद गया, ताकि लगे की दोनों छत पर बात करते हुए अचानक नीचे गिर गए। इंजीनियर के परिजनों ने शव पर मिले चोटों के निशान और ठेकेदार से रंजिश का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर ठेकेदार पर हत्या का केस दर्ज कर हिरासत में ले लिया है। मृतक की पहचान 25 वर्षीय अमन कुमार यादव के रूप में हुई है। वह 3 भाई-बहन में सबसे बड़ा था। अमन की 7 मार्च को शादी होनी थी। 2 मार्च को उसकी तिलक की रस्म होनी थी। समालखा थाना पुलिस को दी शिकायत में सौरभ कुमार यादव ने बताया कि वह बिहार के सीवान जिले का रहने वाला है। उसका बड़ा भाई अमन कुमार यादव ग्लोबस सिप्ट लिमिटेड कंपनी में बतौर ड्रायर इंजीनियर ड्रायर मशीन डिजाइन करने वाला कार्यरत था। उसने एक महीने पहले ही कंपनी जॉइन की थी। गत 18 जनवरी की देर रात करीब डेढ़ बजे समालखा थाना पुलिस ने अवगत करवाया कि अमन की छत से गिरने से मौत हो गई है। सूचना मिलते ही उसने दिल्ली में मौजूद अपने परिचितों को फोन किया और मौके पर जाने को कहा। उसे पता लगा कि घटना वाले दिन अमनए कंपनी के ठेकेदार प्रदीप सिंह के बुलाने पर उसके कमरे पर गया था। सौरभ ने आरोप लगाया कि अमन ने अपने परिवार को कई बार फोन पर कहा था कि ठेकेदार प्रदीप सिंह उसके काम में बहुत हस्तक्षेप करता है। उसका व्यवहार भी उसके प्रति ठीक नहीं है।

## चोर 7.70 लाख का नया ट्रैक्टर-ट्राली चोरी करके हुए फरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। सेक्टर.**14 पार्ट-2 में घर के बाहर खड़ा नया ट्रैक्टर चोरी हो गया। ट्रैक्टर चालक ने करीब 3 महीने पहले ही किस्तों पर ट्रैक्टर लिया था। पीडित संदीप ने बताया कि वह 18 जनवरी की शाम को काम से घर पर लौटा था। उसने घर के बाहर ही खुले एरिया में ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी की थी और घर के अंदर चला गया था। 11 बजे तक तो आसपास के लोग जागते रहते है। 11 बजे के बाद सभी लोग अपने अपने घर चले गए और सो गए। पीडित ने बताया कि उसकी मां निर्मल कुटिया में सेवा करने के लिए जाती है।

# डॉ॰ अर्चना गुप्ता ने सुनी 'मन की बात'

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
भारतीय जनता पार्टी हरियाणा प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता ने कार्यकताओं के साथ पानीपत शहरी विधानसभा के दक्षिण मंडल में बूथ न॰156 पर बूथ अध्यक्ष सुनीता गोयल के निवास स्थान पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रेडियो पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम मन की बात को सुना। प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता ने मन की बात को हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत बताते हुए कहा कि जनकल्याण के कार्यों में सभी को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। मन की बात के 118वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ह्लयह गणतंत्र दिवस बहुत विशेष है. यह



भारतीय गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ है. इस वर्ष भारत के संविधान के लागू होने के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं. मैं संविधान सभा के उन सभी महानुभावों को नमन करता हूं, जिन्होंने हमें हमारा पवित्र संविधान दिया. नए साल के पहले मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व के सबसे बड़े धार्मिक और आध्यात्मिक समागम महाकुंभ का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यहां पर जनसैलाब उमड़ रहा है। देश के चारों कोनों से लोग यहां पहुंच रहे हैं। यहां पर आकर अमीर और गरीब सबका भेद मिट जाता है। कहा कि महाकुंभ का श्रीगणेश हो चुका है। चिरस्मरणीय जन सैलाब, अकल्पनीय दृश्य और समता, समरसता का असाधारण संगम दिखाई दे रहा है । इस बार कुंभ में कई दिव्य योग बन रहे हैं।

इस अवसर पर मण्डल प्रभारी सुनील कंसल, मंडल अध्यक्ष चेतन तनेजा,मंडल महामंत्री कमल गोस्वामी,बूथ अध्यक्ष सुनीता गोयल,बूथ पालक आनंद चुग,बी एल ए 2 महेंद्र कत्याल, बी सी प्रमुख रामानंद सैनी,महिला प्रमुख ममता सेठी, मन की बात की प्रमुख वान्या सचदेवा, व्हाटएप प्रमुख अरुण पसरिचा,मीडिया प्रमुख गजेंद्र सिंह दहिया, बूथ के सदस्य नरेंद्र कटियार, कृष्ण हुरिया ,कविता गलहोतरा कृष्ण पूरा मंडल अध्यक्ष सचिन सिंगला, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष राजेश भारद्वाज व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे थे।

## दाखिले के लिए 23 जनवरी तक बढ़ाई गई ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तीथि

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) देश व प्रदेश के विभिन्न** सैनिक स्कूलों में अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा (एआईएसएसईई) 2025 के माध्यम से वर्ष 2025-2026 के लिए कक्षा छठी व कक्षा नौवीं में दाखिले के लिए 13 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसकी अंतिम तीथि बढ़ाकर अब 23 जनवरी कर दी गयी है। पात्र अभ्यर्थी वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एग्जाम्स डॉट एनटीए डॉट एसी डॉट आईएन/ एआईएसएसईई/ पर आगामी 23 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा ओएमआर शीट पर बहुविकल्पीय प्रशनावली के रूप में होगी। डीसी डाक्टर विरेद्र दहिया ने यह जानकारी देते बताया कि कक्षा छठी में प्रवेश हेतु छात्रों की जन्मतिथि पहली अप्रैल, 2013 तथा 31 मार्च, 2015 (दोनों तिथियां मान्य) तथा कक्षा नौवीं में प्रवेश हेतु छात्रों की जन्मतिथि पहली अप्रैल, 2010 तथा 31 मार्च, 2012 (दोनों तिथियां मान्य) के बीच होनी चाहिए। कक्षा छठी व 9वीं में दाखिले अनुमानित सीटों पर होंगे हैं, जोकि कभी भी घटाए या बढ़ाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 67 प्रतिशत सीटें हरियाणा के बच्चों के लिए तथा 33 प्रतिशत सीटें अन्य राज्यों के लिए आरक्षित हैं।

# स्व.जगदीश चंद शास्त्री की सातवीं पुण्यतिथि मनाई गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) चौधरी उद्यमी राम** शिक्षा समिति द्वारा संचालित टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुराड में गौमाता की रक्षा के लिए तिहाड जेल में रहे स्व.जगदीश चंद शास्त्री की सातवीं पुण्यतिथि मनाई गई। आर्य समाज के विचारक अजमेर,अमित शास्त्री और विद्यालय के प्रबंधक राजेश देशवाल, कुलदीप देशवाल, योगेश, कुराड गांव के सरपंच प्रतिनीधि टिंकू देशवाल ,रामफूल त्यागी, सुशील रावल, तेजवीर देशवाल, सुशील प्रजापत, मनीष, विनय, जगबीर मान, हरजीत देशवाल, महेंद्र शर्मा, पवन,शमशेर शर्मा सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील देशवाल और अध्यापक



व अध्यापिकाएं और छात्रों के साथ जगदीश चंद्र शास्त्री द्वारा किए गए अपने जीवन में शुभ कार्यों को याद कर यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य सुशील देशवाल ने हवन-यज्ञ में आहुति डालते हुए कहा कि स्व.जगदीश चंद शास्त्री ने गायो की रक्षा के लिए देश में खुलें गौ हथों को बंद कराने के लिए आदोलन में एक माह तक तिहाड जेल में रहे और अनेक बार कब्ड्डी खेल में सम्मानित हो चुके व टैगोर एजूकेशन सोसाईटी की स्थापना कर कुराड गांव में शिक्षा की अलख जलाने का काम किया।

# ब्रह्मा बाबा ने तपस्या के बल से अपनी संपूर्ण अवस्था को प्राप्त किया: बी के

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**बापौली स्थित योग शिक्षण** केन्द्र में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के साकार संस्थापक पिताश्री ब्रह्मा बाबा का स्मृति दिवस मनाया गया। केन्द्र संचालिका बहन ललीता व बहन मोनिका ने ब्रह्मा बाबा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाबा ने आज के दिन (18 जनवरी 1969 में) कठोर तपस्या के बल से अपनी संपूर्ण अवस्था को प्राप्त कर अपनी स्थूल देह को त्याग दिया था। केन्द्र संचालिका बहन ललीता ने कहा कि लौकिक जीवन में ब्रह्मा बाबा को दादा लेखराज के नाम से जाना जाता था। जवाहरात के व्यवसाय के कारण पिताश्री ब्रह्मा का संपर्क उस काल के राजपरिवारों से घनिष्ट हो गया। विपुल सम्पदा



और मान प्रतिष्ठा पाकर भी उनके स्वभाव में नम्रता, मधुरता और परोपकार की भावना बनी रही। उन्होने किसी भी परिस्थिति में,किसी भी प्रलोभन के वश अपनी भक्ति भावना और धार्मिक नियमों को नही छोडा । 1937 में जब परमात्मा पिता ने उनमें प्रवेश किया तो बाबा का जीवन अकस्मात बिल्कुल ही बदल गया ओर काम-धन्धे के साथ इस भौतिक दुनिया से भी बेहद का वैराग आ गया। बी के पूनम बहन ने बताया कि 1937 से सन् 1969 तक की 33 वर्ष की अवधि में तपस्यारत रहकर वे संपूर्ण ब्रह्मा की उच्चतम स्थिति को प्राप्त कर आज भी अव्यक्त रूप में विश्व सेवा कर रहे हैं। उनके द्वारा किए गए असाधारण कर्तव्य की मिसाल ,सृष्टि चक्र के पाँच हजार वर्षों के इतिहास में कहीं भी नही मिल सकती है। उन्होने संस्था की गतिविधीयो से अवगत कराते हुए बताया कि आज देश और विदेश के 147 देशों में स्थापित ब्रह्माकुमारीज के सभी सेवा केन्द्रों पर योग के माध्यम से पूरे विश्व की रूहानी सेवा हेतू सभी ब्रह्मावत्सों ने शान्ति के प्रकम्पन्न फैलाए। आज के दिन सभी ब्रह्माकुमारीज के सेवाकेन्द्रों पर वहां की निमित्त संचालिका बहनों द्वारा ब्रह्मा बाबा के दिव्य चरित्र एंव उनकी जीवन कहानी जरूर सुनाई जाती है। बहन ने कहा कि भले ही पिताश्री ब्रह्मा ने अपने देह का त्याग कर संपूर्णता को प्राप्त किया। लेकिन सूक्ष्म रूप में आज भी बाबा हर बच्चे को अपने साथ का अनुभव कराते हुए कदम-कदम पर सहयोग,स्नेह एवं प्रेरणायें प्रदान कर रहे हैं। केन्द्र संचालिका बहन ललीता ने अनेक बहनो व भाईयो के साथ बाबा की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर श्रद्घाजंलि दी। इस दौरान योग ध्यान लगाया गया और सभी ने बाबा के आदर्शो पर चलकर समाज हित मे बेटी बचाओ बेटी पढाओ की शपथ ली।

**स्मृति दिवस**

**बहन ललीता ने कहा कि लौकिक जीवन में ब्रह्मा बाबा को दादा लेखराज के नाम से जाना जाता था**

# बादली में विकास जीरो और अब वोट मांगने निकले हैं विधायकः देवेंद्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं बादली विधानसभा से कांग्रेस उम्मीदवार देवेन्द्र यादव ने 19 जनवरी, 2025 को अपने चुनाव प्रचार में व्यापक 5 जनसभाओं को संबोधित किया और विधानसभा क्षेत्र में जनसम्पर्क अभियान के तहत लोगों के घर-घर जाकर पिछले 11 वर्षों में अरविन्द केजरीवाल सरकार के कुशासन के कारण हो रही परेशानियों की भी जानकारी ली और जनता को विश्वास दिलाया कि 5 फरवरी के बाद कांग्रेस की सरकार दिल्ली में बनने के बाद आपकी सभी परेशानियां खत्म हो जाऐंगी। देवेन्द्र यादव ने जनसम्पर्क अभियान के तहत 12 बजे पहली जनसभा एमसीडी कॉलोनी, समयपुर में, दूसरी जनसभा 1 बजे लिबासपुर में, तीसरी जनसभा 3 बजे 40 फुटा रोड, राणा पार्क, चौथी जनसभा 4 बजे गली नः 4, के ब्लाक, स्वरुप नगर, और पांचवी जनसभा सायं 5 बजे यादव मार्केट, स्वरुप नगर में आयोजित की और सैंकड़ां कार्यकताओं और मौजूद क्षेत्र की जनता को संबोधित किया। देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आपके सहयोग से सरकार बनाने के बाद एक बार फिर अपनी 15 वर्षों की शीला दीक्षित जी की सरकार के विकास के इतिहास को दोहराएगी। दिल्लीवालों के अधिकारों को वापस दिलाया जाऐगा जो पिछले 11 वर्षों में भ्रष्ट और निष्क्रिय अरविन्द केजरीवाल की सरकार ने छीन लिए हैं। हर दिल्लीवासियों के स्वास्थ्य के अधिकार के तहत 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा सुनिश्चित करेंगे, महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह देंगे, युवाओं को 8500 रुपये देने की राह में उनकी पहली नौकरी पक्की करेंगे। देवेन्द्र यादव ने जनसभा में मौजूद हजारों लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मौजूदा विधायक ने बादली में किए कराए काम का विनाश करने का काम किया है, जो मैंने काम किए थे उनको आगे बढ़ाने के लिए कोई काम नही किया। उन्होंने कहा कि मैंने सरकार के साथ लड़ाई लड़कर गरीब लोगों को उजड़ने से बचाया है। विधायक रहते हुए वृद्धों की पेंशन और हर घर में राशन पहुँचे उसके लिए राशन कार्ड बनवाएं, लेकिन मौजूदा सरकार ने राशन बंद करने के साथ राशन कार्ड भी बनवाने बंद कर दिए। मैंने सीवर लाईन डलवाई थीं। मेरे पुनः विधायक बनते ही यहां की पीने के पानी की समस्या, पानी निकासी और सीवर की समस्याओं को खत्म कर दूंगा। देवेन्द्र यादव ने भारी जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि महगांई मुक्ति योजना के अंतर्गत हर गरीब और जरुरतमंद दिल्लीवासी को 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर और एक राशन किट देंगे जिसमें चावल, चीनी, तेल, दाल और चाय की पत्ती भी होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस दिल्लीवालों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देकर उन्हें अधिक फायदे पहुचाऐगी, क्योंकि केजरीवाल के 200 यूनिट बिजली में धोखा छिपा है, जिसमें 1 यूनिट बढ़ते ही पिछले 200 यूनिट जोड़कर बिल लिया जाता है, जिसके कारण दिल्ली के गरीब और झुग्गी झौपड़ी वाले तक भी इससे प्रभावित हो रहे है।








# विधायक अखिलेश पति को ढोल-नगाड़ों से देंगे विदाईः माधव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः मॉडल** टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले संगम पार्क से भाजपा के पूर्व पार्षद व सिविल लाइन जोन के पूर्व चैयरमेन माधव प्रसाद ने कहा कि विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी ने गत दस साल में मॉडल टाउन को विकास से वंचित रखा है। विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी पिछलें दस सालों में क्षेत्र की उन्नति व विकास के लिए एक कदम तक नहीं उठाया है बल्कि विकास के नाम पर आने वाला फंड भी गूल करके बैठ गए। माधव ने कहा इन गत सालों में क्षेत्रीय विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी न तो क्षेत्र में कभी नज़र आए है और न ही क्षेत्रीय समस्याओं की ओर कभी ध्यान दिया है।



**अपने मुहं मियां मिट्ठू बन बैठे विधायकः** माधव ने बताया कि मॉडल टाउन क्षेत्र की जनता को इन गत सालों में आप सरकार व विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी ने पानी की बूंद-बूंद के लिए भी तरसा दिया है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार एवं दिल्ली नगर निगम की निष्क्रियता एवं भ्रष्टाचार के चलते दिल्ली की सफाई एवं सीवर व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और दिल्ली में गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, बीमारियां फैल रही हैं। माधव ने कहा की मॉडल टाउन क्षेत्र की लाखों की आबादी विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी की लापरवाही से त्रस्त हो चुकि है। पूरे क्षेत्र की सड़के पूरी तरह से टूटी पड़ी है, सीवर लाइनें हर समय ओवर फ्लो रहती है जिसके चलते जहां एक ओर पूरे क्षेत्र में गंदगी का माहौल बना हुआ है तो वहीं गंदगी से पैदा होने वाली बिमारियों के भी फैलने की आशंका बनी रहती है। क्षेत्र में चहूं ओर गंदगी खुले में बहती है, जिससे न कि बदबू फैल रही है बल्कि बिमारियों ने भी लोगों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है। माधव प्रसाद ने यह भी कहा कि मॉडल टाउन बस नाम से ही मॉडल है, लेकिन यहां मॉडल जैसा कुछ नही है, क्षेत्रीय विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी ने पूरे क्षेत्र का बुरा हाल कर रखा है। जहां एक आसेर तो दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हर घर जल से नल देंगे और वो भी मुफ्त में, लेकिल नल से जल से बल्कि हवा ही निकलती है और बिल हजारों में भरने पड़ रहे है। उन्होंने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी को हमेशा के लिए घर बैठाने के लिए क्षेत्र की जनता ने मन बन लिया और इस बार दिल्ली सरकार का इस दिल्ली की सत्ता में अंतिम साल ही घोषित होगा और साथ ही विधायक त्रिपाठी अंतिम कार्यकाल साबित होगा।

# आप नेता कपिल नागर ने थामा भाजपा का दामन





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः भाजपा के** राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की उपस्थिती में आम आदमी पार्टी की यूथ विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल नागर ने आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के 200 से अधिक आप कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ली। इस अवसर मॉडल टाउन से भाजपा प्रत्याशी अशोक गोयल और प्रदेश प्रवक्ता नितिन त्यागी एवं शुभेन्दू शेखर अवस्थी ने भी कपिल नागर का अभिनंदन किया। कपिल नागर ने कहा भाजपा के साथी कार्यकताओं के साथ मिलकर मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र का चुनाव जीतना अब मेरा संकल्प है। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ने कहा की आज दिल्ली का राजनीतिक वातावरण पूरी तरह बदल चुका है और समाज के हर वर्ग के लोग खासकर युवा एवं महिलाएं आज भाजपा से जुड़कर दिल्ली के नवनिर्माण की कल्पना कर रहे हैं।

# मांगो को लेकर 1 फरवरी को पंचायत संघ करेगी बैठक, लेगी बड़ा फैसलाः थान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली पंचायत** संघ ने भाजपा, कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों से मांग की है कि वे दिल्ली देहात गांव ग्रामीण किसानों की मांगों को पूरा करने की गारंटी दें। संघ का कहना है कि जिस प्रकार पार्टियां जनता को आकर्षित करने के लिए मुफ्त सेवाओं और छूटों की घोषणाएं कर रही हैं, उसी तरह ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने की ठोस गारंटी भी दी जाए। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि जहां देश के अन्य हिस्सों में स्वामित्व योजना से किसानों और ग्रामीणों को अपनी भूमि का मालिकाना हक मिल रहा है। वहीं दिल्ली के गांवों को अभी तक लाल डोरा और विस्तारित लाल डोरा खत्म कर यह अधिकार नहीं दिया गया है।



**गांवों की प्रमुख मांगेंः** पंचायत संघ ने सभी दलों से मांग की है कि वे इन प्रमुख मांगों को पूरा करने की गारंटी दें। करों में छूट, गांवों को हाउस टैक्स, कन्वर्जन चार्ज और पार्किंग चार्ज से मुक्त किया जाए। रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए गांवों को व्यवसायिक श्रेणी में अधिसूचित किया जाए। गांवों को भवन उपनियमों से बाहर रखा जाए। कृषि भूमि का सर्कल रेट बढ़ाकर 10 करोड़ किया जाए, वर्षों पहले अधिग्रहित कृषि भूमि, जो अभी तक खाली पड़ी है, किसानों को वापस दी जाए। ग्राम सभा की कृषि भूमि को अधिग्रहण से बाहर रखा जाए। गांव के गरीबों को मकान देने और बनवाने की गारंटी दी जाए।

# विश्वविद्यालयों को विश्व स्तरीय बता कर गुमराह कर रहें है केजरीवाल, सिसोदियाः रवनीत सिंह बिट्टू

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः केन्द्रीय रेल** राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने आज दिल्ली भाजपा कार्यालय में दिल्ली भाजपा कार्यालय में एक पत्रकार वार्ता को सम्बोधित किया और अरविंद केजरीवाल एवं मनीष सिसोदिया सरकार की शिक्षा व्यवस्था के दावों की पोल खोली, मनीष सिसोदिया के पुत्र के लिए शिक्षा ऋृण का सच उजागर किया और साथ ही पंजाब में सिद्धू मूसेवाला सहित अनेक राजनीतिक विरोधियों की सिक्योरिटी से खिलवाड़ की पोल खोली है।दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर के द्वारा संचालित पत्रकार वार्ता में रेल राज्यमंत्री सरदार रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा की दिल्ली के पूर्वांचल द्वार आनंद विहार रेलवे-स्टेशन और सराय रोहिल्ला रेलवे-स्टेशन का विशेष उत्थान रेल मंत्रालय द्वारा कराया जायेगा और इनके परिसर किसी हवाई अड्डे के समान सुविधाओं के साथ चमकेंगे। पत्रकार वार्ता में प्रवक्ता शुभेन्दू शेखर अवस्थी एवं चुनाव मीडिया टीम सदस्य यासिर जिलानी उपस्थित थे। सरदार रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा दिल्ली हो पंजाब हो या देश का कोई भी चुनावी राज्य अरविंद केजरीवाल एवं मनीष सिसोदिया अपनी दिल्ली सरकार की शिक्षा योजना की सफलता के कसीदे पढ़ते नही थकते जबकि यह एक सुपर फ्लाप योजना है। सरदार रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा की दिल्ली के पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया खुद को शिक्षा योजना का जनक बताते नही थकते पर सच यह है की दिल्ली सरकार ने 12 साल की सत्ता में दिल्ली ना कोई नया कॉलेज खुला ना स्कूल। निजी कॉलेजों के साथ चलते हुए दिल्ली सरकार के जो दो विश्वविद्यालय हैं उनका स्तर इतना कमजोर है की खुद दिल्ली शिक्षा योजना के जनक मनीष सिसोदिया भी अपने बच्चों के पढ़ने लायक नही समझते और अपने बच्चे को कनाड़ा में पढ़ा रहे हैं। सरदार रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा की जहां एक ओर केजरीवाल-सिसोदिया दिल्ली वालों को देश वासियों को चुनाव दर चुनाव अपने स्कूल एवं विश्वविद्यालयों को विश्व स्तरीय बता कर गुमराह करते हैं वहीं अशोक मित्तल एवं अवध ओझा आदि निज शिक्षा मुगलों को प्रोत्साहित करते नही थकते।




# नई दिल्ली में परेड रिहर्सल के चलते यातायात में बदलाव

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस समारोह में सिर्फ एक सप्ताह बचा है और इसे लेकर की जा रही तैयारियां भी अब अंतिम चरण में हैं। साथ ही गणतंत्र दिवस के समारोह में होने वाले परेड के लिए फूल ड्रेस रिहर्सल की भी शुरूआत हो चुकी है। यह रिहर्सल परेड 21 जनवरी तक जारी रहेगी। इसे लेकर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। परेड के सुचारू संचालन के लिए विशेष यातायात व्यवस्था के तहत कुछ मार्गों पर रूट परिवर्तन के साथ प्रतिबंध भी रहेगा। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने कुछ वैकल्पिक मार्ग भी सुझाए हैं।

दिल्ली पुलिस ने एडवाइजरी में कहा है कि कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए विशेष ट्रैफिक व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था शुक्रवार से शुरू हो चुकी है। परेड रिहर्सल के कारण 18, 20 और 21 जनवरी को लोगों के आवाजाही में दिक्कत न हो, इसके लिए ट्रैफिक एडवाइजरी का पालन करें। एडवाइजरी के अनुसार, कर्तव्य पथ-रफी मार्ग क्रॉसिंग, कर्तव्य पथ-जनपथ क्रॉसिंग, कर्तव्य पथ-मानसिंह रोड क्रॉसिंग और कर्तव्य पथ-सी हेक्सागन पर पूर्वाह्न 10:15 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक यातायात पर प्रतिबंध रहेगा।



**एडवायजरी**

**सथ ही गणतंत्र दिवस के समारोह में होने वाले परेड के लिए फूल ड्रेस रिहर्सल की भी शुरूआत हो चुकी है**

इन रास्तों का करें इस्तेमालदिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त यातायात प्रबंधन अजय चौधरी ने बताया कि नॉर्थ दिल्ली से साउथ दिल्ली और साउथ दिल्ली से जाने वाले लोग रिंग रोड, सराय काले खां, आइपी फ्लाईओवर, राजघाट, लाजपत राय मार्ग, मथुरा रोड, भैरों रोड, रिंग रोड, अरबिंदो मार्ग, सफदरजंग रोड, कमाल अतातुर्क मार्ग, कौटिल्य मार्ग से जा सकते हैं। ईस्ट दिल्ली से साउथ-वेस्ट की ओर जाने वाले लोग रिंग रोड से वंदे मातरम मार्ग से जा सकते हैं। इसी तरह विनय मार्ग, शांति पथ या नई दिल्ली और उससे आगे जाने वाली गाड़ियों को सरदार पटेल मार्ग, मदर टेरेसा क्रिसेंट, राउंड अबाउट आरएमएल, बाबा खड़क सिंह मार्ग या पार्क स्ट्रीट-मंदिर मार्ग से होते हुए उत्तर दिल्ली या नई दिल्ली की ओर से होकर जाना पड़ेगा।

# केजरीवाल करते है रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को पालने का कामः सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली भाजपा** अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि फिल्म स्टार सैफ अली खान पर जब अटैक हुआ तो अरविंद केजरीवाल मीडिया में सहानुभूति बटोरने के लिए कहने लगे कि वह राष्ट्र के धरोहर हैं। इसलिए उनके साथ हादसा हुआ है एवं वाकया बहुत शर्मनाक है, लेकिन जब पता चला है कि अटैक करने वाला बांग्लादेशी नागरिक है तो अरविंद केजरीवाल ने चुप्पी साध ली है और समझ नही आ रहा है की ऐसा क्यों हुआ है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने अरविंद केजरीवाल जो सैफ अली खान पर अटैक होने पर बहुत चिन्ता में थे अब उनकी जिम्मेदारी है कि वह अटैक करने वाले बंगलादेशी शख्स की निंदा करे है। भाजपा पहले दिन से कह रही है कि दिल्ली ही नहीं देश भर में रोहिग्या और बांग्लादेशी सुरक्षा के लिए खतरा है लेकिन अरविंद केजरीवाल दिल्ली में रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को आश्रय देते हैं उन्हें पालने का काम करते हैं। सचदेवा ने कहा कि अवैध बांगलादेशियों को 10000 रुपये आम आदमी पार्टी के ओखला विधायक एवं अन्य नेता देते हैं और उन्हें मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी देने का काम करते हैं।



# दम घुटने से दो मजदूरों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** बाहरी जिले के मुंडका इलाके के महिंद्रा लॉजिस्टिक ट्रांसपोर्ट कंपनी के दफ्तर में ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाकर सो रहे दो मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस को घटना की सूचना शनिवार सुबह मिली। तीसरे मजदूर की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी है। डीसीपी सचिन शर्मा के अनुसार मुंडका के त्यागी विहार इलाके में ट्रांसपोर्ट कंपनी का दफ्तर है। दफ्तर में 44 वर्षीय राजेश, 46 वर्षीय राजेंद्र सिंह और 26 वर्षीय मुकेश पांडेय ट्रकों से सामान उतारने और लादने का काम करते थे। देर रात तक काम होने के चलते तीनों कंपनी के दफ्तर में ही गए। शुक्रवार रात तीनों खाना खाने के बाद ठंड से बचने के लिए कोयले की अंगीठी जलाकर सो गए। इस दौरान दम घुटने से तीनों बेहोश हो गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पड़ोस में चाय की दुकान चलाने वाले पवन उन्हें चाय पिलाने के लिए आते थे। शनिवार सुबह वह चाय देने गया तो किसी ने दरवाजा नहीं खोला। उसने खिड़की के ऊपर से तीनों पर पानी फेंक कर जगाने की कोशिश की, लेकिन तीनों में कोई हरकत नहीं हुई।

# गणतंत्र दिवस परेड में फ्लाईपास्ट करेंगे 40 एयरक्राफ्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। नई दिल्ली।** देश के गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड के लिए सेना के जवान कड़ाके की ठंड में रिहर्सल करके पसीना बहा रहे हैं। परेड के दौरान कर्तव्य पथ पर झांकियों के माध्यम से 'स्वर्णिम भारतः विरासत और विकास' को प्रदर्शित किया जाएगा। वायु सेना के 40 एयरक्राफ्ट फ्लाईपास्ट करेंगे, जिनमें 22 फाइटर एयरक्राफ्ट होंगे। इस बार एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव और स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस परेड के दौरान उड़ान भरते नहीं दिखेंगे। गणतंत्र दिवस परेड में इस बार भारतीय वायु सेना की कोई भी झांकी नहीं होगी।

वायु सेना के विंग कमांडर मनीष शर्मा ने बताया कि कुल 40 एयरक्राफ्ट रिपब्लिक-डे परेड का हिस्सा बनेंगे। फ्लाईपास्ट में 22 लड़ाकू विमानों, 11 परिवहन विमानों और 7 हेलीकॉप्टरों की शक्ति का प्रदर्शन किया जाएगा। इनमें राफेल, सुखोई-30 और सी-130जे हरक्यूलिस कर्तव्य पथ पर हवाई करतब दिखाएंगे। इसके अलावा तीन डोर्नियर विमान भी गणतंत्र दिवस की परेड का हिस्सा होंगे। इस बार एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव और स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस परेड के दौरान उड़ान भरते नहीं दिखेंगे। इस माह की शुरूआत में गुजरात के पोरबंदर में भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) का एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, इसीलिए एएलएच ध्रुव को अभी भी जमीन पर ही रखा गया है और इसका इस्तेमाल फ्लाईपास्ट के लिए नहीं किया जाएगा। विंग कमांडर ने स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस को परेड का हिस्सा न बनाने के बारे में बताया कि इस बार भारतीय वायु सेना ने गणतंत्र दिवस परेड के लिए नई पॉलिसी तैयार की है। इसके मुताबिक, तेजस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट को शानदार प्रदर्शन के बावजूद सिंगल इंजन होने के कारण बाहर रखा गया है।



# बॉयफ्रेंड ने खुद को किया आग के हवाले

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** गाजीपुर इलाके में शनिवार रात को एक बैंक्वेट हॉल में एक युवती की शादी हो रही थी। तभी गौतमबुद्ध नगर का रहने वाला उसका प्रेमी कार लेकर हॉल के बाहर पहुंचा। प्रेमिका से शादी न होने से आहत होकर युवक ने कार में बैठकर खुद पर तरल पदार्थ डालकर आग लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान अनिल कुमार के रूप में हुई है। 14 फरवरी को अनिल व इनके छोटे भाई सोविंद्र की शादी होनी थी। गाजीपुर थाना पुलिस प्राथमिकी कर मामले की जांच में जुट गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया है। अनिल की वैगनआर कार को कब्जे में ले लिया है। मृतक के स्वजन ने हत्या की आशंका जाहिर की है अनिल कुमार अपने परिवार के साथ गौतमबुद्ध नगर स्थित नवादा गांव में रहते थे। परिवार में पिता प्रमोद कुमार, मां, बड़ा भाई सुमित व छोटा भाई सोविंद्र है। वह गौतमबुद्ध नगर में एक कंपनी में नौकरी करते थे। जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि शनिवार रात 11:30 बजे पुलिस को सूचना मिली थी गाजीपुर स्थित एक बैंक्वेट हॉल के बाहर कार के अंदर एक युवक ने खुद को आग लगा ली है।

# कर्नाटक 5वीं बार बना विजय हजारे ट्रॉफी का चैम्पियन, विदर्भ को 36 रनों से दी मात

एजेंसी

**बडोदरा।** विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 के हाईस्कोरिंग फाइनल मैच में कर्नाटक ने विदर्भ को 36 रन से हरा दिया। इस रोमांचक मुकाबले में मिली जीत से साथ कर्नाटक पांचवीं बार विजय हजारे ट्रॉफी का चैम्पियन बना। इस मैच में कर्नाटक ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 6 विकेट खोकर 348 रन बनाए। विदर्भ की टीम 349 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 48.2 ओवर में 312 रनों पर ऑलआउट हो गई और 36 रनों से मैच हार गई। कर्नाटक के लिए स्मरण रविचंद्रन के शतक (101) और कृष्णन श्रीजीत के (78) और अभिनव मनोहर (79) की शानदार पारियों खेली। इस मैच में विदर्भ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया और छठे ओवर में यश ठाकुर की गेंद पर देवदत्त पडिक्कल (8) के आउट होने से टीम को शुरुआती सफलता मिली। इसके बाद कप्तान मयंक अग्रवाल




(32) और केवी अनीश (21) भी पवेलियन लौट गए। स्मरण और कृष्णन श्रीजीत ने चौथे विकेट के लिए 160 रनों की बड़ी साझेदारी कर कर्नाटक को मैच में वापस ला दिया। अभिनव मनोहर ने 188.09 की स्ट्राइक रेट से मात्र 42 गेंदों पर 79 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और 4 छक्के शामिल थे। कर्नाटक ने पहली पारी 348/6 पर समाप्त की और विदर्भ को बड़ा लक्ष्य दिया। विदर्भ के लिए दर्शन नालकांडे और नचिकेत भूते ने 2-2 विकेट हासिल किए। विदर्भ के लिए ओपनर ध्रुव शौरी के शानदार शतक (110) रनों की पारी खेली लेकिन वो अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। उनके अलावा हर्ष दुबे ने (63) की धमाकेदार पारी खेली। लेकिन विदर्भ की टीम लक्ष्य का पीछा करने से 36 रन पीछे रह गई। इस मैच में टीम के स्टार बल्लेबाज और कप्तान करुण नायर का बल्ला नहीं चला जो विदर्भ के हारने की वजह बना। नायर 27 रनों की पारी खेल प्रसिद्ध कृष्णा की बॉल पर बोल्ड हो गए। उनके अलावा यश कदम (15), जितेश शर्मा (34), शुभम दुबे (8) और अपूर्व वानखेड़े (12) रन बनाकर आउट हो गए। कर्नाटक के लिए अभिलाष शेट्टी, प्रसिद्ध कृष्णा और वासुकी कौशिक ने 3-3 विकेट हासिल किए और उनकी टीम को 36 रनों से जीत दिला दी।

# अंकुश, अमन व अभव्या ने उत्तर प्रदेश को दिलाई शानदार शुरुआत

एजेंसी

**लखनऊ।** अंकुश कुमार, अमन पाल व अभव्या तिवारी ने सातवीं नेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप -2025 ने अपने-अपने वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर मेजबान उत्तर प्रदेश को शानदार शुरुआत दिलाई। मिनी इंडोर स्टेडियम, राजाजीपुरम में आयोजित इस चैंपियनशिप में ऑफिशियल ग्रुप की स्पर्धाओं के पहले दिन आंध्र प्रदेश ने दो स्वर्ण जबकि हरियाणा व दिल्ली ने एक-एक स्वर्ण पदक जीते। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित चैंपियनशिप का औपचारिक उद्घाटन उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने किया। चैंपियनशिप में 24 राज्यों व इकाईयों की टीमों से 1700 खिलाड़ी भाग ले रहे है जिसमें सीआरपीएफ, आईटीबीपी, कुमाऊं रेजीमेंट और सर्विसेज के खिलाड़ी भी शामिल है। पहले दिन हुई स्पर्धाओं में सब जूनियर बालक व्यक्तिगत पूमसे में आंध्र प्रदेश के तन्विथ उदय ने स्वर्ण, मणिपुर के मालेमंगनबा नुंगलेप्पम ने रजत पदक एवं उत्तर प्रदेश के अक्षत सूर्यांश व नवदीप मिश्रा ने कांस्य पदक जीता। सब जूनियर बालिका व्यक्तिगत पूमसे में दिल्ली की नायशा शर्मा ने स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश की वर्णिका कपूर को रजत एवं उत्तर प्रदेश की ही आरवी सिंह व समृद्धि आर्या ने कांस्य पदक जीता। कैडेट बालिका व्यक्तिगत पूमसे में अभव्या तिवारी ने स्वर्ण, आर्शी सिंह ने रजत, अंशिका खोखर व कौशिकी सिंह यादव (सभी उत्तर प्रदेश) ने कांस्य पदक जीते।

# बुमराह की उपलब्धता पर संदेह,अर्शदीप पर भरोसाः रोहित

**मुंबई।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिये चयन के बावजूद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्टार पेस बॉलर जसप्रीत बुमराह की फिटनेस पर संदेह व्यक्त करते हुये कहा कि उन्हे अर्शदीप सिंह से उम्मीद है कि वह बुमराह की कमी को दूर करेंगे।चैंपियंस ट्रॉफी और इंग्लैंड के खिलाफ एक दिवसीय श्रृंखला के लिये टीम की घोषणा के बाद पत्रकारों से बातचीत में रोहित ने कहा “ हम जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता को लेकर निश्चित नहीं हैं, इसलिए हम चाहते थे कि अर्शदीप सिंह आकर वह भूमिका निभायें। हमने केवल तीन सीमर लिए हैं क्योंकि हम इन ऑलराउंडरों को अपने साथ रखना चाहते थे। मोहम्मद सिराज को टीम में नहीं लिये जाने के फैसले पर उन्होंने कहा “यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वह (मोहम्मद सिराज) हमारे साथ नहीं हैं। अर्शदीप ने बहुत ज्यादा वनडे नहीं खेले है लेकिन वह हमेशा सफेद गेंद से खेलते रहे है, इसलिए मैं यह नहीं कहूँगा कि उनके पास अनुभव नहीं है और मोहम्मद शमी सफेद गेंद क्रिकेट के दिग्गज रहे है। हर्षित ने भी अपनी क्षमता दिखाई है। यशस्वी जायसवाल के चयन को लेकर पूछे गये सवाल पर उन्होने कहा उन्हें पिछले कुछ महीनों में उनके प्रदर्शन के आधार पर चुना है, हालांकि उन्होंने हाल के दिनों में कोई वनडे नहीं खेला है, लेकिन हम उनकी क्षमता जानते है। घरेलू क्रिकेट में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटरों की भागीदारी पर पूछे गये सवाल पर उन्होने कहा “ पिछले 6-7 सालों में ऐसा समय नहीं आया जब हम 45 दिनों तक घर पर बैठे रहे हों। हमारा घरेलू सत्र अक्टूबर में शुरू होता है और उस समय भारत में काफी क्रिकेट खेलता है।

# 38वें राष्ट्रीय खेलों का शुभंकर मौलि पहुँचा पिथौरागढ़, भव्य स्वागत

**पिथौरागढ़/नैनीताल।** 38वें राष्ट्रीय खेलों से जुड़ा शुभंकर मौलि पिथौरागढ़ पहुंचा और स्पोर्टस स्टेडियम में भव्य स्वागत किया गया। उत्तराखंड में पहली बार राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न जिलों में अलग-अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।आगामी 28 जनवरी को देहरादून में इन खेलों का शुभारम्भ होगा। राष्ट्रीय खेलों के प्रचार-प्रसार और खेलों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए कुछ समय पहले हल्द्वानी से विभिन्न हिस्सों के लिए राष्ट्रीय खेलों की मशाल और शुभंकर मौलि को रवाना किया गया था। आज इसी क्रम में मौलि पिथौरागढ़ पहुंचा। जिलाधिकारी विनोद गिरी गोस्वामी और पुलिस अधीक्षक श्रीमती रेखा यादव ने स्वयं स्पोर्टस स्टेडियम में मौलि का स्वागत किया। इस दौरान युवाओं में भारी उत्साह देखा गया। राष्ट्रीय खेलों के तहत पिथौरागढ़ में बाक्सिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है।

# नोमान के पंजे से वेस्टइंडीज बेदम,पाक को मिली 202 रन की बढ़त

**मुल्तान।** नोमान अली (39 रन पर पांच विकेट) और साजिद खान (65 रन पर चार विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन वेस्टइंडीज की पहली पारी 137 रन पर समेट कर 93 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करने के साथ अपनी स्थिति मजबूत कर ली। मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम पर दिन का खेल खत्म होने के समय पाकिस्तान ने अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट खोकर 109 रन बना लिये थे और इस प्रकार उसकी कुल लीड 202 रन की हो चुकी है। कामरान गुलाम नौ और सउद शकील दो रन बना कर क्रीज पर टिके हुये थे। इससे पहले कप्तान शान मसूद (52) और मोहम्मद हुरैरा (29) ने 67 रन जोड़े। मसूद दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रन आउट हो गये। पहली पारी में आठ रन का योगदान देने वाले बाबर आजम (5) का बल्ला आज भी नहीं चला और वह 11 गेंद खेल कर वारिकेन का दूसरा शिकार बने। इससे पहले साजिद खान ने अपने पहले स्पेल के लगातार दो ओवरों में मिकाइल लुइस (1),केसी कार्टी(0) और केवम हॉज (4) का विकेट चटका कर मेहमान टीम के खेमे में हलचल मचा दी वहीं दूसरे छोर पर नोमान अली वेस्टइंडीज पर कहर बरपा रहे थे।

# मैनचेस्टर यूनाइटेड और स्कॉटलैंड के दिग्गज डेनिस लॉ का 84 साल की उम्र में निधन

एजेंसी

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाइटेड और स्कॉटलैंड के दिग्गज स्ट्राइकर और बैलन डी'ओर जीतने वाले एकमात्र स्कॉटिश फुटबॉलर डेनिस लॉ का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। द किंग और द लॉमैन के नाम से मशहूर लॉ ने मैनचेस्टर यूनाइटेड में 11 साल बिताए, जहाँ 404 मैचों में 237 गोल करके वे वेन रूनी और सर बॉबी चार्लटन के बाद क्लब की सर्वकालिक स्कोरिंग सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

एबरडीन में जन्मे लॉ ने इटली के टोरिनो में रिकॉर्ड-तोड़ कदम उठाने से पहले हडर्सफ़ील्ड टाउन के साथ अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की। उन्होंने मैनचेस्टर सिटी में भी कुछ समय बिताया और मैनचेस्टर यूनाइटेड में वापस लौटे, जहाँ उन्होंने एक फ़ुटबॉल आइकन के रूप में अपनी स्थिति को मज़बूत किया। लॉ ने स्कॉटलैंड के लिए 55 मैच खेले और 30 अंतरराष्ट्रीय गोल किए, जिससे वे देश के इतिहास में संयुक्त रूप से शीर्ष स्कोरर बन गए। खेल के अग्रणी, लॉ तीन बार ब्रिटिश ट्रांसफर रिकॉर्ड बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। उनका प्रभाव मैदान से परे था, और उन्होंने क्लब और देश दोनों के लिए एक अमिट विरासत छोड़ी। 2021 में, लॉ ने अल्जाइमर रोग और संवहनी मनोभ्रंश के अपने निदान का खुलासा किया। उनके परिवार ने एक बयान जारी किया और कहा, यह बहुत भारी मन से है कि हम आपको बताते हैं कि हमारे पिता डेनिस लॉ का दुखद निधन हो गया है। उन्होंने एक कठिन लड़ाई लड़ी लेकिन आखिरकार अब वह शांति से हैं। हम उन सभी लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहते हैं जिन्होंने अतीत में और हाल ही में उनकी भलाई और देखभाल में योगदान दिया। हम जानते हैं कि लोगों ने उनका कितना समर्थन किया और उन्हें कितना प्यार दिया और उस प्यार की हमेशा सराहना की गई। धन्यवाद।

# लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम क्रिकेट मैच खेलने के लिए नेपाल रवाना, आनंद सागर करेंगे कप्तानी

एजेंसी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम इंटरनेशनल टूर्नामेंट खेलने के लिए नेपाल रवाना हुई है। यह क्रिकेट टूर्नामेंट (टी-20 जय नेपाल कप) त्रिभुवन यूनिवर्सिटी काठमांडू, नेपाल में 20 जनवरी से 28 जनवरी तक काठमांडू , नेपाल में आयोजित किया जा रहा है। पहली बार लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम किसी दूसरे देश में खेलने जा रही है । इस टीम की कप्तानी आनंद सागर कर रहे हैं।इस क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत, नेपाल, बांग्लादेश और यूनाइटेड अरब अमीरात की विभिन्न विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम को रवाना होने से पहले क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्य ने कुलपति आलोक कुमार राय का परांजपे पवेलियन ग्राउंड में स्वागत किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कुलपति ने इस क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं दी।

क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्य ने बताया कि आज तक लखनऊ विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार कोई टीम इंटरनेशनल टूर्नामेंट खेलेगी। यह सब कुलपति के कुशल नेतृत्व और प्रेरणा से संभव हो पाया है । विश्विद्यालय टीम को रवाना करने के लिए भारी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे। जिनमें क्रमशः क्रीड़ा परिषद के चेयरमैन डॉ. आर. बी. सिंह , क्रिकेट प्रेसिडेंट डॉ. एस. ए. अल्वी, प्रो. मनुका खन्ना प्रति कुलपति, प्रो. राकेश द्विवेदी, आदि उपस्थित रहे। क्रिकेट की 17 सदस्यीय टीम के साथ मुख्य कोच उबैद कमाल एवं सहायक कोच शोएब कमाल तथा मैनेजर डॉ अरुण कुमार हैं। टीम के कप्तान आनन्द सागर है। कुलपति ने क्रिकेट टीम को भारत का झंडा एवं क्रीड़ा परिषद लखनऊ विश्वविद्यालय का झंडा देकर रवाना किया। लखनऊ विश्वविद्यालय के क्रीड़ा परिषद के मार्शल प्रोफेसर राकेश द्विवेदी ने कुलपति आलोक राय को लखनऊ विश्वविद्यालय के कीड़ा परिषद की कैप भेंट करके उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। लखनऊ विश्वविद्यालय अपना पहला मैच दिल्ली विश्वविद्यालय से 23 जनवरी को खेलेगी। इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 28 जनवरी को त्रिभुवन यूनिवर्सिटी काठमांडू नेपाल के मुख्य ग्राउंड पर होगा।

**17 सदस्य दल में निम्नलिखित खिलाड़ी शामिल हैं-**

आनंद सागर कैप्टन, मनोज कांडपाल, आदित्य प्रताप सिंह, अमृत सिंह ,अर्जुन रायज्यादा, ओंकार सिंह ,अंश रावत, सैयद मोहम्मद मेहंदी, आशीष यादव, अभिषेक सोनी, यशवर्धन सिंह अभिषेक प्रकाश, सैयद मोहम्मद रिजवी, हर्षवर्धन प्रताप सिंह, सिद्धार्थ दीक्षित एवं राहुल दास हैं।

# 3 वीं यूपी स्टेट मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में चमके मुरादाबाद मंडल के खिलाड़ी

एजेंसी

**मुरादाबाद।** 33 वीं यूपी स्टेट मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में मुरादाबाद मंडल के सीनियर खिलाड़ियों ने गोल्ड व सिल्वर मेडल प्राप्त किए हैं। सभी विजेता खिलाड़ियों का नेताजी सुभाषचंद्र बोस सोनकपुर स्पोर्टर्स स्टेडियम रामगंगा विहार मुरादाबाद में स्वागत अभिनंदन किया गया।

प्रभारी क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी प्रदीप कुमार सक्सैना व उत्तर प्रदेश ओलम्पिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अजय पाठक ने बताया कि 14 व 15 जनवरी को लालपुर स्टेडियम वाराणसी में यूपी स्टेट मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप आयोजित हुई। जिसमें जनपद मुरादाबाद के सीनियर खिलाड़ियों में कमलेश सिंह ने 5000 मीटर पैदल चाल एवं 2000 मीटर की स्टीपल चेज रेस में गोल्ड मैडल प्राप्त किया, यशपाल सिंह ने 5000 मीटर पैदल चाल एवं 2000 मीटर स्टीपल चेज रेस में




गोल्ड मेडल प्राप्त किया। जनपद अमरोहा के रामवीर सिंह ने त्रिकूद जम्प में गोल्ड मेडल, चक्का फेंक में सिल्वर मैडल व गोला फेंक में कांस्य पदक प्राप्त किया। उक्त पदक विजेता खिलाड़ी बेगलरू में माह मार्च में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की टीम से प्रतिभाग करेंगे। इस मौके पर कमलेश सिंह, यशपाल सिंह, रामवीर सिंह का नेताजी सुभाषचंद्र बोस सोनकपुर स्पोर्टर्स स्टेडियम में स्वागत अभिनंदन किया गया।

# दक्षिण अफ्रीका पर शानदार जीत के साथ भारतीय महिला टीम खो खो विश्व कप 2025 के फाइनल में पहुंची

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला खो खो टीम ने इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में पहले खो खो विश्व कप 2025 के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 66-16 से हराकर एक बार फिर अपनी सामरिक क्षमता का परिचय दिया। ब्लू में महिलाओं ने अटैक और डिफेंस दोनों में शानदार प्रदर्शन किया, जिससे नेपाल के साथ रोमांचक फाइनल मुकाबला तय हो गया। 19 जनवरी (रविवार) को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खिताबी मुकाबला खेला जाएगा।

ब्लू जर्सी में महिलाओं ने चैथरा बी के ड्रीम रन के साथ शानदार शुरुआत की, जो नाजिया बीबी और निर्मला भाटी के डिफेंडरों द्वारा पकड़े जाने के बाद भी जारी रही। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की सिनेथेम्बा मोसिया द्वारा बाहर किए जाने से पहले अकेले ही 5 अंक बनाए। यह उन्हें



टर्न 1 के अंत में दक्षिण अफ्रीका के 8 अंकों के करीब ले जाने के लिए पर्याप्त था, जिससे उन्हें मैच की शानदार शुरुआत मिली। टर्न 2 में रेशमा ने पूरे फॉर्म में खेल दिखाया। भारतीय महिलाओं ने दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों को कई बैचों में आउट किया और महत्वपूर्ण अंक अर्जित किए। यह टीम के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ, क्योंकि स्कोर ब्लू जर्सी में भारतीय महिलाओं के पक्ष में 33-10 था। भारतीय महिला टीम के लिए अपने दूसरे मैच में ड्रीम रन टर्न 3 के अंत में आया। इस दौरान वैष्णवी पोवार, नसरीन शेख और भीलरदेवी ने 5 मिनट तक अच्छा खेल दिखाया। उनके 5 अंक तीसरे टर्न के प्रतीक थे, क्योंकि स्कोर 38-16 था, जिससे उन्हें सेमीफाइनल मुकाबले के अंतिम 7 मिनट में एक मजबूत मंच मिला। टर्न 4 में दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों के लिए सबसे लंबा बैच सिर्फ 1 मिनट और 45 सेकंड तक चला, जिससे भारतीयों ने फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। नसरीन शेख और रेशमा राठौड़ ने टीम को जीत दिलाई और अंतिम स्कोर 66-16 रहा।

मैच पुरस्कारः

मैच का सर्वश्रेष्ठ अटैकरः सिनेथेम्बा मोसिया (टीम साउथ अफ्रीका)

मैच का सर्वश्रेष्ठ डिफेंडरः निर्मला भाटी (टीम इंडिया)

मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ीः वैष्णवी पवार (टीम इंडिया)

# ऑस्ट्रेलियन ओपन : टेलर फ्रिट्ज़ को हराकर चौथे दौर में पहुंचे गेल मोनफिल्स

एजेंसी

**मेलबर्न।** फ्रांस के स्टार टेनिस खिलाड़ी गेल मोनफिल्स 38 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर में पहुंचने वाले रोजर फेडरर के बाद दूसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने नंबर 4 वरीय टेलर फ्रिट्ज़ को 3-6, 7-5, 7-6 (1), 6-4 से हराया।

मोनफिल्स ने 19वें ऑस्ट्रेलियाई ओपन में छठी बार चौथे दौर में जगह बनाई। मोनफिल्स से भिड़ने से पहले फ्रिट्ज़ शानदार फॉर्म में थे, उन्होंने अपने पिछले दो मैचों में केवल आठ गेम गंवाए थे। लेकिन मोनफिल्स ने अपने सटीक ग्राउंडस्ट्रोक और धमाकेदार सर्विस के साथ दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी को शिकस्त दी।41वें स्थान पर काबिज मोनफिल्स ने मैच जीतने के बाद कहा, रणनीति बेसलाइन को थामे रखने और निश्चित रूप से गति को बदलने की थी।

लाइन के नीचे कुछ बड़े शॉट लगाए और अपने फोरहैंड से कुछ शेप का इस्तेमाल किया, अपने बैकहैंड से कुछ स्लाइस किया और अच्छी सर्विस की। मुझे खुद पर पूरा भरोसा है, मुझे पूरा भरोसा है कि मैं अभी टूर्नामेंट में आगे बढ़ूंगा। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका सामना एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन या इटली के लोरेंजो मुसेट्टी से होगा। मोनफिल्स अपने लंबे करियर में कभी भी किसी मेजर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए हैं।

# 7 वीं ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मुरादाबाद के खिलाड़ी करेंगे प्रतिभाग

एजेंसी

**मुरादाबाद।** जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के सचिव शाहवेज़ अली ने बताया कि 19 व 20 जनवरी को लखनऊ के राजाजीपुरम स्थित मिनी स्टेडियम 7 वीं ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मुरादाबाद जनपद से 30 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इस चैम्पियनशिप में देशभर से लगभग तीन हजार खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे है।

जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव शाहवेज़ अली ने बताया कि 7 वीं ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जिले के 30 खिलाड़ियों का चयन हुआ है, इसमें सबजूनियर बालक वर्ग में विभु राज, विवान शर्मा, निलय चौधरी, विराज कपूर, अक्षत सूर्यांश, वंश, शाहज़ेब खान व सबजूनियर बालिका वर्ग में मिस्टी चंद्रवंशी, अदिति सैनी, देवांशी का चयन हुआ है। कैडेट बालक वर्ग में आशीष सिंह, वासु भाटिया, अक्षत कश्यप, आयुष



सूर्यांश व कैडेट बालिका वर्ग में अनायदा, आदूषी का चयन हुआ है। जूनियर बालक वर्ग में लवकुश यादव, कैफ खान, मोहम्मद अयान व बालिका वर्ग में आलिया पाशा का चयन हुआ है, सीनियर बालक वर्ग में निखिल कुमार, रायन सागर, वैभव सक्सेना, रोहित कुमार व बालिका वर्ग में कशिश मालिक, यशोदा थापा का चयन हुआ है। निर्णायक मंडल में जिला मुरादाबाद से केशव थापा और अरुण कुमार को चुना गया ।टीम कोच में शाहवेज अली और संदीप कुमार रहे।

# शारजाह वॉरियर्स की टीम में इरादे की कभी कमी नहीं होगी : कोच जेपी डुमिनी

एजेंस

**शारजाह।** श्रीलंकाई बल्लेबाज अविष्का फर्नांडो की शानदार पारी की बदौलत शारजाह वॉरियर्स ने शारजाह में दुबई कैपिटल्स को हराकर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया। इस सीजन में अपना पहला घरेलू मैच खेल रहे शारजाह वॉरियर्स ने 201 रनों का लक्ष्य 5 विकेट और 11 गेंद शेष रहते सफलतापूर्वक हासिल किया। मैच के बाद शारजाह वॉरियर्स के कप्तान टिम साउथी ने आईएलटी20 प्रेस विज्ञप्ति के हवाले से कहा, इस तरह के स्कोर का पीछा करना और फर्नांडो की पारी अविश्वसनीय थी। सुबह विमान से उतरना और ऐसा करना विशेष है। फर्नांडो हमारे लिए शानदार था। कप्तान ने आगे कहा, सुधार करने के लिए बहुत सी चीजें हैं, क्षेत्ररक्षण और गेंद के साथ, जो जीत के बाद हमेशा करना आसान होता है। यह एक अच्छा विकेट था, अगर आपने गेंद के साथ अच्छा प्रदर्शन किया तो यह अच्छा था लेकिन अगर आप थोड़ा चूक गए, तो यह एक अलग कहानी है। कुछ खिलाड़ी शानदार थे और जब दूसरे खिलाड़ी आकर अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो यह टीम की गहराई को दर्शाता है। कोच जेपी डुमिनी ने कहा, फील्डिंग हमारे खेल का एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर हम काम कर सकते हैं। हम सामूहिक रूप से फील्डिंग में बड़ा प्रयास करने की कोशिश करते हैं। इसलिए, यह कुछ ऐसा है जिस पर हम काम करना चाहते हैं और फील्डिंग कुछ ऐसा है जिसमें हम निश्चित रूप से बेहतर होना चाहते हैं। अविष्का फर्नांडो, जिन्होंने 27 गेंदों में 8 छक्के और 6 चौके की मदद से 81 रन बनाए,ने कहा, अपने स्वाभाविक खेल पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं और आज की पारी के लिए भगवान का शुक्रिया अदा करता हूं।

# सप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी भारत की चैंपियंस ट्रॉफी टीम में शामिल, सिराज बाहर

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए को 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और हार्दिक पांड्या सभी जगह बनाने में सफल रहे हैं। इन तीनों ने आखिरी बार 2023 विश्व कप में वनडे प्रारूप में हिस्सा लिया था। 15 सदस्यीय टीम की कमान रोहित शर्मा संभालेंगे जबकि शुभमन गिल उपकप्तान होंगे। हालांकि मोहम्मद सिराज को बाहर कर दिया गया है। वहीं, इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में बुमराह की जगह हर्षित राणा टीम में होंगे। कप्तान रोहित शर्मा ने यहां आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हम बुमराह के बारे में निश्चित नहीं हैं, कि वह खेलेंगे या नहीं। इसलिए हम ऐसा खिलाड़ी चाहते थे जो आगे और पीछे दोनों जगह गेंदबाजी कर सके। शमी के बारे में सभी जानते हैं कि



वह नई गेंद से क्या करते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि मोहम्मद सिराज को टीम से बाहर होना पड़ा। लेकिन हमारे पास निर्धारित भूमिकाओं के लिए उपयुक्त खिलाड़ियों को चुनने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। अर्शदीप ने बहुत ज़्यादा वनडे नहीं खेले हैं, लेकिन वह पिछले कुछ समय से सफ़ेद गेंद वाले क्रिकेट में हैं। इसलिए हम अनुभवहीनता के बारे में चिंतित नहीं हैं। आप सभी को खुश नहीं कर सकते। दिन के अंत में, आप उस टीम को चुनते हैं जो आपको गेम जिता सकती है। बुमराह को भारत की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी दौर में पीठ में दर्द की शिकायत थी, इस अभियान में उन्होंने 151.2 ओवर फेंके और 13.06 की औसत से 32 विकेट लिए। वह मोहम्मद शमी के साथ तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे। शमी 2023 वनडे विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, लेकिन तब से अपने बाएं अकिलीज़ टेंडन की सर्जरी के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर हैं।

# ताइक्वांडो चैंपियनशिपःआंध्र ने जीते दो स्वर्ण, दिल्ली व हरियाणा को एक-एक स्वर्ण

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अंकुश कुमार, अमन पाल व अभव्या तिवारी ने सातवीं नेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप ने अपने-अपने वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर मेजबान को शानदार शुरुआत दिलाई। मिनी इंडोर स्टेडियम, राजाजीपुरम में आयोजित इस चैंपियनशिप में ऑफिशियल ग्रुप की स्पर्धाओं के पहले दिन आंध्र प्रदेश ने दो स्वर्ण , जबकि हरियाणा व दिल्ली ने एक-एक स्वर्ण पदक जीते। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित चैंपियनशिप का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। मुख्य अतिथि बृजेश पाठक ने अपने आर्शीवचन में विभिन्न टीमों से आए खिलाड़ियों को लखनऊ में स्वागत करते हुए उन्हें चैंपियनशिप में हार्दिक बधाई और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू ने बताया कि चैंपियनशिप में 24 राज्यों व इकाईयों की टीमों से 1700 खिलाड़ी भाग ले रहे है जिसमें सीआरपीएफ, आईटीबीपी, कुमाऊं रेजीमेंट और सर्विसेज के खिलाड़ी भी शामिल है। आज समारोह में उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजकुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए प्रतिभागी टीमों में शामिल खिलाड़ियों का आभार जताया।

इस अवसर पर ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव आरडी मंगेशकर, उपाध्यक्ष एल.सुकुन सिंह, डिप्टी सीईओ मनोज कुमार, राजस्थान ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मण सिंह हाडा, बिहार ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव समता राही, उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, पूर्व पार्षद शिवपाल सांवरिया सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। पहले दिन हुई स्पर्धाओं में सब जूनियर बालक व्यक्तिगत पूमसे में आंध्र प्रदेश के तन्विथ उदय ने स्वर्ण, मणिपुर के मालेमंगनबा नुंगलेप्पम ने रजत पदक एवं उत्तर प्रदेश के अक्षत सूर्यांश व नवदीप मिश्रा ने कांस्य पदक जीता। सब जूनियर बालिका व्यक्तिगत पूमसे में दिल्ली की नायशा शर्मा ने स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश की वर्णिका कपूर को रजत एवं उत्तर प्रदेश की ही आरवी सिंह व समृद्धि आर्या ने कांस्य पदक जीता। कैडेट बालिका व्यक्तिगत पूमसे में अभव्या तिवारी ने स्वर्ण, आर्शी सिंह ने रजत, अंशिका खोखर व कौशिकी सिंह यादव (सभी उत्तर प्रदेश) ने कांस्य पदक जीते।

कैडेट बालक व्यक्तिगत पूमसे में आंध्र प्रदेश के जी.करुण्या संदीप ने स्वर्ण, दिल्ली के रोहन ने रजत एवं उत्तर प्रदेश के दक्ष प्रताप सिंह व अनिरूद्ध शुक्ला ने कांस्य पदक जीते। सब जूनियर बालक अंडर-25 किग्रा में अमन पाल ने स्वर्ण, अंश शर्मा ने रजत एवं अंश वर्मा व निखिल सोनी ने कांस्य (सभी उत्तर प्रदेश) पदक जीते। कैडेट बालक अंडर-148 सेमी. में उत्तर प्रदेश के अंकुश कुमार ने स्वर्ण, दिल्ली के रोहन ने रजत, उत्तर प्रदेश के रूद्र प्रताप व हरियाणा के पंकज ने कांस्य पदक जीता। कैडेट बालिका अंडर-156 सेमी. में हरियाणा की तनु ने स्वर्ण, उत्तर प्रदेश की आकांक्षा कुशवाहा ने रजत एवं उत्तर प्रदेश की पूर्णिमा मौर्या व नंदिनी ने कांस्य पदक जीते।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



फास्ट न्यूज

## भारतीय सेना पर देश और दुनिया को है गर्व : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

टीम एक्शन इंडिया

**भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पूरे देश और दुनिया को भारतीय सेवा पर गर्व है। बेहद अनुशासित इकाई के रूप में सेना ने अपनी विशेष पहचान बनाई है। अपनी क्षमता और योग्यता से दुनिया की कई चुनौतियों का समाधान कर भारतीय सेना ने कठिनतम समय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। देश को आजादी मिलने के समय विश्व के कई देश स्वतंत्र हुए लेकिन भारत आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में स्थापित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को फिटनेस-एकता और देश भक्ति के लिए "फिट इंडिया रन विथ इंडियन आर्मी" के आदर्श वाक्य के साथ भोपाल के द्रोणाचल में आयोजित आर्मी मैराथन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मैराथन विजेताओं को पुरस्कार वितरित भी किये। इस अवसर पर उत्साह और जोश से भरपूर भांगड़ा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। सेना के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को स्मृति चिन्ह भेंट किए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि सेना पर सभी भारतवासियों को गर्व है। भारतीय सेना का अनुशासन, सजकता, स्फूर्ति और तत्परता ही इस गौरव का आधार है। साहस और शक्ति से संपन्न भारतीय सेना ने हर राजनीतिक परिस्थिति में अपनी सीमा और अनुशासन में रहते हुए मूल भूमिका का निर्वहन किया और देश हित में श्रेष्ठतम योगदान दिया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सशक्त हो रहा है। प्रधानमंत्री का सीमा पर तैनात सेना के जवानों के साथ दिवाली मनाने की पहल सराहनीय है। उन्होंने इसकी निरंतरता बनाए रखने की अपील की और अधिक से अधिक लोगों से मैराथन में सहभागी होने का आह्वान किया।

## अब मोहल्लों तक पकड़ने लगा चुनाव प्रचार का जोर

टीम एक्शन इंडिया

**नैनीताल।** अब निकाय चुनाव प्रचार मोहल्लों तक जोर पकड़ने लगा है। नैनीताल नगर पालिका के चुनाव में अध्यक्ष पद पर मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस उमीदवारों के बीच है। उत्तराखंड क्रांति दल की उम्मीदवार लीला बोरा के साथ ही निर्दलीय दीपा मिश्रा, ममता जोशी व संध्या शर्मा भी मजबूती से चुनाव लड़ रहे हैं और खासकर भाजपा व कांग्रेस उम्मीदवारों की संभावनाओं को प्रभावित करते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा अब मोहल्लों में भी खासकर सभासद पद के उम्मीदवारों के प्रचार का चुनावी शोर सुनायी देने लगा है।

# एकता से ही अखंड रहेगा देश: सीएम योगी

## मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी अमृत स्नान की तैयारियों की समीक्षा के बाद मुख्यमंत्री ने की पत्रकार वार्ता

जिम्मेदारी

**▸▸ एकता और अखंडता का संदेश दे रहा महाकुम्भ, इसी संदेश के साथ हम सभी जुड़ रहे: सीएम**



टीम एक्शन इंडिया

**महाकुम्भनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रयागराज दौरे पर मौनी अमावस्या से पूर्व तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा के बाद पत्रकारों के साथ वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और दुनिया से बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकुम्भ आ रहे हैं। तमाम विदेशी श्रद्धालु भी संगम में स्नान कर अभिभूत नजर आ रहे थे। यूरोप से जुड़े कुछ पर्यटक मिलने आए थे और प्रयागराज की महिमा का जिस भाव से गान कर रहे थे, वह अभिभूत करने वाला था। वो हिंदी नहीं जानते, संस्कृत नहीं जानते, लेकिन हिंदी की चौपाई, संस्कृत के मंत्रों, अवधी की चौपाइयों को और सनातन धर्म से जुड़े स्त्रोत और मंत्रों को सस्वर गा रहे थे। मां गंगा और यहां के धामों के प्रति एक श्रद्धा का भाव उनमें देखने को मिल रहा था। यही तो प्रधानमंत्री जी का संदेश है। महाकुम्भ का एक ही संदेश, एकता से ही अखंड रहेगा यह देश। एकता और अखंडता के संदेश के साथ हम सभी जुड़ रहे हैं।

**एक करोड़ लोग महाकुम्भ में मौजूद**

सीएम योगी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि महाकुम्भ का आयोजन जिसके लिए प्रयागराज जाना जाता है, पूरी भव्यता के साथ आयोजित हो रहा है। महाकुम्भ के लिए प्रधानमंत्री जी ने जो विजन दिया है उसको स्थानीय स्तर पर लागू करने के लिए सभी लोग पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। इसके लिए आप सभी को धन्यवाद दूंगा कि प्रयागराज की छवि को एक सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाने का कार्य किया है। पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति के मुख्य स्नान संपन्न हो चुके हैं और अब मौनी अमावस्या 29 जनवरी और बसंत पंचमी 3 फरवरी को दो बड़े महास्नान होने हैं जो इस महाकुम्भ की शोभा भी हैं। 7 हजार से अधिक संस्थाएं अब तक यहां पर आ चुकी हैं। आज पूरे महाकुम्भ एरिया का एरियल सर्वे किया है। प्रात काल से संगम तट पर स्नान करने वालों और यहां रहने वाले कल्पवासियों के साथ ही अन्य संस्थाओं से जुड़े हुए लोगों की पूरी संख्या को यदि देखेंगे तो लगभग एक करोड़ से अधिक लोग यहां मौजूद हैं।

इतनी बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए पूरी तत्परता से यहां पर केंद्र और राज्य के सभी विभाग मिलकर कार्य कर रहे हैं। भव्य, दिव्य और डिजिटल कुम्भ की परिकल्पना को साकार करने के साथ ही श्रद्धालुओं की आस्था को सम्मान देते हुए आधुनिकता के साथ जोड़ने का कार्य हो रहा है।

### सकुशल संपन्न होंगे दोनों महास्नान : सीएम

**सीएम** योगी ने कहा कि इन्हीं सब मुद्दों को देखने के लिए बीच में यहां पर प्रदेश सरकार के चीफ सेक्रेट्री, डीजीपी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को यहां भेजा था। आज एक बार फिर हमने यह जानने की कोशिश की कि हम कितना कुछ आगे बढ़े हैं। 29 जनवरी और 3 फरवरी के महास्नान को ध्यान में रखते हुए पूरी व्यवस्था का अवलोकन किया है। मुझे पूरा विश्वास है कि भगवान प्रयागराज और मां गंगा की कृपा से हम लोग यहां पर इन दोनों स्नानों को सकुशल संपन्न करने में सफल होंगे।

उन्होंने कहा कि महाकुम्भ में प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और गृहमंत्री जी का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी इस समय महाकुम्भ के आयोजन से जुड़े हुए हैं। तमाम राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्रीगण लगातार यहां आ रहे है।

## महाकुम्भ दे रहा एकता का संदेश



आलोचना

**▸▸ नागालैंड का चांगलो, लेह का शोंडोल समेत 12 राज्यों के पवेलियन बने प्रतीक**

टीम एक्शन इंडिया

**महाकुम्भनगर:** महाकुम्भ के कैनवास पर देशभर की सांस्कृतिक विविधता का रंग चढ़ चुका है। संगम की रेत पर विभिन्न राज्यों के 12 शानदार पवेलियन सजकर तैयार हो गए हैं। उत्तर प्रदेश का महाकुम्भनगर देश का केंद्र बन गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से देश विदेश में जाकर मंत्रियों ने खुद निमंत्रण बांटे हैं, जिसका बड़ा व्यापक असर देखने को मिल रहा है। योगी सरकार के ऐतिहासिक प्रयास से एक जगह पर ही एक साथ सभी राज्यों की सांस्कृतिक समृद्धि साफ देखी जा सकती है। सेक्टर 7 यहां आपको नागालैंड का चांगलो, लेह का शोंडोल लोक नृत्य समेत दादरानगर हवेली, छत्तीसगढ़, गुजरात, एमपी, आंध्र प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान की संस्कृति का संगम देखने को मिलेगा।

**मध्य प्रदेश का आदिवासी भगोरिया नृत्य महाकुम्भ को बना रहा है और खास**

मध्य प्रदेश का पवेलियन इस बार जनजातीय भगोरिया नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। यह नृत्य आदिवासी समुदायों की होली से पूर्व मनाए जाने वाले भगोरिया उत्सव का हिस्सा है, जिसमें रंग-बिरंगे परिधान, ढोल-मजीरे की गूंज और युवाओं का गुलाल से खेलते हुए नृत्य महाकुम्भ को और भी खास बना रहा है।

### राजस्थानी खाने की धूम

**राजस्थान** का पवेलियन महाकुम्भ में अपनी ऐतिहासिक धरोहर को लेकर दर्शकों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां के पवेलियन में राजस्थान के प्रसिद्ध किले हवा महल, जयगढ़, चित्तौड़ किला और विजय स्तंभ की झलकियां दिखाई जा रही हैं। इसके अलावा यहां आने वाले श्रद्धालुओं की मेहमाननवाजी भी इस पवेलियन में खूब की जा रही है। जहां श्रद्धालुओं के लिए विशेष भोजन की व्यवस्था की गई है। जिसके लिए लोग कतार लगाकर भोजन का स्वाद लेते देखे जा सकते हैं। राजस्थान के लोक संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम 45 दिनों तक लगातार चलेंगे।

**छत्तीसगढ़ का छेरछेरा नृत्य महाकुम्भ के मंच पर बना रहा अपनी विशेष पहचान**

गुजरात का गरबा, आंध्र प्रदेश का कुचिपुड़ी, उत्तर प्रदेश का जोगिनी नृत्य, उत्तराखंड का छोलिया और छत्तीसगढ़ का छेरछेरा नृत्य महाकुम्भ के मंच पर अपनी विशेष पहचान बना रहे हैं। हर राज्य ने अपनी सांस्कृतिक धरोहर को अद्वितीय तरीके से प्रस्तुत किया है। दादरा नगर हवेली का मुखौटा नृत्य, नागालैंड का चांगलो और लेह लद्दाख का शोंडोल भी इस महाकुम्भ की सांस्कृतिक धारा में रंग भर रहे हैं।

## युवाओं के भविष्य से नही होने देंगे खिलवाड़: मुख्यमंत्री सुक्खू



टीम एक्शन इंडिया

**धर्मशाला:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को कांगड़ा जिला के नूरपुर दौरे के नशा माफिया को कड़ी देते हुए कहा कि वर्तमान राज्य सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ माह से पुलिस ने नशा तस्करों के विरुद्ध व्यापक अभियान आरम्भ किए हैं तथा इस अभियान के तहत नशा तस्करों की 11 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। रविवार को नूरपुर के जाछ में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नशा माफिया के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम को राज्य में लागू किया है, जो कि मादक पदार्थों की तस्करी के मामलों में लगातार शामिल अपराधियों को हिरासत में लेने में सक्षम बनाता है, जिससे सार्वजनिक हितों की रक्षा होती है। मुख्यमंत्री ने पूर्व भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकार, वर्तमान सरकार पर 75 हजार करोड़ रुपये का ऋण तथा कर्मचारियों की देनदारियों के 10 हजार करोड़ रुपये का बोझ छोड़ कर गई है। लेकिन वर्तमान राज्य सरकार व्यवस्था परिवर्तन के माध्यम से प्रदेश में लोगों को गुणात्मक सेवाएं प्रदान करने का प्रयास कर रही है। भाजपा ने संसाधन जुटाने के लिए कुछ नहीं किया और वह सुधार का विरोध कर रहे हैं, जबकि जनता राज्य सरकार के साथ मजबूती के साथ खड़ी है।

अभियान

**▸▸ पिछले कुछ माह से पुलिस ने नशा तस्करों के विरुद्ध व्यापक अभियान आरम्भ किए हैं**



सरोवरनगरी में इन दिनों मौसम पल-पल बादलों और सूर्यदेव के साथ लुका-छिपी का खेल खेलता हुआ लगातार बदल रहा है। रविवार को भी सुबह पूर्वी आसमान में बादलों की मौजूदगी के बीच धूप निकली तो इसके बाद पूरे-दिन धूप-छांव के बीच कई बार अच्छी धूप भी खिली, लेकिन बादलों की मौजूदगी पूरे दिन बनी रही।

## दलित विरोधी आआपा ने किया सबसे अधिक नुकसान: कांग्रेस

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी ने आम आदमी पार्टी (आआपा) को दलित विरोधी बताते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल जातिगत जनगणना के मुद्दे पर चुप हैं और उसके 11 राज्यसभा सदस्यों में एक भी एससी, एसटी व ओबीसी वर्ग से नहीं है। यह दिखाता है कि आआपा दलित विरोधी हैं।

रविवार को कांग्रेस नेता उदित राज ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

उदित राज ने कहा कि केजरीवाल ने हाल ही में पुजारियों और ग्रंथियों को वेतन देने की घोषणा की, लेकिन 314 बुद्ध विहार हैं, करीब 150 वाल्मीकि और रविदासी मंदिर हैं। ढेर सारे चर्च भी हैं तो इनके लिए ऐसी घोषणा क्यों नहीं की गई। कांग्रेस नेता राज ने कहा कि आआपा ने आंबेडकर की फोटो लगा रखी है, लेकिन जब इनके ही नेता राजेंद्र पाल गौतम ने 22 प्रतिज्ञाओं को दोहराया था, तो उनका इस्तीफा ले लिया गया था। दलित बच्चों की स्कॉलरशिप स्कीम के प्रचार में 5 करोड़ रुपये खर्च कर दिए। विभागों में लाखों पद खाली पड़े हुए हैं, लेकिन कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों को परमानेंट करने के बजाए निजीकरण कर उन्हें घर बैठा दिया।

## मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में किया रातापानी टाइगर रिजर्व का उल्लेख

टीम एक्शन इंडिया

**भोपाल:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम की 118वीं कड़ी में रविवार को मध्य प्रदेश में हाल ही में जुड़े रातापानी टाइगर रिजर्व का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति और विरासत आस-पास के पशु-पक्षियों के साथ स्नेह से रहना सिखाती है। देश में दो नए टाइगर रिजर्व की शुरूआत वनस्पति और जीव जगत के संबंधों को अधिक समृद्ध करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में बन रहे नए स्टार्टअप सेंटर्स के अंतर्गत देश के 7 शहरों में ग्वालियर का भी उल्लेख किया। उन्होंने स्टार्टअप इंडिया के 9 साल पूरे होने पर कहा कि स्टार्टअप कल्चर केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं हैं, अपितु इसका विस्तार टायर-2 और टायर-3 शहरों में भी हो रहा है। इन शहरों के स्टार्टअप में आधे से ज्यादा नेतृत्व बेटियां कर रही हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 118वें संस्करण का वाजपेई नगर ईदगाह हिल्स भोपाल स्थित योग केन्द्र में स्थानीय रहवासियों के साथ सुना।

समृद्ध

**▸▸ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वाजपेई नगर के रहवासियों के साथ सुनी "मन की बात"**




संकल्प — मेयर प्रत्याशी के नेतृत्व में हरिद्वार के चहुंमुखी विकास के साथ समस्याओं का निराकरण किया जाएगा

## कांग्रेस ने जारी किया 10 सूत्रीय चुनाव संकल्प पत्र

टीम एक्शन इंडिया

**हरिद्वार। कांग्रेस पार्टी** ने नगर निगम चुनाव के लिए आज अपना 10 सूत्रीय संकल्प पत्र जारी किया। संकल्प पत्र जारी करते हुए कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हरिद्वार को कॉरिडोर, नशा, अपराध मुक्त, मेडिकल कॉलेज और जिला महिला अस्पताल के निजीकरण के विरोध का संकल्प लेकर चुनावी मैदान में है। हरिद्वार में कांग्रेस का बोर्ड निर्वाचित होने पर कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी अमरेश देवी बालियान के नेतृत्व में हरिद्वार के चहुंमुखी विकास के साथ जनता की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। कांग्रेस के पूर्व दजार्धारी राज्य मंत्री डॉ. संजय पालीवाल ने उत्तराखंड राज्य निर्माण के बाद कांग्रेस द्वारा कराए गए विकास कार्यों को बताते हुए भाजपा से पूछा कि वे अपने कार्य बताएं। उन्होंने शहर की समस्याओं पर भाजपा की चुप्पी पर प्रश्न उठाए। स्वतंत्रता सेनानी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा जनता की भलाई के लिए कार्य किया है और हम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देंगे। पूर्व नगर पालिका चेयरमैन प्रदीप चौधरी ने कहा कि हरिद्वार को बचाना है तो कांग्रेस को वोट देना होगा। कॉरिडोर के नाम पर भाजपा व्यापारियों को उजाड़ने और हरिद्वार के धार्मिक स्वरूप को नष्ट करने की साजिश रची जा रही है।



वादे

**▸▸ कॉरिडोर के नाम पर भाजपा व्यापारियों को उजाड़ने और हरिद्वार के स्वरूप को नष्ट करने की साजिश रची जा रही**